वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला का पुष्प नं. 209

# श्री महावीर स्तोत्र

*(महावीरज्योतिः टीका समन्वित)*

*-: स्तोत्र रचयित्री :-*

पूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी

*-: महावीरज्योतिः संस्कृत टीका एवं हिन्दी अनुवादकर्त्री :-*

प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी

भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा) में 'कुण्डलपुर महोत्सव' एवं पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के ७०वें जन्मजयंती समारोह के अवसर पर प्रकाशित

**-प्रकाशक-**

**दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान**

**जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.**

फोन नं.- (01233) 280184, 280236

**वीर निर्वाण संवत् 2529**

| प्रथम संस्करण | शरदपूर्णिमा | मूल्य |
| --- | --- | --- |
| 1100 प्रतियाँ | 10 अक्टूबर 2003 | 30/- |

## दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान द्वारा संचालित

### वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला में दिगम्बर जैन आर्षमार्ग का पोषण करने वाले हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत, कन्नड़, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं के न्याय, सिद्धान्त, अध्यात्म, भूगोल-खगोल, व्याकरण आदि विषयों पर लघु एवं वृहद् ग्रंथों का मूल एवं अनुवाद सहित प्रकाशन होता है। समय-समय पर धार्मिक लोकोपयोगी लघु पुस्तिकाएं भी प्रकाशित होती रहती हैं।

*-: संस्थापिका एवं प्रेरणास्रोत :-*

**परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी**

*-: मार्गदर्शन :-*

**प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी**

*-: निर्देशन :-*

**धर्मदिवाकर पीठाधीश क्षुल्लकरत्न श्री मोतीसागर जी महाराज**

*-: सम्पादक :-*

**कर्मयोगी ब्र. रवीन्द्र कुमार जैन**

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

**कम्पोजिंग-ज्ञानमती नेटवर्क**

**जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.**

# सम्पादकीय

पूज्य आर्यिकारत्न-गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा प्रणीत महावीर स्तोत्र काव्य को प्रकाशित करते हुए अत्यन्त हर्षानुभूति हो रही है। काव्य संस्कृत में हैं अतएव प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी ने उसकी संस्कृत एवं हिन्दी टीका को लिखकर इसे सर्वजनबोधगम्य बना दिया है।

भगवान् महावीर के २६००वें जन्मकल्याणक महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत हो रहे उनकी जन्मभूमि कुण्डलपुर के विकास काल में तो इस कृति का प्रस्तुतीकरण और भी अधिक प्रासंगिक एवं उपयोगी हो गया है।

इसके माध्यम से हमें भगवान महावीर के गुणों का स्मरण एवं कीर्तन कर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात् करने का अभ्यास करना है।

पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माता जी ने जिस प्रकार विश्वशान्ति महावीर विधान की रचनाकर जन-जन को भगवान् महावीर के गुणों से वायुमंडल एवं भौतिक वातावरण की शुद्धि के लिए तारस्वर से उच्चारित मंत्रों द्वारा वायुमण्डल में प्रसारित करने का सौभाग्य प्रदान किया है उसी प्रकार यह महावीर स्तोत्र भी भक्तों को भगवान् महावीर के गुणों को अपने अन्तस्तल सें उतारने का अवसर प्रदान करेगा।

बहुत काल से विच्छिन्न संस्कृत-स्तोत्र काव्यधारा में इस स्तोत्र का उदय संस्कृतप्रेमी भक्तों के चित्त को आल्हादित करेगा तथा संस्कृत स्तुति काव्य निर्माण की परम्परा को पुनर्जीवन प्रदान करेगा।

निःसन्देह संस्कृत एक शास्त्रीय भाषा है। जैनागम ग्रंथ अधिकांशतः इसी में उपलब्ध है। इस भाषा में ग्रथित वाङ्मय सार्वकालिक सार्वदेशिक सार्वजनिक एवं स्थायी महत्त्व का होता है। संस्कृत भाषा एक प्राचीन एवं साहित्य रचना का स्थायी माध्यम है, अतः इस भाषा को अपनी प्राचीन स्थिति में प्रतिष्ठापित करने के लिए पूज्यमाताजी का इस स्तुति काव्य का संस्कृत में प्रणयन एक-बहुत ही श्लाघनीय एवं आवश्यकतानुरूप उपक्रम है।

वीर ज्ञानोदय ग्रंथमाला से संस्कृत वाङ्मय का प्रकाशन प्रचुर संख्या में



हुआ है। उसी श्रृंखला में यह श्री महावीर स्तोत्र ग्रंथमाला की छवि को और अधिक समुज्ज्वल करेगा।

ग्रंथमाला गणिनीप्रमुख माता ज्ञानमतीजी के प्रति अत्यन्त आभारी है जिन्होंने भगवान महावीर स्तोत्र की रचना कर ग्रंथमाला को संस्कृत भारती की सेवा का शुभावसर प्रदान किया है।

पूज्य प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी के भी हम आभारी है जिन्होंने संस्कृत में रचित स्तोत्र की सरल संस्कृत एवं हिन्दी भाषा में टीका कर स्तुति के अन्तर्निहित भाव तत्त्व को जन-जन के लिए बोधगम्य बनाने का स्पृहणीय कार्य किया है।

आशा है यह स्तोत्र काव्य जन-जन में लोकप्रिय होकर भगवान् महावीर की गुण-महिमा के प्रसारण में उपयोगी सिद्ध होगा।

**µकर्मयोगी ब्र. रवीन्व्क्ष्कुमार जैन**
**ग्रंथमाला संपादक**

*आभार*

**भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा) में आयोजित ''कुण्डलपुर महोत्सव'' (८ से १० अक्टूबर २००३ तक) के अन्तर्गत पूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी के ७०वें जन्मजयंती समारोह के शुभ अवसर पर इस ''महावीरस्तोत्र'' टीका ग्रंथ का प्रकाशन हुआ।**

**ज्ञान पचीसी व्रत के उद्यापन के उपलक्ष्य में ब्र. कु. आस्था जैन सुपुत्री श्री प्रेमचंद जैन, बहराइच (उ.प्र.) ने 'महावीर स्तोत्र' के प्रकाशन में आर्थिक सहयोग प्रदान कर ज्ञानदान का लाभ प्राप्त किया है। इसके लिए दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान उनका आभार प्रकट करता है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।**

*-सम्पादक*

# प्रस्तावना

## *श्रीमद्वादीभसिंहसूरिणा क्षत्रचूड़ामणौ उक्तम्*

**यद्भक्तिः शुल्कतामेति मुक्तिकन्याकरग्रहे।**

एवमादिभिः सूक्तिभिः प्रेरिताः मुमुक्षवो भगवद्भक्तिं प्रति समाकृष्टाः भवन्ति। तीर्थंकरप्रकृतेर्बन्धस्य कारणभूतासु षोडशकारणभावनास्वपि अर्हदाचार्योपाध्याय-साध्वादीनां भक्तिरावश्यकतत्त्वरुपेण मता।

स्वाराध्यं प्रति भक्तेरभिव्यक्तिः विविधरूपैर्दृश्यते। भक्तिरसमग्नाः केचिद्भगवद्भक्ताः गायन्तो नृत्यंतो रुदन्तोऽपि दृश्यन्ते।

कवयः स्वकाव्येषु स्तोत्ररूपेण भगवतोः माहात्म्यं प्रकटीकृत्य स्वभक्तिभावं प्रदर्श्य स्वात्मोद्धाराय तं याचन्ते। कुत्रचित्तु स्तोत्रेषु वीतरागिणमपि भगवन्तं लौकिकसुखप्रदानक्षमं चमत्कारकारिणं च मत्वा भैतिकलाभाय याचना क्रियते।

परन्तु जैनदर्शने स्वाराध्यं पतितपावनमुद्धारकर्तारं च मत्त्वा तस्य स्तुतिः निष्कामभावेन विधीयते। वस्तुतस्तु भौतिकलाभयाचना, यदि कुत्रचिदस्ति व्यवहारनयेनैव। स्वेष्टस्य शक्तिप्रदर्शनं प्रमुखं कारणं तत्र। तं सर्वशक्तिमन्तं मत्वा तस्मिन् कृत्रिम-कर्तृत्वं समारोप्यते भक्त्यावेशवशात्।

संस्कृतजैनस्तोत्रपरम्परा अतीव प्राचीना विशाला चास्ति। भक्तकविभिः स्वाराध यस्य भक्तौ विविधानि स्तोत्राणि विरचितानि। परन्त्वत्र विस्तारभयान्न लघूनामप्रसिद्धस्तोत्राणां नामान्यप्युल्लिख्यन्ते। केवलं महत्त्वपूर्ण-स्तोत्रकाव्यनामेवैतिहासिकविकासक्रमे विहङ्गमदृष्टिर्क्षिप्यते।

जैनस्तोत्राणां रचना प्राकृतसंस्कृतद्वयोर्भाषायामुपलभ्यते। परम्परया मन्यते यत् भगवतो महावीरस्य केवलज्ञानप्राप्तेः पश्चादपि दिव्यध्वनिरूपेण तस्य धर्मोपदेशो न प्रारब्धः। चिन्तातुर-इन्द्रो विद्यार्थिरूपेण तत्कालीन-उद्भट-विदुषः इन्द्रभूतेः



समीपं गतः। तं च कतिचित् प्रश्नानपृच्छत्। प्रश्नानामुत्तरं प्रदातुमसमर्थो भूत्वा इन्द्रभूतिरकथयत् यदहं त्वया सह शास्त्रार्थं न करोमि, त्वद्गुरोः समीपं गत्वैव शास्त्रार्थं करिष्यामि। इत्थं यदा इन्द्रभूतिः महावीरसमक्षमायातस्तदा सः ''जयति भगवान् हेमाम्भोज.....।' नाम्नः स्तोत्रस्य पाठं कुर्वन् तस्मै नमस्कारमकरोत्।

पुनः संस्कृतभाषायां विक्रमस्य द्वितीयशताब्द्यां समुत्पन्नस्य आचार्यसमन्तभद्रस्य स्तोत्रकाव्यान्युपलभ्यन्ते। अस्य स्वयंभूस्तोत्रं देवागमस्तोत्रं युक्त्यनुशासनं जिनशतकालंकारश्च स्तोत्रकाव्यग्रन्थाः सन्ति।

जिनशतकालंकारस्यापरनाम स्तुतिविद्याप्यस्ति स्वयंभूस्तोत्रे चतुर्विंशतितीर्थंकराणां स्तुतिरस्ति। अस्मिन् १४२ पद्यानि सन्ति।

देवागमस्तोत्रे मीमांसारूपेण सर्वज्ञस्य वीरस्य सर्वोदयतीर्थस्य प्रतिपादनमस्ति।

समन्तभद्रस्य चत्वार्येव स्तुतिकाव्यानि भाव-भाषादृष्ट्या, तर्कदृष्ट्या च महत्त्वपूर्णानि शंसास्यदानि च सन्ति। विक्रमस्य पंचमशताब्द्यां सिद्धसेन-दिवाकरः द्वात्रिंशिकानां रचनामकरोत्। त्रिंशिका स्तुतरेव नामान्तरमस्ति। द्वात्रिंशिकासु षडेव त्रिंशिकाः भगवत्स्तुतिसम्बन्धिन्याः सन्ति। द्वात्रिंशिकासु एकविंशतिरेवा धुना उपलभ्यन्ते।

विक्रमस्य षष्ठशताब्द्यां देवनंदि-पूज्यपादः सिद्ध-श्रुत-चारित्र-योग-शान्ति-समाधिमरण नन्दीश्वर-निर्वाण-आचार-पंचगुरु- चैत्य-तीर्थभक्तीरवलम्ब्य स्तोत्ररचनाः कृतवान्।

ईशवीयषष्ठशताब्द्यां पात्रकेसरी जिनेन्द्रगुणस्तुतिपरकं पात्रकेसरीस्तोत्रमरचयत्।

विक्रमस्य सप्तमशताब्द्यां मानतुंगाचार्यो भक्तामरस्तोत्रं रचितवान्। स्तोत्रमिदं दिगम्बर-श्वेताम्बरयोरुभयोरपि संप्रदाययोः मान्यतां प्राप्नोति। प्रायः अस्य पाठः प्रतिगृहं नियमेन क्रियते।

अष्टमशताब्द्यां समुम्पन्नः बप्पमट्टिः सरस्वती-वीर-शक्ति चतुर्विंश- स्तोत्राणां

रचनामकरोत्। नवमशताब्द्यां आचार्य-विद्यानन्दस्य-श्रीपुरपार्श्वनाथ स्तोत्रमतीव महत्त्वपूर्णं लोकप्रियं चास्ति।

ईशवीयअष्टम शताब्द्यां कविर्धनञ्जयः विषापहारस्तोत्रमरचयत्। नवमशताब्द्यां जिनसेनद्वितीयो जिनसहस्रनामस्तोत्रस्य रचनामकरोत्। एकादशशताब्द्यां धनपालकवेः अनुजबन्धु शोभनमुनिः चतुर्विंशतिजिनस्तुतिमलिखत्। अस्यायेव शताब्द्यां वादिराजसूरिः ज्ञानलोचनस्तोत्रं एकीभावस्तोत्रमिति द्वयोः स्तोत्रकाव्ययोः रचनामकरोत्। भूपालकवेः जिनचतुर्विंशिकापि एकं प्रसिद्धं स्तोत्रमस्ति। द्वादशशताब्द्यां आचार्य हेमचन्द्रो वीतरागस्तोत्रं, महावीरस्तोत्रं, महादेवस्तोत्र च स्तोत्रत्रयं लिखितवान्। त्रयोदशशताब्द्यां पण्डित-आशाधरः सिद्धगुणस्तोत्रं रचितवान्। एतस्यामेव शताब्द्यां रामचन्द्रः आदिदेवस्तोत्रं अजित-शान्तिस्तोत्रं-मुनिसुव्रतस्तोत्रं नमिस्तवं जिनस्तोत्रं पञ्चकल्याणस्तवं ऋषभ जिनस्तुतिरिति बहूनां स्तोत्राणां रचनामकरोत।

स्तोत्ररचनाया दृष्ट्या कालोऽयमत्यन्तमेव समृद्धोऽस्ति।

कुमुदचन्द्रस्य कल्याणमन्दिरस्तोत्रमतीवलोकप्रियतामलभत।

पद्मनन्दि-भट्टारक-वस्तुपालादयोऽपि कवयः स्वरचितस्तोत्रमाध्यमेन जिनेन्द्रभक्ति प्रदर्शितवन्तः।

द्वादशशताब्द्यवमेव जिनप्रभसूरिः सिद्धांतागमस्तोत्रं पार्श्वस्तवं प्रभृतीनि बहूनि स्तोत्राण्यलिखत्।

चतुर्दशशताब्द्यां जयतिलकः हारावली चित्रस्तोत्रमरचयत्। चतुर्दश शताब्द्या मुनिसुन्दरः जिनस्तोत्रकाव्यं, सोमतिलकः वीरस्तोत्रं चतुर्विंशति-जिन-स्तवं चालिखत्। संस्कृत प्राचीनस्तवनसन्दोहे जैनस्तोत्रसमुच्चये च बहूनां स्तोत्राणां संकलनमस्ति। जिज्ञासुमिस्तद्द्वयं दृष्टव्यम्।

अस्यामेव स्तोत्ररचनापरम्परायां प्रस्तुतमस्तीदं श्रीमहावीरस्तोत्रनामकाव्यम्



इदं विंशतिशताब्द्यां सस्कृतभाषायां लिखितमत्यन्तमेव महत्त्वपूर्णम्। जैनार्यिकारत्न गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमाता विरचितस्यास्य स्तोत्रकाव्यविषये विशेषरूपेणोल्लेखनीयं वर्तते यदियं माताज्ञानमती एकैवमहिलाकवयित्री संस्कृतभाषायां सर्वप्रथमं स्तोत्ररचनामकरोत्। स्तोत्रस्यास्य विषये एतदप्युल्लेखनीयमस्ति यदाधुनिककाले प्रचलित-जन्मदिवसानामायोजनप्रथामुल्लं- घ्य माताश्रीज्ञानमती स्वप्रत्येकजन्मदिवसे स्वरचितनूतनसाहित्यप्रसूनेन वाग्देवीं जिनवाणीमर्चयति। अस्यामनुपमजन्मदिवसायोजनश्रृंखलायामेव मात्रा श्रीज्ञानमत्या स्वषट्त्रिंशत्तमे जन्मदिवसे अनेन षट्त्रिंशत्पद्यात्मकेन स्तुतिपुष्पस्तवकेन सरस्वत्याः ग्रन्थभण्डारस्य श्रीवृद्धिःकृता।

सर्वे जानन्त्येव यन्माता ज्ञानमती विंशतितमशताब्द्याः एका सर्वोत्तमा लोकप्रिया जैन- साध्वी-गणिनी वर्तते। स्वामि-समन्तभद्रेणोक्तं तपस्विलक्षणमनुसृत्य सा सर्वारम्भ-परिग्रहरहिता, ज्ञानध्यानतपोरक्ता तपस्विनी तु वर्तत्येव साधोरष्टविंशतिमूलगुणधारणमर्यादायां दृढ़तया तिष्ठन्त्यपि जैनसंस्कृतिमुन्नययितुं सततमेव कृतप्रयत्ना विद्यते। श्रीशान्ति-कुन्थु-अरजिनेन्द्राणां गर्भजन्मभूमेर्हस्तिनापुरस्य महिम्नो गरिम्णश्च विशेषतया बृद्धयर्थं तत्क्षेत्रं सर्वेषामेवाकर्षणकेन्द्ररूपेण स्थापयितुं तत्प्रेरणया तत्र जम्बूद्वीपनाम्नी विशाल-सुरम्यनवतीर्थभूमिर्निर्मिता। तत्रत्य-सुषमामवलोक्य एतत् प्रतीयते यत् प्रकृतिदेव्यत्र स्वोन्मुक्तं-नृत्यं कुर्वन्ती जनानां चेतांसि मोहयति। शिशूनां युवकानां च चेतोहरसाधनानि तत्र विनिर्मितानि। मातुः प्रेरणया संस्थापितं श्रीदि. जैनत्रिलोक शोधसंस्थानं संस्कृते समुद्धाराय बहुप्रशंसनीयानि कार्याणि करोति। संस्थया स्थापितया वीरज्ञानोदय ग्रन्थमालया जैनसाहित्यस्य प्रकाशनस्य प्रशस्तं कार्यं विधीयते। एवमेव-अयोध्यानगरस्यापि मातुः प्रेरणया जिनशासनमहिमानामुद् घोषयितुं कायाकल्प एव जातः। प्रयागराजे च भगवत आदिजिनेश्वरस्य

तपःस्थलरूपेण नवतीर्थोदयो जातः। यत्र जैनत्वस्य किञ्चिदपि नासीत् तत्राद्य प्रतिदिनं दर्शनार्थिनां प्रचुरसंख्या दृश्यते। एवमेवान्यान्यपि कार्याणि सन्ति। सर्वमेतन्मातुः ज्ञानमत्याः प्रेरणाया प्रसादः।

साहित्यिकक्षेत्रे मात्रा यद्योगदानं कृतं तद्वर्णनक्षमाः शब्दाः न विद्यन्ते। कोऽजानात् यत् भारते-उत्तरप्रदेशस्य बाराबंकीनामजनपदस्यान्तर्गते टिकैतनगरे ग्रामे श्री छोटेलालमहोदयस्य पत्न्याः मोहिन्याः कुक्षेः चतुस्त्रिंशद धिक-एकोनविंशतिशततमस्य वर्षस्य 'अक्टूबर' मासस्य द्वाविंशतितिथौ जाता 'मैना' नामपुत्री अग्रेगत्वा एकोनविंशतिशततमस्य षट्पंचाशत्तमे वर्षे राजस्थानप्रान्ते माधोराजपुरानामग्रामे चारित्रचक्रवर्तिश्रीशान्तिसागरस्य शिष्यस्यश्रीवीरसागराचार्यस्य पादमूले जैनार्यिका दीक्षामंगीकृत्य जैनार्यिकारत्न-गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमाता नामतः स्वकर्मभिः सम्पूर्णमेव जैनजगत् प्रभावयिष्यति। शतद्वयादप्यधिकानां च ग्रन्थानां सर्जनं करिष्यति। यद्यपि बाल्यकाले स्थानीयविद्यालये तदीयाशिक्षा स्वल्पैवाभूत् तथापि स्वाध्यायतपोबलात् सेयं विद्वच्छिरोमणि जाता। जैन-जैनेतरशास्त्रेषु तदीयोऽनन्योऽधिकारो वर्तते।

सा कुशला लेखिका, सुकवियित्री च वर्तते। तदीयरचनाः जैनवाङ्मयस्य सर्वाःविधाः स्पृशन्ति। अष्टसहस्त्रीसदृशाः कठिनाः ग्रन्थाः अपि तदीयानुवाद कौशलेन सुबोधाः प्रतीयन्ते। तदीयरचिताः इन्द्रध्वज-सर्वतोभद्र-विश्वशान्ति-महावीर विधानानि जैनमन्दिरेषु विधानकर्तृणां जिनेन्द्रभक्ति-भावनाः सम्यापोषयन्ति। दिल्लीराजधान्याः 'लालकिला' नाम्नो भवनस्य पृष्ठभागे विशालप्राङ्गणे सम्पन्न कल्पद्रुम- विधाने स्थितानां सहस्रादप्यधिकानां भक्तानां मुखैर्युगपदुच्चरिताना-मर्घ्यमंत्राणां प्रतिध्वनिरद्यपि भक्तानां कर्णकुहरेषु गुञ्जायमाना तिष्ठति।

भगवतो महावीरस्य षड्विंशतिशततमे जन्म-महोत्सववर्षे आयोजनार्थ प्रस्तुतस्य विश्वशान्तिमहावीरविधानस्य चर्चाः साम्प्रतं सर्वत्र श्रूयते। एतदपि विधानं जैन



संस्कृतौ अपूर्वमेव संपत्स्यते।। तस्मिन् विधाने षड्विंशतिशतप्रमाणैरर्घ्यैर्भगवतो महावीरस्य षड्विंशातिशतगुणानां मंत्राः वायुमण्डले गुंजायमानाः भविष्यंति। किं बहुना, मात्रा श्रीज्ञानमत्या रचितेयं श्रीवीरनाथस्तुतिः काव्यदृष्ट्या अत्यन्तमेव महत्त्वपूर्णरचना विद्यते। यदि भावपक्ष-कलापक्षोभयोरपि दृष्ट्या अस्याः मूल्यांकनं क्रियते तु इदं कथनं नातिशयोक्तिपूर्णमस्ति यन्मातुर्ज्ञानमत्याः कृतिरियं संस्कृतजैनस्तोत्रकाव्यस्य बहुमूल्यमणिरस्ति। आद्यंतं शान्तरसेन परिपूर्णेयं रचना स्तुतिपाठकानां चेतांसि प्रभुभक्त्यापगायां स्नानेन निर्मलानि विदधाति। प्रभोर्महावीरस्य माहात्म्यं तदीयान्तरंग-विभूतीनां च वर्णनं अत्यन्तमेव मनोहरमस्ति।

अस्मिन् महावीरस्तोत्रे भावपक्षरूपशरीरमत्यन्तमेव सौन्दर्यशालि स्तोत्रकाव्योचित लक्षणसमुपेतं च। जैनदर्शने भक्तः स्वाराध्यं प्रति सदैव विनम्रस्तद्गुणप्रभावितश्च भवति। जैनेतरभक्ताः स्वकाव्येषु स्वाराध्यं प्रसन्नीकृत्य तत्प्रसादात भौतिकलाभ-मिच्छन्ति। परन्तु रागद्वेषरहितो भगवान् चाटुकारितया न तु प्रसन्नो भवति न खिन्नः। भक्ताः स्वपुण्यपापफलैरेव तदनुरूपं फलं लभन्ते। न तु ईश्वरेच्छया।

अस्मिन्स्तोत्रे कवयित्री स्वाराध्य-भगवन्तं महावीरमनन्तगुणसंयुक्तं सर्वजनकल्याणमार्ग प्रदर्शकं च मत्त्वा पुनः पुनः तं प्रति विनयभावं दर्शयति। तस्याः स्तुतौ आराध्य गुणवर्णने काप्यतिशयोक्तिर्न वर्तते। यतः अतिशयोक्तेस्तु तत्रैवाश्यकतानुभूयते यत्रः गुणानामल्पता भवेत्। भगवान् महावीरस्तु सकलभव्य जनहितंकर सन्मतेः प्रदाता चास्ति। तस्य गुणराशिप्रभाविताः सर्वे इन्द्र-खगेन्द्र-नरेन्द्र-मुनीन्द्र-गणीन्द्रादयः- तं सादरं प्रणमन्ति। सः प्राणिनां तापान् कलुषान् च अपहरणक्षमः। सः पावापुरे त्रियोगान्निरुध्य अनन्तसुखधाम मोक्षं भेजे। सः शरणागतभक्तानां मोहादि-दुर्गुणव्याधीनां तथैव नाशको यथा भिषक् रूजं दूरोकरोति। दुःखाम्बुधौ पतितेभ्यो जनेभ्यः सोऽवलम्बनं दत्त्वा तद्दुःखानि निवारयति। स विजितेन्द्रियः भ्राजिष्णुर्विजिष्णुश्चास्ति। सच्चिदानन्दमयो

भगवान् परंब्रह्मास्ति। त्रिविधैर्बोधैर्युतः सः निर्मलात्मा तीर्थंकरपदस्थोऽस्ति।

एवंभूतः सर्वगुणसंपन्नो भगवान् चतुर्गतिषु भ्रान्त्वा दुःखपात्रं जगत्प्राणिनं दुःखेभ्यो रक्षति।

कवयित्री कथयति हे भगवान् ! मत्सदृशजगत्प्राणिनामुद्धारं कृत्वा तेभ्यः सन्मतिं ददातु। मया यान्यपि पुण्यानि कृतानि तेषां फलरूपेण मरणसमये मम समाधिर्भवतु। ममैतत्सौभाग्यमस्ति यन्मया भवतोऽनेकान्तरूपो धर्मः प्राप्तः। अहं पुनः पुनः करौ बद्ध्वा याचे यन्मरणसमये मम समाधिर्भवतु, तव नामजपतश्च मम कण्ठः कुण्ठितो न भूयात्। मया चतुर्गतिषु महद्दुःखं प्राप्तम्। इदमेव कारणमस्ति यदहमधुना तव शरणमागतः। मम चेतसि निश्चयोऽस्ति यत्तव नाममंत्रो मम मोहजनितां मूर्छां तथैव हरिष्यति यथा भिषग् मंत्रैः सर्पस्य विषम्। भवता ध्यानमहाग्नौ स्वशरीरं दग्ध्वा सिद्धत्वं प्राप्तम्। भवतःकरुणादृष्टिः यमोपरि भवेत्। धर्मवृद्धिकरं भवतः शासनं जयतु।

कवयित्री सर्वानेव सिद्धपदप्राप्तान् जिनान् स्व त्रिकालशुध्यै नमति। विदेहस्था अपि जिनेन्द्राः मह्यं बुद्धिं ददतु वीरनाथस्तुतिः काव्यमिदं भावपक्षरूपेणातीव मनोहरं जिनभक्त्यानुरूपं च। काव्ये भक्तिप्रतिपादनशैली भक्तानां हृदयानि स्पृशति तेषु च देवं प्रति संम्पूर्णतया समर्पणभावं जनयति।

कलापक्षात्मकसौन्दर्य नितरामेव चमत्कारि वर्तते। बसन्ततिलका- शिखरिणी द्रुतविलम्बित-मन्दाक्रान्ता-भुजंगप्रयात-पृथ्वी-आर्यादिछन्दसु ग्रथितेयं वाक्सृष्टिः छन्दःपरिवर्तनमाध्यममेन भक्तानां चित्तमाह्लादयति। माधुर्य-प्रसाद-ओजसां काव्यगुणानां समावेशेन काव्यमतीवोत्कर्षवदभवत्। समासशैलीमालिंगिता व्यासशैली काव्यभावान् विशदान् कर्तुमतीवक्षमा। अनुप्रासोपमारूपकोत्प्रेक्षादीपकोदार सारादीनामलङ्काराणां समावेशेन काव्यशरीरमतीवशोभातिशयं प्राप्तवत्। 'विष्णु' भ्राजिष्णु-भविष्णु-सहिष्णु प्रभृतीनां पदानां प्रयोगाश्चेतश्चमत्कुर्वन्ति। तथैव



दात्रे, प्रदात्रे, हर्त्रे, हंर्त्रे, वेत्रे प्रभृतिनां चतुर्थ्यन्तपदानां प्रयोगैः काव्यसौन्दर्यमतीव चेतोहरं जातम्। समस्तपदानां प्रयोगैरपि काव्यस्य भावतत्त्वं निरन्तरं स्पष्टतरं करोति। स्तुतिपाठकाः कुत्रापि अर्थकाठिन्यं नानुभवंति केचिद् वैयाकरणाः काव्येऽस्मिन्नपाणिनीयान् प्रयोगान् दृष्ट्वा शंकिताः स्युः। शंकासमाधानार्थं तैः कातन्त्रव्याकरणं दृष्टव्यम्।

काव्यस्यास्य संस्कृत-हिन्दी टीकाकर्त्री प्रज्ञाश्रमणी माताचन्दनामती काव्यरचयित्र्याः मातुज्ञानमत्याः सांसारिकपक्षेण लघुभगिनी, साधुत्वपक्षेण च तच्छिष्या वर्तते। उत्तरभारतवासिनां कृते स्तुतेः हिन्दी भाषया, उत्तरभारतेतरपाठकानां कृते च संस्कृतभाषया अनुवादो महदुपयोगी वर्तते। द्वयोरेवभाषयोरनुवादोऽत्यन्तमेव वैदुष्यपूर्णः। काव्यस्थभावतत्त्वं च विशदयितु-मुपयुक्तोऽस्ति। अनुवादकर्त्री माता चन्दनामती उच्चस्तरीया साधिका, विदुषी, लेखिका, कवयित्री, मधुरगायिका, वाक्पट्वी प्रवचनकुशला चास्ति। तया रचितानि द्विशतादप्यधिकानि भक्तिगीतानि सन्ति। सा मधुरकण्ठी अस्ति तस्या गीतानि श्रुत्वा श्रोतारो मंत्रमुग्धा भवन्ति। हिन्दी संस्कृत-प्राकृत-अंग्रेजी भाषासु सा साधिकारं लिखति। वीरनाथस्तुतेरुभयो भाषियोरनुवादः शीघ्रमेव लोकप्रियो भविष्यति। ज्ञान-ध्यानपरायणं तदीयव्यक्तित्वं सदैव स्तुत्यं नमस्करणीयं चास्ति।

संघस्थो हस्तिनापुरस्थ-जम्बूद्वीपपीठाधीशो क्षुल्लको मोतीसागरोऽपि नमस्करणीय एवास्ति। तदीयप्रेरणाभिरेव स्तुतेः प्रकाशनकार्यं शीघ्रतां प्राप्नोत्। तस्य योगदानं सदैव स्मरणीयं।

आशारित्त यदियं वीरनाथस्तुतिः लोकप्रियो भविष्यति। जनान् भगवद्भक्तिं च चेरयिष्यति।

**अक्टूबर २००१** **-डा. प्रकाशचन्द जैन**
**साहिबाबाद (उ.प्र.)**

*परम पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का*

# मंगल आशीर्वाद

**''नमः श्री पुरुदेवाय धर्मतीर्थ प्रवर्तिने।**

**सर्वाः विद्याकला, यस्मादाविर्भूता महीतले।।''**

देव, शास्त्र, गुरु की भक्ति में प्रयुक्त किए गए शब्द निश्चित ही लेखन शक्ति को विकसित करने में कारण होते हैं। अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए जितना दूसरों को ज्ञान दिया जाएगा उतना अधिक ज्ञान बढ़ेगा और जितना भगवान की भक्ति में, गुरु की भक्ति में लिखा जाएगा उतना ही ज्ञान बढ़ता जाएगा।

आर्यिका चंदनामती जी ने कातन्त्र व्याकरण पढ़कर उसका उपयोग करते हुए मेरी प्रेरणा से मेरे द्वारा रचित श्री महावीर स्तोत्र' पर संस्कृत एवं हिन्दी टीका लिखी है। उन्होंने संस्कृत में पूजन एवं स्तुतियां भी लिखी हैं, लेकिन संस्कृत टीका प्रथम बार लिखी है। सुन्दर, सरल भाषा में लिखी गई यह टीका उनके ज्ञान को वृद्धिंगत करे।

इनकी तीव्र बुद्धि होने से बचपन से ही ये अनेकों भजन, पूजन, चालीसा आदि की रचना करती रही हैं। मेरे द्वारा लिखित षट्खण्डागम की संस्कृत टीका का हिन्दी अनुवाद भी वे वर्तमान में कर रही हैं। माँ मोहिनी के धर्म के संस्कार इन्हें विरासत में मिले हैं जिन्होंने दूध पिलाने के साथ-साथ धर्मरूपी अमृत की घूंटी का पान कराया था।

आर्यिका चंदनामती जी की अंग्रेजी भाषा में भी विशेष रुचि है। इन्होंने कई एक भजन एवं पूजाएं इंगलिश में भी रची हैं। आत्म विशुद्धि और क्षयोपशम की वृद्धि ज्ञान के द्वारा ही होती है। छहढाला में लिखा है-

**''ज्ञान समान न आन जगत में सुख को कारन, इह परमातृम जन्म जरा मृत रोग निवारन,**
**कोटि जन्म तप तपै ज्ञान बिन कर्म झरे जे, ज्ञानी के छिनमाहिं त्रिगुप्ति ते सहज टरें ते।।''**

भगवान महावीर स्वामी के शासन काल में उनके गुणों का गान संस्कृत, हिन्दी के माध्यम से किया गया है। विद्वज्जन सरल संस्कृत टीका को एवं साधारण जन हिन्दी टीका को पढ़कर ज्ञान प्राप्त करें। सभी पाठकगण इस पुस्तक को पढ़कर भगवान की भक्ति करते हुए भगवान महावीर स्वामी के वास्तविक जीवन से परिचित हों, और कर्मों की निर्जरा करते हुए पुण्य अर्जित करें यह मंगल आशीर्वाद है।

आर्यिका चंदनामती इसी तरह से अपने ज्ञान का उपयोग करते हुए, शुभोपयोग में लगाती रहें। जिनधर्म, जिनागम की प्रभावना करती रहें और एक दिन कर्मों को नष्ट कर मोक्षमार्ग को प्रशस्त करे यही उनके लिए मेरा मंगल आशीर्वाद है।



## श्री महावीरस्तोत्र की रचयित्री परमपूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का

# *जीवन परिचय*

संघस्थ-ब्र. कु. बीना जैन (संघस्थ)

**''तू धरती पर सरस्वती अवतार है,**
**तुझमें सारा भरा ज्ञान भण्डार है।**
**पर उपकार तेरे जीवन का सार है,**
**इसीलिए गुण गाता सब संसार है।।''**

पूज्य आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी की भजन की इन पंक्तियों के माध्यम से परम पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का छोटा सा, लेकिन सार भरा हुआ परिचय दृष्टिगोचर होता है। जिनके जीवन का एक-एक क्षण महत्वपूर्ण है, जिनके मुख से निकली वाणी अमृतवाणी हैं, जिनकी लेखनी का एक-एक शब्द साक्षात् जिनवाणी का रूप है। ऐसी पूज्य माताजी का संक्षिप्त परिचय लिखने का प्रयास कर रही हूँ।

२२ अक्टूबर सन् १९३४ शरद पूर्णिमा की रात्रि में अवध प्रांत में बाराबंकी जिले के टिकैतनगर ग्राम में श्रेष्ठी श्री छोटेलाल के घर में माता मोहिनी की कुक्षि से एक कन्या रत्न का जन्म हुआ जिसका नाम दादी ने बड़े प्यार से रखा था ''मैना''। 'मैं' 'ना' अर्थात् मैं नहीं फसूंगी घर-गृहस्थी रूपी कीचड़ में। मैंना ने अपने नाम को सार्थक करते हुए एक दिन गृहरूपी पिंजड़े से निकल कर त्याग मार्ग को अपना लिया।

सन् १९५२ में शरद पूर्णिमा के दिन बाराबंकी में आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज से सप्तम प्रतिमा रूप आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत एवं गृहत्याग व्रत ग्रहण किया। सन् १९५३ में चैत्र कृ. एकम को महावीर जी अतिशय क्षेत्र पर क्षुल्लिका दीक्षा धारण कर 'वीरमती' नाम प्राप्त किया। सन् १९५६ में वैशाख कृष्णा दूज को माधोराजपुरा में चारित्र चक्रवर्ती आचार्यश्री शान्तिसागर जी के प्रथम पट्टशिष्य आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज के करकमलों से आर्यिका दीक्षा प्राप्त कर आर्यिका 'ज्ञानमती' नाम प्राप्त किया।

आचार्य वीरसागर जी महाराज ने पूज्य माताजी को जिस समय अलग संघ बनाकर विहार करने की आज्ञा दी, उस समय मात्र इतनी शिक्षा दी थी। ज्ञानमती! तुम अपने नाम का ध्यान रखना। गुरु की अनमोल शिक्षा को हृदय में धारणकर पूज्य माताजी ने अपने नाम के अनुरूप कार्य करके सम्पूर्ण विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया है।

पूज्य माताजी ने अपनी लेखनी का शुभारंभ सन् १९५५ में सर्वप्रथम जिनेन्द्र भगवान के सहस्रनाम मंत्रों की रचना करके, एक हजार आठ नाम से भगवान की वंदना की। पुनः सन् १९६५ में बाहुबली स्तोत्र आदि की रचना की। सन् १९६९-७० में न्याय

के सर्वोच्च, क्लिष्टतम ग्रन्थ अष्टसहस्री का हिन्दी अनुवाद किया।

पूज्य माताजी अपने जन्मदिन पर भगवान को कोई न कोई कृति-रचना लिखकर भेंट करती हैं। इसी श्रृँखला में सन् १९७० में शरद पूर्णिमा पर पूज्य माताजी ने भगवान महावीर के गुणों को ३६ श्लोकों में निबद्ध करके 'श्री महावीर स्तोत्र' भगवान महावीर के श्री चरणों में समर्पित किया। पूज्य आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी ने सन् १९९० में इस स्तोत्र की संस्कृत टीका अत्यन्त सरल भाषा में लिखी। जिसके प्रकाशन का योग अब आया है। ८ अक्टूबर १९९५ शरद पूर्णिमा को षट्खण्डागम सूत्र ग्रन्थ पर 'सिद्धांत चिन्तामणि' नाम से संस्कृत टीका लिखने का शुभारंभ किया। ४ वर्ष के अंदर ८ पुस्तकों की १६०० पृष्ठों में संस्कृत टीका लिखकर पूर्ण की। हिन्दी टीका पूज्य प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी ने लिखी है। जिसमें से प्रथम पुस्तक हिन्दी टीका सहित प्रकाशित हो चुकी है।

आज से लगभग १००० वर्ष पूर्व आचार्य श्री नेमिचंदसिद्धान्त चक्रवर्ती ने जिस प्रकार छह खण्ड रूप द्वादशांग रूप जिनवाणी को परिपूर्ण आत्मसात करके सार रूप में द्रव्य-संग्रह, गोम्मटसार, लब्धिसार इत्यादि ग्रंथ अपनी लेखनी से प्रसवित किए थे, उसी प्रकार इस बीसवीं सदी की माता ज्ञानमती जी ने समस्त उपलब्ध जैनागम का गहन अध्ययन-मनन-चिंतन करके इस सिद्धान्त चिंतामणि रूप संस्कृत टीका लेखन का महत्तम कार्य किया है। १००० वर्ष पूर्व आचार्य श्री वीरसेन स्वामी द्वारा लिखित 'धवलाटीका' के पश्चात् इस महान ग्रंथ की सरल टीका लेखन का कार्य प्रथम बार हो रहा है।

पूज्य माताजी द्वारा लिखित २५० ग्रंथ जहाँ उनकी ज्ञान गरिमा को बता रहे हैं वहीं संस्कृत में लिखी १-२ नहीं सैकड़ों स्तुतियां हैं एकाक्षरी से लेकर अनेकाक्षरी छन्दों में पूज्य माताजी ने २४ तीर्थंकरों की स्तुति संस्कृत में लिखकर प्रदान की हैं। पूज्य चंदनामती माताजी ने एक भजन में लिखा है-

**जीवन्त रहेगी युग-युग तक, जिनशासन की ये निशानी,**
**सन्तों के संग में ज्ञानमती माँ की पुरुषार्थ कहानी**
**जिनकी काया के रोम-रोम, में जिनवर नाम समाया।**
**जिनधर्म का ध्वज लहराया.......**

भगवान महावीर के शासन में आ. वीरसेन, आ. कुंदकुंद, आ. अकलंक देव के मार्ग का अनुसरण करने वाली, आर्यिका श्री सुलोचना की प्रतिमूर्ति गणिनी माता जी के श्रीचरणों में कोटिशः वन्दन करते हुए जिनेन्द्र भगवान से यही प्रार्थना करती हूँ कि पूज्य माताजी दीर्घायु हों-शतायु हों स्वस्थ रहें और हम सभी को अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान करती रहें।

## *परमपूज्य प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी का*
# *जीवन परिचय*

**लेखिका-ब्र.कु. आस्था जैन (संघस्थ)**

**''चन्दन जैसी खुशबू से, जिनने जग को सुरभित कीना,**
**महावीर प्रभु के शासन में, चन्दनामति नाम प्राप्त कीना।**
**श्री ज्ञानमती माताजी की शिष्या तुम हो मात महान,**
**नमन करूँ तव चरणों में और करूँ गुणगान।।''**

महान् ऋषि मुनियों की तपोभूमि, विश्व को अद्वितीय संस्कृति प्रदान करने वाली, 'जिओ और जीने दो' रूप अहिंसा का संदेश फैलाने वाली, इस भारत की वसुन्धरा पर ब्राह्मी, सुन्दरी, चन्दनबाला, ज्ञानमती माताजी जैसी अनेक नारी रत्नों ने जन्म लिया है, उसी परम्परा में तीर्थंकरों की जन्मभूमि अयोध्या के निकट बाराबंकी जिले के टिकैतनगर ग्राम में पिता श्री छोटेलाल एवं रत्नों की खान माँ मोहिनी की पवित्र कुक्षि से १८ मई सन् १९५८ ज्येष्ठ कृष्णा अमावस को बारहवीं संतान के रूप में जन्म लेने वाली 'कु. माधुरी' वर्तमान में पूज्य आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी हैं।

'यथा नाम तथा गुण' को धारण करने वाली पूज्य आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी का व्यक्तित्व, क्षयोपशम गुण, कवित्व प्रतिभा आदि अद्वितीय है। १३ वर्ष की छोटी सी उम्र में सुगंध दशमी की पवित्र तिथि में अजमेर (राज.) में आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया। लौकिक अध्ययन मात्र हाईस्कूल तक होते हुए भी तीव्र बुद्धि होने से सन् १९७२ में सोलापुर से शास्त्री की परीक्षा देकर शास्त्री की उपाधि, १९७४ में विद्यावाचस्पति की उपाधि प्राप्त की। सन् १९८१ में दो प्रतिमा के व्रत एवं १९८७ में सप्तम प्रतिमा के व्रत एवं गृह-त्याग व्रत ग्रहण किया। त्याग, संयम के परिणामों में विशुद्धता को बढ़ाते हुए

३० वर्ष की उम्र में ऐतिहासिक तीर्थ हस्तिनापुर में जम्बूद्वीप स्थल पर पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी जी के करकमलों से १३ अगस्त १९८९ श्रावण शुक्ला ११ को आर्यिका दीक्षा प्राप्त कर 'चन्दनामती' नाम प्राप्त किया।

लेखन कार्य तो दीक्षा के पहले से ही प्रारंभ हो गया था। समयसार की गाथाओं का एवं कलशों का पद्यानुवाद, कुंदकुंद मणिमाला का पद्यानुवाद, मौलिक पुस्तकों का लेखन, ज्ञान ज्योति की भारत यात्रा, अवध की अनमोल मणि, जैनधर्म प्रश्नोत्तर- माला, पूजन, चालीसा, आरती आदि अनेक पुस्तकों का लेखन कर चुकी हैं। भजन रचना की संख्या तो ४०० से ऊपर पहुँच चुकी है। सम्यग्ज्ञान मासिक पत्रिका के लेखन का कार्यभार आपके ऊपर है। आपने भजन, पूजन, प्रवचन आदि के माध्यम से, अपनी वाणी रूप सुगंधि से जगत को आप्लावित किया है। चौबीस कल्पद्रुम विधान के मध्य आपकी विद्वत्ता, ओजस्विता, वचनों में मार्मिकता, सारगर्भिता को देखते हुए पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने ''प्रज्ञाश्रमणी'' की उपाधि से आपको अलंकृत किया है। हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी आदि भाषाओं की आप सिद्धहस्त लेखिका हैं। आपने अंग्रेजी में कई एक भजन एवं पूजाएं लिखी हैं। वर्तमान में पूज्य माताजी द्वारा लिखित षट्खण्डागम पर 'सिद्धांत चिंतामणि' नाम की संस्कृत टीका का हिन्दी अनुवाद कर रही हैं। आपके विषय में यह पंक्तियां सार्थक हैं-

**''विद्वत्ता आपकी अद्वितीय, वाणी में है ओज,**
**वचनों में मार्मिकता, लेखनी में है जोश।।''**

आप 'आशु' कवियित्री हैं समयानुकूल भजन आप पूज्य माताजी की प्रेरणा से तुरंत लिखकर दे देंती हैं। ज्ञानज्योति की भारत यात्रा एवं तीर्थंकर ऋषभदेव समवसरण श्री विहार के भारत भ्रमण में आपका अपूर्व योगदान रहा है। पूज्य माताजी की प्रेरणा से हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सभी कार्यक्रमों में आपका मार्गदर्शन रहा है। भगवान महावीर स्वामी के २६००वें



जन्मजयन्ती के पावन अवसर पर आपने पूज्य माताजी की आज्ञा एवं प्रेरणा से भगवान महावीर की जन्मभूमि कुण्डलपुर को आगमानुसार सत्य सिद्ध करने के लिए अनेकों ग्रंथों, पुस्तकों का अध्ययन करके यह तथ्य उजागर किया कि भगवान महावीर की असली जन्मभूमि 'कुण्डलपुर' ही है वैशाली नहीं। वैशाली तो भगवान महावीर की ननिहाल है। तीर्थंकर कभी ननिहाल में जन्म नहीं लेते। रत्नों की वृष्टि माता के आंगन में ही होती है। काफी मेहनत करके 'महावीर जन्मभूमि कुण्डलपर' नाम से पुस्तक तैयार करके लोगों को प्रदान किया है।

**''धर्म विभूति कर्म स्वरूपी, सत्य शोध की कल्याणी,**
**धन्य किया है तन-मन अपना, पावन माँ महिमाशाली।''**

पूज्य श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित 'महावीर स्तोत्र' पर आपने संस्कृत टीका को अति सरल भाषा में लिखकर प्रदान की है। संस्कृत में टीका लिखना एक कठिन कार्य है फिर भी आपने अपने क्षयोपशम के बल पर कठिन कार्य को सरल कर लिया है। ब्रह्मचर्य के तेज से ज्ञान में वृद्धि होती है तभी तो यह पंक्तियॉ सार्थक हैं-

**''ब्रह्मचर्य की निर्मलता से बुद्धि वृद्धिता प्रकट हुई,**
**साहित्य सृजन की अनुपम महिमा, ब्रह्मचर्य से सुघट हुई।''**

ऐसी पूज्य प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी में गुण अनेक हैं। मैं जिनेन्द्र देव से यही प्रार्थना करती हूँ कि पूज्य माताजी दीर्घायु हों, स्वस्थ रहें और अपनी वाणी रूपी अमृत से, अनुपम लेखनी से, सभी को लाभान्वित करती रहें।

अंत में पूज्य माताजी से यह प्रार्थना करती हूँ कि आपका मंगल आशीर्वाद एवं वात्सल्यमयी स्नेह हमेशा प्राप्त होता रहें।

**'अलौकिक प्रतिभा की धारी चन्दनामती जी मात।**
**कर रही ''आस्था'' यही भावना मिलता रहे आशीर्वाद।।''**

# संस्थान का परिचय

**–कमयोगी ब्र. रवीन्द्र कुमार जैन**

हस्तिनापुर– जिस हस्तिनापुर में इस संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कार्य–कलाप चल रहे हैं वह हस्तिनापुर एक ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी है। यहाँ पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की प्रथम पारणा हुई है, कौरव–पाण्डव की यह राजधानी रही है, दर्शन प्रतिज्ञा में प्रसिद्ध मनोवती का इतिहास इसी हस्तिनापुर से जुड़ा हुआ है तथा अन्य अनेक पौराणिक कथानक इस हस्तिनापुर से जुड़े हुए हैं।

**संस्थान का जन्म–** पू. गणिनी आर्यिकारत्न जी ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान (रजि.) का जन्म सन् १९७२ में हुआ।

**संस्थान की कार्यकारिणी–**संस्थान के नियमानुसार प्रत्येक वर्ष में संस्थान की कार्यकारिणी का गठन पूज्य माताजी की आज्ञा से होता रहता है।स्व. डॉ. कैलाशचंद जैन (राजा टायज) दिल्ली इस संस्थान के सर्वप्रथम १९७२ में अध्यक्ष मनोनीत किये गये थे।

वर्तमान कार्यकारिणी में श्री गणेशीलाल जी रानीवाला कोटा, श्री देवकुमार सिंह कासलीवाल इंदौर, संरक्षक पद पर मनोनीत हैं। ब्र. श्री रवीन्द्र कुमार जैन अध्यक्ष, श्री जिनेन्द्र प्रसाद जैन, ठेकेदार–दिल्ली–कार्याध्यक्ष, श्री कैलाश चंद जैन करोलबाग, नई दिल्ली–महामंत्री, श्री मनोज कुमार जैन, हस्तिनापुर (मेरठ प्रवासी) कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत हैं। इसके अतिरिक्त अनेक गणमान्य महानुभाव संस्थान के उपाध्यक्ष एवं अन्य पदों पर पदासीन हैं।

**निर्माण–**सन् १९७५ से हस्तिनापुर में जम्बूद्वीप रचना से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। अब तक जंबूद्वीप स्थल पर जम्बूद्वीप की रचना के निर्माण के साथ ही यात्रियों, शोधार्थियों एवं पर्यटकों के लिए लगभग २५० कमरे व फ्लैट बन चुके हैं। तीनमूर्ति मंदिर का निर्माण हुआ है, जिसमें तीन वेदियाँ हैं। मुख्य वेदी में भगवान आदिनाथ, भरत व बाहुबली की मूर्ति विराजमान हैं तथा अगल–बगल की वेदी में भगवान् पार्श्वनाथ, भगवान् नेमिनाथ की प्रतिमा विराजमान हैं। भगवान् महावीर स्वामी का कमल मंदिर बनकर कलशारोहण व मंदिर वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव मई, १९९० में संपन्न हो चुकी है। इसके अलावा साधुओं के रहने के लिए रत्नत्रय निलय, कार्य संचालन के लिए कार्यालय एवं पानी की सुविधा के लिए टंकी भी बनाई जा चुकी है। अन्य निर्माण कार्य भी योजनानुसार चल रहे हैं, जिनका वर्णन भविष्य में समाज के समक्ष



प्रस्तुत होगा। इसके अतिरिक्त भगवान वासुपूज्य मंदिर, शांति, कुंथु, अरनाथ मंदिर, ध्यान मंदिर, ॐ मंदिर, सहस्रकूट मंदिर, बीस तीर्थंकर मंदिर, भगवान ऋषभदेव मंदिर, कैलाशपर्वत मंदिर आदि का नव निर्माण भी आकर्षण के केन्द्र हैं।

**शैक्षणिक गतिविधियाँ–** निर्माण के अतिरिक्त संस्थान के द्वारा शिक्षा एवं धर्म प्रचार का कार्य भी समय–समय पर होता रहा है। शिक्षण–प्रशिक्षण शिविर, सेमीनार, अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार, कुलपति सम्मेलन, भगवान ऋषभदेव अन्तर्राष्ट ीय निर्वाण महोत्सव आदि के आयोजन भी संस्थान के द्वारा होते रहते हैं।

**सम्यग्ज्ञान मासिक पत्रिका का प्रकाशन–** पू. गणिनी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा लिखित चारों अनुयोगों से युक्त एवं धर्म प्रभावना के समाचारों से सहित सम्यग्ज्ञान मासिक पत्रिका का प्रकाशन जुलाई, १९७४ से इसी संस्थान के अंतर्गत प्रारंभ किया गया था, जिसका विमोचन प.पू. आचार्य श्री धर्मसागर जी महाराज के करकमलों से ऐतिहासिक दिगम्बर जैन लाल मंदिर, दिल्ली में १ जुलाई, १९७४ को किया गया था। भारतवर्ष के प्रत्येक प्रांत में लगभग सभी नगरों में इस पत्रिका के सदस्य हैं तब से लेकर आज तक उस मासिक पत्रिका का प्रकाशन निराबाध चल रहा है।

**वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला–** संस्थान के अंतर्गत वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला की स्थापना सन् १९७४ में की गई, जिसमें प्रथम पुष्प के रूप में अष्टसहस्री के एक भाग का प्रकाशन १९७४ में हुआ था। उसके बाद पू. ज्ञानमती माताजी द्वारा लिखित लगभग २०० ग्रन्थों का प्रकाशन अब तक हो चुका है। बच्चों के लिए बाल विकास (चार भाग) एवं इन्द्रध्वज मण्डल विधान, कल्पद्रुम मण्डल विधान, तीनलोक मण्डल विधान, सर्वतोभद्र विधान आदि अनेक प्रकाशन अत्यन्त लोकप्रिय हैं।

**जम्बूद्वीप पुस्तकालय–** संस्थान के अंतर्गत एक विशाल पुस्तकालय भी बनाया गया है, जिसका नाम ''जम्बूद्वीप पुस्तकालय'' रखा गया है। इस पुस्तकालय में विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों के अनुसार ही पुस्तकों को संचित किया जा रहा है।

**पंचकल्याणक प्रतिष्ठायें–**प्रथम पंचकल्याणक प्रतिष्ठा सन् १९७५ में भगवान् महावीर स्वामी की सवा नौ फुट ऊंची प्रतिमा की हुई थी। इसके लिए उस समय, समय कम होने से एक छोटे से कमरे का ही निर्माण हो सका था। इसी कमरे को हटाकर वर्तमान में भव्य कमल मंदिर का निर्माण कार्य सम्पन्न हुआ है। इस पंचकल्याणक में चारित्र चक्रवर्ती १०८ आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के तृतीय पट्टाचार्य श्री धर्मसागर जी महाराज विशाल संघ सहित एवं एलाचार्य श्री विद्यानंद जी व गणिनी

आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी का सान्निध्य प्राप्त हुआ था। प्रतिष्ठाचार्य पं. श्री वर्धमान पार्श्वनाथ शास्त्री, सोलापुर निवासी थे।

**द्वितीय पंचकल्याणक-** ९३ फुट ऊंचे सुमेरु पर्वत के १६ जिनबिम्बों का २९ अप्रैल से ३ मई, १९७९ तक आयोजित किया गया। इस पंचकल्याणक महोत्सव में आचार्य श्री शिवसागर जी महाराज के शिष्य आचार्यकल्प श्री श्रेयासंसागर जी महाराज का सान्निध्य एवं गणिनी आर्यिका शिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी का सानिध्य प्राप्त हुआ था। पूज्य श्री ये ही श्रेयांस सागर जी महाराज सन् १९९० में आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की परम्परा में पंचम पट्ट पर प्रतिष्ठापित किये गये थे। इस आयोजन के प्रतिष्ठाचार्य ब्र. सूरजमल जी निवाई थे।

**तृतीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव-**२८ अप्रैल से २ मई, १९८५ तक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन जम्बूद्वीप के समस्त जिनबिम्बों के पंचकल्याणक का आयोजन था। यह समारोह राष्ट्रीय स्तर पर सम्पन्न हुआ। इसमें सानिध्य प्राप्त हुआ आचार्य श्री धर्मसागर जी महाराज के संघस्थ साधुगणों का एवं आ. श्री सुबाहुसागर जी तथा गणिनी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी के संघ का। प्रतिष्ठाचार्य ब्र. सूरजमल जी थे। समारोह में भारतवर्ष के प्रत्येक प्रान्त से धर्मानुरागी बंधुओं ने भाग लिया तथा उ. प्र. सरकार का भी शासन की ओर से अच्छा सहयोग रहा। उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नारायणदत्त तिवारी ने जम्बूद्वीप का उद्घाटन किया था तथा अन्य केन्द्रीय व उत्तर प्रदेश के मंत्रीगण व सांसद भी समारोह में उपस्थित हुए थे।

**चतुर्थ पंचकल्याणक-** ६ मार्च से ११ मार्च, १९८७ तक सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव में भगवान् पार्श्वनाथ व भगवान नेमिनाथ की दो विशाल पद्मासन प्रतिमाओं का पंचकल्याणक महोत्सव हुआ। इस कार्यक्रम में आचार्य श्री विमलसागर जी महाराज के विशाल संघ का तथा गणिनी आर्यिका शिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस प्रतिष्ठा के प्रतिष्ठाचार्य पं. श्री शिखरचंद जी भिण्ड थे। इसी शुभ अवसर पर सुमेरु पर्वत पर स्वर्ण कलशारोहण भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में माधवराव सिंधिया, तत्कालीन केन्द्रीय रेलमंत्री आये।

**ज्ञान ज्योति प्रवर्तन-** ४ जून, १९८२ को लालकिला मैदान, दिल्ली से जम्बूद्वीप ज्ञानज्योति रथ का प्रवर्तन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरागाँधी के कर-कमलों से हुआ था। निरन्तर १०४५ दिनों तक इस ज्ञानज्योति का प्रवर्तन सम्पूर्ण भारतवर्ष के नगर-नगर में हुआ जिसमें अहिंसा, चरित्र-निर्माण एवं विश्व-बन्धुत्व का व्यापक



प्रचार-प्रसार किया गया। इस प्रवर्तन में अनेक प्रांतों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, कमिश्नर, डी.एम., एस.डी.एम. आदि अनेक राजकीय अधिकारियों ने ज्योतिरथ का स्वागत किया। दिगम्बर जैन आचार्यों, मुनियों, आर्यिकाओं और भट्टारकों का भी स्थान-स्थान पर आशीर्वाद व सानिध्य प्राप्त हुआ।

**ज्ञानज्योति की हस्तिनापुर में अखण्ड स्थापना-** १०४५ दिनों तक सारे भारतवर्ष में प्रवर्तन के बाद ज्ञानज्योति की अखण्ड स्थापना २८ अप्रैल, १९८५ को जम्बूद्वीप के ठीक सामने (पूर्व दिशा में) कर दी गई थी। यह स्थापना तत्कालीन रक्षामंत्री, भारत सरकार श्री पी.वी. नरसिंह राव के कर-कमलों से हुई थी।

**जम्बूद्वीप स्थल पर भव्य दीक्षायें-** पू. गणिनी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी के शिष्य एवं शिष्याओं के दीक्षा समारोह भी जम्बूद्वीप स्थल पर समय-समय पर आयोजित किये गये हैं। सर्वप्रथम संघस्थ ब्र. श्री मोतीचंद जैन, सनावद (म.प्र.) की क्षुल्लक दीक्षा का कार्यक्रम ८ मई, १९८७ को विशाल स्तर पर सम्पन्न हुआ। यह दीक्षा आचार्य श्री विमलसागर जी महाराज के कर-कमलों से सम्पन्न हुई थी। दीक्षा के उपरान्त उनका नाम क्षुल्लक श्री मोतीसागर जी रखा गया।

द्वितीय दीक्षा समारोह कु. माधुरी शास्त्री, जो कि पू. ज्ञानमती माताजी की शिष्या एवं गृहस्थावस्था की छोटी बहिन हैं, उनकी दीक्षा १३ अगस्त, १९८९ को विशाल स्तर पर सम्पन्न हुई। गणिनी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी के कर-कमलों से दीक्षा प्राप्त करके इनका नाम आर्यिका श्री चंदनामती माताजी रखा गया। जंबूद्वीप स्थल पर पूज्य माताजी के पधारने पर इसी तरह शिक्षा, दीक्षा आदि के कार्य होते रहते हैं।

**पंचम पंचकल्याणक एवं प्रथम जम्बूद्वीप महोत्सव-** ३ मई से ७ मई, १९९० तक जम्बूद्वीप स्थल पर अखिल भारतीय स्तर पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव में मध्यलोक के ४५८ जिनबिम्बों की पंचकल्याणक प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। वर्तमान में उस मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है।

इसी शुभ अवसर पर पंचवर्षीय प्रथम जंबूद्वीप महामहोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन जंबूद्वीप निर्माण के बाद प्रथम बार किया गया तथा यह निश्चय किया गया कि प्रति पांच वर्ष में जंबूद्वीप महामहोत्सव का आयोजन विशाल स्तर पर आगामी वर्षों से होता रहेगा। इस महोत्सव में ४ मई को केन्द्रीय उद्योग मंत्री भारत सरकार-श्री अजीत सिंह एवं ६ मई, १९९० को उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री बी.सत्यनारायण रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। राज्यपाल महोदय

के कर-कमलों से कमल मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ।

**द्वितीय जंबूद्वीप महोत्सव का १९९५ में आयोजन–** इस द्वितीय महामहोत्सव का कार्यक्रम ४ अक्टूबर से ८ अक्टूबर, १९९५ तक सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय खाद्यमंत्री श्री अजित सिंह ने पधार कर पूज्य माताजी का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा नवनिर्मित्त ध्यान मंदिर का उद्घाटन भी श्री अजित सिंह के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इसी आयोजन के साथ भगवान् वासुपूज्य मंदिर एवं भगवान शांतिनाथ मंदिर पर कलशारोहण एवं वेदी प्रतिष्ठा का आयोजन सम्पन्न हुआ।

इसी श्रृंखला में १६ अप्रैल से २३ अप्रैल २००० तक तृतीय पंचवर्षीय महामहोत्सव एवं ऋषभदेव पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में मुख्य अतिथि श्री वी.धंनजय कुमार जैन वित्तराज्यमंत्री भारत सरकार ने पधारकर त्रिमूर्ति मंदिर पर नवनिर्मित शिखर का कलशारोहण किया एवं भगवान् ऋषभदेव कीर्तिस्तम्भ का शिलान्यास किया। जो बनकर तैयार हो चुका है।

**णमोकार महामंत्र बैंक की स्थापना–** इसी संस्थान के अंतर्गत पू. माताजी की प्रेरणा से ८ अक्टूबर,१९९५ को शरद् पूर्णिमा के दिन णमोकार महामंत्र बैंक की स्थापना हुई और पू. माताजी के मांगीतुंगी बिहार के दौरान दिल्ली, राज. हरि., म. प्र., महा. उ.प्र. आदि प्रांतों में इसकी शाखायें भी खुलीं। इस बैंक के प्रति लोगों का उत्साह देखते ही बनता है, हजारों व्यक्ति महामंत्र लेखन में लगे हैं और करोड़ों मंत्र इस बैंक की जमापूंजी बन गये हैं।

सन् १९९७ से १९९८ तक दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान ने अपना रजत जयंती वर्ष मनाया। इस रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सन् १९९७ दिल्ली में चौबीस कल्पद्रुम विधान हुआ पुनः भगवान ऋषभदेव के सिद्धान्तों का प्रचार-प्रसार करने के लिए अक्टूबर, १९९८ में जंबूद्वीप स्थल पर एक ऋषभदेव राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन का आयोजन किया गया।

**भगवान ऋषभदेव समवसरण श्री विहार का प्रवर्तन–** भगवान ऋषभदेव की शिक्षाओं का एवं जैन धर्म की प्राचीनता का दिग्दर्शन कराने के लिए समवसरण रथ एवं ऐरावत हाथी रथ का श्री विहार सारे देश में प्रारंभ किया गया। इसका उद्घाटन ऐतिहासिक लाल किला मैदान, दिल्ली से २२ मार्च, १९९८ को ऋषभ जयंती के दिन किया गया तथा इसका देशव्यापी भ्रमण हेतु प्रवर्तन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कर-कमलों से ९ अप्रैल १९९८ को महावीर जयंती के दिन सम्पन्न हुआ।



समवसरण श्री विहार का प्रवर्तन समस्त प्रांतों में होने के पश्चात् शरद पूर्णिमा, २१ अक्टूबर २००२ को तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली प्रयाग तीर्थ पर निर्मित्त ''केवलज्ञान कल्याणक मंदिर'' में वही समवसरण सदैव के लिए स्थापित किया गया जोकि युगों-युगों तक भगवान ऋषभदेव के वास्तविक समवसरण की याद दिलाता रहेगा।

इसी संस्थान द्वारा दिल्ली के लालकिला मैदान में ४ फरवरी सन् २००० को प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा उद्घाटित ''भगवान ऋषभदेव अंतर्राष्ट्रीय निर्वाण महामहोत्सव सम्पूर्ण देश एवं विदेशों में मनाया गया। जिसके अंतर्गत अनेक संगोष्ठियां, भगवान ऋषभदेव कीर्तिस्तम्भ निर्माण आदि कार्यक्रम हुए।

सन् २०००-२००१ में संस्थान द्वारा पूज्य माताजी की प्रेरणा से प्रयाग-इलाहाबाद में तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली तीर्थ का नवनिर्माण हुआ है तथा ६ अप्रैल सन् २००१ में ही प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा उद्घाटित राष्ट्रीय स्तर पर सम्पूर्ण भारत वर्ष में मनाए जाने वाले भगवान महावीर २६००वां जन्म कल्याणक महोत्सव वर्ष में पूज्य माताजी द्वारा रचित ''विश्व शांति महावीर विधान'' का विराट आयोजन प्रथम राष्ट्रीय आयोजन के रूप में राजधानी दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में अक्टूबर माह में सम्पन्न हुआ।

१९-२०-२१ अक्टूबर २००२ को तपस्थली प्रयाग तीर्थ पर ''भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर राष्ट्रीय महासम्मेलन'' का आयोजन हुआ एवं भगवान ऋषभदेव का महामस्तकाभिषेक हुआ।

वर्तमान में भगवान महावीर की जन्मभूमि कुण्डलपुर का विकास भी संस्थान के अन्तर्गत किया जा रहा है। वहाँ के नवविकसित नंद्यावर्त महल परिसर में भगवान महावीर मंदिर, भगवान ऋषभदेव मंदिर, नवग्रहशांति मंदिर, त्रिकाल चौबीसी मंदिर, नंद्यावर्त महल आदि अनेक निर्माण इस क्षेत्र पर किये जा रहे हैं। ७ से १२ फरवरी २००३ तक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं महाकुम्भ मस्तकाभिषेक कार्यक्रम कुण्डलपुर में सम्पन्न हो चुका है।

१५ अप्रैल २००३ का महावीर जयंती के दिन कुण्डलपुर से **''भगवान महावीर ज्योति''** रथ का प्रवर्तन हुआ है जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में कुण्डलपुर की महिमा प्रकाशित कर रहा है।

इस प्रकार से दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान चतुर्मुखी योजनाओं से समाज को सदैव लाभान्वित करता रहे, यही मंगल भावना है।

# महावीरज्योति टीका के संदर्भ में

तत्त्वार्थसूत्र ग्रंथ में एक सूत्र आया है—

''द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणाः'' अर्थात् द्रव्य के आश्रय से गुण रहते हैं और वे स्वयं में निर्गुण रहते हैं। यदि इस सूत्र को व्यवहार में भी प्रयुक्त किया जाए कि गुणी जनों के आश्रित रहने वाले निर्गुणी—बिना गुण वाले प्राणी भी गुणवान् बन जावें तो कोई अतिशयोक्ति वाली बात नहीं है।

उपुर्यक्त सूत्र के माध्यम से यहाँ मेरा यही कहना है कि कहाँ तो पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की अगाध विद्वत्ता और कहाँ मुझ जैसी अल्पज्ञ आर्यिका? किन्तु बचपन से उनकी छत्रछाया प्राप्त करके उनकी ही कृति पर सरल संस्कृत टीका लिखने का यह मेरा अतिसाहस बालचेष्टा के समान ही है। सन् १९७१ में आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत लेकर जब मैंने संघ में प्रवेश किया तो प्रारंभ में ही पूज्य माताजी ने ''शास्त्री'' की परीक्षा का फार्म भरवाकर गोम्मटसार, तत्त्वार्थराजवार्तिक, अष्टसहस्री आदि ग्रंथों का अध्ययन प्रारंभ करवा दिया पुनः सन् १९७२-७३ में ''विद्यावाचस्पति'' की उपाधि परीक्षा के निमित्त से जयधवला, श्लोकवार्तिक आदि ग्रंथों के अध्ययन का सौभाग्य मिला। १३-१४ वर्ष की छोटी सी उम्र में यद्यपि इन ग्रंथों के कठिनतम विषयों का रहस्य तो समझ नहीं पाती थी किन्तु कण्ठास्थ करके परीक्षा में लिखकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्णता अवश्य प्राप्त कर ली।

सैद्धांतिक ग्रंथाध्ययन की उस प्रथम नींव के पश्चात् पूज्य माताजी ने संघस्थ शिष्य-शिष्याओं के साथ मुझे भी कातंत्र व्याकरण, धनंजय नाममाला, वाग्भट्टालंकार एवं वृत्तरत्नाकर (छंदशास्त्र) का अध्ययन कराया। अनंतर पूज्य माताजी की अस्वस्थतावश अध्ययन का तारतम्य कुछ टूट सा गया किन्तु संघ के सामूहिक स्वाध्याय में संस्कृत टीकाओं को पढ़ने का



थोड़ा-थोड़ा अभ्यास चलता रहा पुनः दीक्षा के बाद मैंने पूज्य माताजी के आदेशानुसार संघस्थ शिष्याओं को उसी व्याकरण, कोष, छंद, अलंकार का अध्ययन कराया तब एक दिन इच्छा जागृत हुई कि किसी ग्रंथ की संस्कृत टीका लिखने का पुरुषार्थ किया जाये तो अपने व्याकरण ज्ञान का सदुपयोग होगा। उन दिनों (सन् १९९१ में) माताजी द्वारा ३६ पद्यों में रचित संस्कृत के भगवान महावीर स्तोत्र का पाठ मैं किया करती थी तो तीर्थंकर भगवान के जीवन पर आधारित अपने गुरु की उस कृति पर सर्वप्रथम टीका लिखने की वह इच्छा और प्रबल हो उठी अतः मैंने पूज्य माताजी से आज्ञा प्राप्त कर मई १९९१ में उस स्तोत्र की संस्कृत टीका का लिखना प्रारंभ किया। १-१ श्लोक की टीका और उसकी हिन्दी लिखकर जब मैं माताजी को सुनाती तो वे बड़ी प्रसन्न होकर मुझे आशीर्वाद प्रदान करतीं जिससे मेरा उत्साह और भी वृद्धिंगत हुआ अतः गुरुकृपा एवं आशीर्वाद से कुछ ही दिनों में टीका लेखन का कार्य पूर्ण हो गया और पूज्य माताजी ने अपने सम्मुख वाचना करवाकर यथायोग्य संशोधन भी किया।

१२ वर्षों के बाद भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा) में ''कुण्डलपुर महोत्सव'' के अवसर पर इस टीका ग्रंथ के प्रकाशन का संयोग बना अतः अपनी लघु कृति को गुरु के करकमलों में समर्पित कर मुझे हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। भगवान महावीर का यह स्तोत्र मेरे जीवन में आत्मसात होकर मेरी रत्नत्रयसाधना को वृद्धिंगत करे यही महावीर स्वामी के चरणों में विनम्र प्रार्थना है।

**९.९.२००३** **आर्यिका चन्दनामती**

**नंद्यावर्त महल, कुण्डलपुर (नालंदा)**

ॐ नमः सिद्धेभ्यः

परमपूज्य १०५ गणिनीप्रमुख-आर्यिकारत्नश्रीज्ञानमती विरचितं

# *श्री महावीरस्तोत्र*

महावीरज्योतिः संस्कृत टीका एवं हिन्दी अनुवाद

## आर्यिका चन्दनामती

## 1

**बसन्ततिलका छंद -**

**सिद्धार्थराजकुलमंडनवीरनाथः**
**जातो हि कुण्डलपुरे त्रिशलाजनन्यां।**
**सिद्धिप्रियः सकलभव्यहितंकरो यः,**
**श्रीसन्मतिर्वितनुतात् किल सन्मतिं मे।।१।।**

**श्री सिद्धार्थ नृपति के नंदन, नाथवंश मण्डन महावीर,**
**कुंडलपुर में श्री त्रिशला-माता से जन्म लिया तुम वीर।**
**सिद्धिवधूप्रिय! सकल भव्यजन, के हितकारी वीरप्रभू,**
**श्री सन्मति जिन मुझको सन्मति, दीजे नितप्रति विनय करूँ।।१।।**

**अन्वयार्थः —** **(सिद्धार्थराजकुलमंडनवीरनाथः)** राजा सिद्धार्थ के कुल को सुशोभित करने वाले महावीर स्वामी **(कुण्डलपुरे त्रिशलाजनन्यां जातः)** कुण्डलपुर नगरी में माता त्रिशला के गर्भ से उत्पन्न हुए। **(यः सिद्धिप्रियः सकलभव्यहितंकरः)** जो सिद्धि-मुक्तिकन्या के प्रिय हैं तथा समस्त भव्यजीवों का हित करने वाले हैं **(श्री सन्मतिः)** ऐसे श्री सन्मति प्रभु **(मे सन्मतिं वितनुतात् किल)** मुझे सन्मति-शीघ्र सद्बुद्धि प्रदान करें।



**महावीरज्योतिः संस्कृत टीका—** जात उत्पन्नः। को जातः ? **सिद्धार्थराजकुलमंडनवीरनाथः** वीरश्चासौ नाथो वीरनाथः स सिद्धार्थराज्ञः कुलमंडनं कुलभूषणमभवत्। **क्व जातः स वीरनाथः ? कुण्डलपुरे** विहारप्रान्तस्य नालन्दा जिलान्तर्गत कुण्डलपुरनगर्यां। कस्यां जातः ? **त्रिशलाजनन्यां** त्रिशलानाम्नी या सिद्धार्थराज्ञः सुपत्नी तस्यां त्रिशलाजनन्यां तस्याः पवित्रगर्भेण वीरनाथ- श्रीमहावीरतीर्थंकरोऽजायत। यः सिद्धिप्रियो वीरप्रभुः सिद्धिकन्यायाः प्रियः सकलभव्यहितंकरः समस्तभव्यजीवानां यः हितं करोतीति हितंकरः श्रीसन्मतिः अंतरंगबहिरंगश्रीयुक्तः सन्मतिप्रभुः किल निश्चयेन मे सन्मतिं वितनुतात् मह्यं सद्बुद्धिं ददातु।

**इतो विस्तारः —** अस्मिन् मध्यलोके असंख्यातद्वीपसमुद्रेषु जम्बूद्वीपनाम प्रथमो द्वीपः। तत्र भरतक्षेत्रे आर्यखण्डे भारतदेशे विहारप्रान्ते नालन्दासमीपे एका स्वर्गसमा कुण्डलपुरी नगरी विभाति। तत्र सुषमदुःषमानामचतुर्थकालस्यान्त्यभागे सिद्धार्थनाम एको न्यायप्रियो राजासीत्। वैशालीराज्ञः चेटकस्य पुत्री त्रिशला तस्य पट्टराज्ञी चाभूत।

एकदा त्रिशलाराज्ञी रात्रौ पश्चिमप्रहरे शुभषोडशस्वप्नान्यपश्यत्। प्रातःकाले तु सा नित्यक्रियाः समाप्य राजसभां गत्वा पतिदेवं तेषां स्वप्नानां फलान्यपृच्छत्। स्वप्नानां शुभफलैस्तीर्थंकरमहावीरस्यावतारं ज्ञात्वा हर्षितमनसा सा पुनः निजान्तःपुरमागच्छत्।

तीर्थंकरमहावीरोऽच्युतस्वर्गात् च्युत्वा त्रिशलायाः गर्भे आयात इति सूचनां प्राप्य सौधर्मेन्द्रेण स्वर्गादागत्य कुण्डलपुरे गर्भकल्याणकः कृतः, इन्द्राज्ञया कुबेरेण मातुः प्रासादस्य प्रांगणे विविधरत्नवृष्टिश्च कृता। आषाढ़शुक्लषष्ठ्या अयं दिवसो धन्योऽभवत्। श्रीह्रीधृत्यादिनाम्न्योः देव्योऽत्र आगत्य प्रीतिपूर्वकं त्रिशलामातुः सेवां चक्रुः।

गर्भभारदुःखरहिता नवमासान् पूर्णीकृत्य चैत्रशुक्लत्रयोदशशुभतिथौ शुभमुहूर्ते च सा तीर्थंकरशिशुमजनयत्। अधोमध्योर्ध्वलोकेषु हर्षध्वनिः प्रासरत। इन्द्रासनकम्पिते सति चतुर्णिकायदेवैः शच्या साकं च शुभैरावतगजोपरि आरूढो भूत्वा सौधर्मेन्द्रः कुण्डलपुरनगरीं त्रिप्रदक्षिणीकृत्य राज्ञः सिद्धार्थस्य प्रासादमागतः।

इन्द्राज्ञया शची प्रथमतः प्रसूतिगृहं गत्वा मातरम् मायानिद्रायां स्वापयित्वा तीर्थंकरशिशु निजांके गृहीत्वा पतिदेवाय समर्पयत्। वीरनामानं अनुपमशिशुं दृष्ट्वा स अत्यन्तं प्रसन्नीभूय सहस्राक्षिभिरवलोकयत्। गर्भजन्मनोर्द्वौ कल्याणकौ प्राप्तः स श्रीवीरप्रभुः सिद्धार्थराज्ञः कुलवृद्धिकरणार्थं सूर्यसमः।

केन विशेषणेन विशिष्टो वीरनाथः ? सिद्धिप्रियः सिद्धिः मुक्तिः सा एव कन्या तस्या प्रियः, वरः पतिः सिद्धिप्रियः। निष्क्रमण-केवलज्ञान-निर्वाणैस्त्रिकल्याणकैः निजात्मानं

सिद्धशिलायाःउपरि स्थापयित्वा शाश्वतसुखभाग् वभूव। पुनः वीरनाथस्य को विशिष्टगुणः? सकलभव्यजनानां हितं सुखं करोतीति हितंकरः। भवितुं योग्यो भव्यः भवाब्धिं तर्तुं शक्यः भव्यः तेभ्य; सम्पूर्णभव्यप्राणिभ्यः कल्याणकारिणं उपदेशमदात्। तस्योपदेशाः अद्यापि मोक्षमार्गं प्रदर्शयन्ति।

किमर्थं तस्य स्मरणं क्रियते मया ? मे किल सन्मतिं वितनुतात्। वीरनाथस्य पंचनामषु सन्मतिरपि एकं नाम अस्ति। सत् सम्यक् मतिर्बुद्धिर्यस्य स सन्मतिः बुद्धिऋद्धिकेवलज्ञानादिगुणसम्पन्नो मे मह्यं किल निश्चयेन सद्बुद्धिं ददातु।

इदमत्र तात्पर्यं— वीरभगवतः स्तुतिप्रसादेन भव्यजीवोऽपि तेन सदृशो भवितुं योग्यो भवति। अतः सिद्धकन्यावरणार्थं वीरस्य महावीरस्य अथवा वकारेण चतुरंको रशब्देन च द्व्यंकस्तथा अंकानां वामतो गतिः इति न्यायेन चतुर्विंशतिशब्देन चतुर्विंशतितीर्थंकराणामपि स्तुतिरस्माभिरवश्यमेव करणीया।

**हिन्दी टीका —** इस मध्यलोक में असंख्यात द्वीप समुद्र हैं जिनमें सबसे पहले द्वीप का नाम जम्बूद्वीप है। उस जम्बूद्वीप में भरतक्षेत्र के आर्यखण्ड में भारतदेश है। भारत देश के विहार प्रदेश में नालन्दा के निकट स्वर्ग के समान सुन्दर एक कुण्डलपुर नाम की नगरी है। वहाँ सुषमादुषमा नामक चतुर्थकाल के अन्त भाग में श्रीसिद्धार्थ नाम के एक न्यायप्रिय राजा थे। वैशाली के महाराजा चेटक की पुत्री त्रिशला उनकी पट्टरानी थी।

एक बार रानी त्रिशला ने रात्रि के पिछले प्रहर में सुन्दर-सुन्दर सोलह स्वप्न देखे। प्रातःकाल नित्यक्रिया से निवृत्त होकर राजसभा में जाकर उन्होंने अपने पतिदेव से उन स्वप्नों का फल पूछा। स्वप्नों के शुभफल स्वरूप अपने पवित्र गर्भ में तीर्थंकर महावीर का अवतार हुआ जानकर त्रिशला रानी हर्ष से पुलकित होती हुई अन्तःपुर में आ गई।

''तीर्थंकर महावीर अच्युत स्वर्ग से च्युत होकर त्रिशला के गर्भ में आए हैं'' ऐसी सूचना पाकर सौधर्म इन्द्र ने स्वर्ग से आकर कुण्डलपुर नगर में गर्भकल्याणक उत्सव मनाया। इन्द्र की आज्ञा से कुबेर ने माता के आंगन में रत्नों की वृष्टि की थी। आषाढ़ शुक्ला षष्ठी का वह दिन धन्य हो गया था। श्री, ह्री, धृति आदि नामकी देवियों ने आकर प्रीतिपूर्वक त्रिशला माता



की सेवा की थी।

गर्भ भार के दुःख से रहित नवमास पूर्ण करके चैत्र शुक्ला त्रयोदशी की शुभ तिथि और शुभ मुहूर्त में माता त्रिशला ने तीर्थंकर शिशु को जन्म दिया। अधो, मध्य और ऊर्ध्व इन तीनों लोकों में हर्ष ध्वनि फैल गई। इन्द्र का आसन कम्पायमान होते ही चारों निकाय के देवों तथा शची के साथ ऐरावत हाथी के ऊपर सवार होकर सौधर्म इन्द्र चल दिये तथा कुण्डलपुर नगरी की तीन प्रदक्षिणा देकर राजा सिद्धार्थ के महल में आ गए।

इन्द्र की आज्ञा से शची ने पहले प्रसूति गृह में जाकर माता को मायामयी निद्रा में सुलाकर तीर्थंकर शिशु को गोद में लाकर पतिदेव को समर्पित कर दिया। वीर नाम के उस अनुपम शिशु को देखकर अत्यंत हर्षित होते हुए इन्द्र ने सहस्र नेत्रों से उनका अवलोकन किया। गर्भ, जन्म इन दो कल्याणकों को प्राप्त करके वे कुमार महावीर सिद्धार्थ राजा के कुल की वृद्धि करने में सूर्य सदृश थे।

वे वीरनाथ भगवान् किन विशेषणों से विशिष्ट हैं ? सिद्धिप्रिय—सिद्धि—मुक्ति नामकी कन्या के प्रिय—पति जो बन गए। वे सिद्धिप्रिय विशेषण से सुशोभित हो गए। उन्होंने दीक्षा, केवलज्ञान और निर्वाण इन तीन कल्याणकों के द्वारा अपनी आत्मा को सिद्धशिला के ऊपर स्थापित करके शाश्वत सुख प्राप्त किया। पुनः वीरनाथ भगवान के कौन से अन्य विशेष गुण हैं ? जो संपूर्ण भव्य प्राणियों के हित—सुख को करता है वह हितंकर कहलाता है। भव्य किसे कहते हैं ? भवसमुद्र को तिरने में समर्थ भव्य कहलाते हैं उन सभी भव्य प्राणियों के लिए महावीर भगवान ने कल्याणकारी उपदेश दिए। उनके उपदेश आज भी मोक्षमार्ग का प्रदर्शन करा रहे हैं।

उनका स्मरण मैं किसलिए करता हूँ ? मुझे सन्मति-सद्बुद्धि प्राप्त हो इसलिये सन्मति की स्तुति करने को तत्पर हुआ हूँ। वीर भगवान् के

पांच नामों में **सन्मति** भी एक नाम है। सत्—सम्यक् है मति—बुद्धि जिनकी वे सन्मति प्रभु बुद्धि, ऋद्धि, केवलज्ञानादि गुणों से सम्पन्न होते हुए मुझे भी निश्चय से सद्बुद्धि प्रदान करें।

यहाँ तात्पर्य यह है कि वीर भगवान की स्तुति के प्रसाद से भव्य जीव भी उनके सदृश भगवान् बनने में समर्थ हो जाते हैं। अतः सिद्धिकन्या का वरण करने के लिए महावीर स्वामी की स्तुति में ''वीर'' शब्द के वकार से ४ का अंक और ''र'' शब्द से २ का अंक आया तथा ''अंकानां वामतो गतिः'' इस न्याय से २४ अंक के द्वारा चौबीसों तीर्थंकरों की स्तुति मुझे अवश्य करनी चाहिए।

**भावार्थ—** भगवान महावीर स्वामी जो इस अवसर्पिणी काल के चौबीसवें तीर्थंकर थे उनकी स्तुति करते हुए गणिनी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी ने ''महावीरस्तोत्र'' नाम से संस्कृत स्तोत्र के मंगलाचरण में उपर्युक्त भाव संजोए हैं। ''सन्मति'' शब्द की व्याख्या में उन्होंने अपनी बुद्धि को सम्यक् बनाने की भावना व्यक्त की है तथा माता त्रिशला के मातृत्व को धन्य बतलाया है। जो कि वास्तव में एक नारी के लिए महान सौभाग्य का प्रतीक है।

तीर्थ का प्रवर्तन करने वाले तीर्थंकर भगवान तो जगत में सर्वश्रेष्ठ होते हैं। वे सौ इन्द्रों से पूज्य समस्त प्राणियों के मनवांछित कार्य की सिद्धि करने वाले हैं। वीतरागी होते हुए भी भगवान् की स्तुति से अशुभ कर्म शुभ में परिवर्तित हो जाते हैं अतः स्तुति में सद्बुद्धि प्रदान करने की याचना दोषास्पद नहीं है।

यहाँ प्रसंगानुसार भगवान महावीर की जन्मभूमि कुण्डलपुर की वास्तविकता के बारे में भी जानकारी प्रदान की जा रही है—

जैनरामायण पद्मपराुण की निम्न पंक्तियां वर्तमान के संदर्भ में अक्षरशः सार्थक सिद्ध हो रही हैं-



**आचाराणां विघातेन, कुदृष्टीनां च सम्पदा।**
**धर्मग्लानिपरिप्राप्तमुच्छ्रयन्ते जिनोत्तमाः।।**

अर्थात् जब-जब धरती पर सदाचार नष्ट होने लगता है, सच्ची शास्त्रीय दृष्टि निराधार विषयों से बदलने लगती है, धर्म हानि को प्राप्त होने लगता है, तब-तब कोई न कोई जिनोत्तम अथवा जिनमार्ग के पोषक महापुरुष इस धरती पर अवतरित होते हैं अर्थात् हमेशा इस देश में बलि के साथ विष्णुकुमार, रावण के साथ राम, सूर्पणखा के साथ सीता, कंस के साथ कृष्ण जैसी महान आत्माओं ने जन्म लेकर अधर्म और अत्याचार पर धर्म और सदाचार की विजयपताका फहराई है।

वर्तमान कलियुग में भी जैनसंस्कृति के पतन और उत्थान दोनों का मिश्रित रूप चल रहा है। जब संस्कृति से अज्ञात आधुनिक इतिहासवेत्ता मनमानी शोध करने में अपनी अहं भूमिका निभा रहे हैं तब क्यों न हम अपने प्राचीन इतिहास का अवलोकन कर अपनी धरोहरों पर कुठाराघात होने से उन्हें बचाने एवं संरक्षण करने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दें। एक प्राचीन विद्वान ने कहा है कि-

''इतिहास के सृष्टा तो चले गए, पर सृष्ट इतिहास को एकत्र करने वाले भी उत्पन्न नहीं होते। अपनी ही मिट्टी में अपने रत्न दबे पड़े हैं, उनको हमने अपने पैरों से रौंदा और उनको चुनने के लिए समुद्र के उस पार से टॉड, फार्ब्स, ग्रोस, कनिंघम आदि आए। वे इतिहास गवेषणा के लिए नियुक्त नहीं हुए थे परन्तु वे अपने राजकीय कार्य के बाद अवकाश के समय यहां की प्रेमगाथाएं व शौर्यकथाओं से प्रभावित हुए। इनका स्वर उनके कानों में पड़ा और उसी प्रकार ने उनके हृदय में शोधक बुद्धि उत्पन्न कर दी।'' श्री सत्यकेतुविद्यालंकार ने **''भारत का इतिहास''** नामक पुस्तक के पृ. ५०६ पर इतिहास का लक्षण लिखा है-

**इतिहास प्रदीपेन, मोहावरण घातिना।**
**सर्वलोक धृतं गर्भ, यथावत्संप्रकाशयेत्।।**

अर्थात् इतिहास एक ऐसे दीपक के समान है जो मोहरुपी अर्थात् भ्रमरूपी

अंधकार को नष्ट करता है जिसका प्रयोजन यह है कि संसार की घटनाओं की आधारभूत बातों व तथ्यों पर सही-सही रूप से प्रकाश डाला जाए। दीपक द्वारा काली वस्तु काली दिखाई देती है और सफेद वस्तु सफेद, वह किसी से पक्षपात नहीं करता। इतिहास का भी यही प्रयोजन है।

**महावीर के शासन में जन्म लेने वाले महावीर के भक्तों!**

इतिहास का लक्षण बताने वाली ये प्राचीन पंक्तियां आज केवल इतिहास की ही धरोहर बन गई हैं, इन पर अमल करने वाले वर्तमान में कोई इतिहासकार शायद शेष नहीं रहे हैं इसलिए आज का इतिहास भारतसरकार की बदलती राजनीतियों से जुड़कर इतिहासलेखकों की धर्मविद्रोही नीतियों का परिचयमात्र प्रदान करने वाला रह गया है। इन दूषित इतिहासों को पढ़ने से क्षुभित होकर ही एक लेखक ने यही पत्रिका के सम्पादकीय में लिखा है-

**''प्रागैतिहासिक काल में हुए आदि तीर्थंकर ऋषभदेव, राम, कृष्ण आदि की जन्मभूमि के संबंध में जहां कोई मतभेद नहीं है वहीं ऐतिहासिक युग में हुए भगवान महावीर की जन्मभूमि का सर्वमान्य निर्णय न हो पाना आश्चर्यजनक है।**

किसी नीतिकार ने कहा है कि-

**स्वजातिपूर्वजानां तु, यो न जानाति सम्भवम्।**
**स भवेत् पुश्चलीपुत्र, सदृशः पुत्रवेदकः।।**

**अर्थ**—अपने पूर्वजों के विषय में जो जानकारी नहीं रखता वह उस कुलटा पुत्र के समान है जिसे अपने पिता के विषय में पता नहीं अर्थात् अतीत ही वर्तमान का सांस्कृतिक आधार है और इस अतीत को न जानने वाला अपनी सनातन निधि के परिज्ञान बिना निराधार सदृश है।

जिन तीर्थंकर भगवन्तों की दिव्यदेशना से वर्तमान में जैनशासन विद्यमान है, उनके जीवन का परिज्ञान रखना हमारा परम पुनीत कर्तव्य है। आज से २६०० वर्ष पूर्व जब चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर राजा सिद्धार्थ की महारानी त्रिशला से जन्म लेने वाले थे तब इन्द्र ने कुण्डलपुर नगरी की भव्य रचना की थी। ९६ मील विस्तृत उस नगरी का वैभव मानो स्वर्गपुरी के समान ही शोभता था।



तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म से वह नगरी सदैव-सदैव के लिए पूज्यनीय बन गई थी जो सौभाग्य से आज भी बिहार प्रदेश में नालन्दा के निकट विद्यमान है। यद्यपि काल के प्रभाव और समाज की सुप्तता ने उसका वैभव अपने आंचल में समेटकर हमारी आंखों से ओझल कर दिया है परन्तु उसकी पूज्यता निरंतन बनी रही है। पहले भी कई प्राचीन आगम प्रमाणों द्वारा मैंने कुण्डलपुर का भगवान महावीर जन्मभूमि के रूप में दिग्दर्शन कराया है जिसके मूल में विडम्बना छिपी है और वह है **कुछ आधुनिक शोधों के आधार से वैशाली को भगवान महावीर की जन्मभूमि कहने का दुष्प्रयास करना।**

यह कलियुग की बेबुनियादी शोध का ही प्रभाव मानना पड़ेगा कि महावीर की वास्तविक जन्मभूमि होते हुए भी उसके निराधार विकल्प हमारे समक्ष आ रहे हैं। कुछ ऐसे तथ्यों की ओर सुधी पाठकों का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं जो निरन्तर शोध की प्रक्रिया में मेरे सामने उजागर हुए हैं।

पं. बलभद्र जैन द्वारा लिखित **''भारत के दिगम्बर जैन तीर्थ-महाराष्ट्र''** में पृष्ठ २०३ पर गजपन्था क्षेत्र की अवस्थिति के विषय में लिखा है— कुछ विद्वान वर्तमान गजपंथ क्षेत्र को वास्तविक न मानकर आधुनिक खोज मानते हैं उनका तर्क है कि इस क्षेत्र पर न तो कोई प्राचीन मंदिर है और न पुरातत्त्व ही, किन्तु प्राचीन साहित्य में कुछ प्रसंग या स्थल ऐसे भी प्राप्त होते हैं जिनसे इस बात का निर्णय हो जाता है कि यह क्षेत्र कहां पर अवस्थित था। असगकवि कृत**''शान्तिनाथ चरित''** में एक प्रसंग है- अमिततेज ने अपनी विशाल वाहिनी को लेकर अशनिवेगविद्याधर का पीछा किया तब वह अपनी रक्षा का कोई उपाय न देखकर भाग खड़ा हुआ और नासिक्य नगर के बाहर गजध्वजपर्वत पर जा पहुंचा। उल्लेख इस प्रकार है—

**अपश्यन्नापरं किंचिद्रक्षोपायमथात्मनः।**
**शैलं गजध्वजं प्रापन्नासिक्यनगराद् बहिः।।**

इस उल्लेख से यह स्पष्ट हो जाता है कि गजपंथ शैल नासिक्य नगर के बाहर था किन्तु श्लोक में गजपन्थ शब्द न देकर कवि ने पर्वत का नाम गजध्वज

दिया है। गजध्वज और गजपंथ एक ही पर्वत के नाम हैं और परस्पर पर्यायवाची हैं। इस बात का समर्थन बोधप्राभृत गाथा २७ की श्रुतसागर कृत टीका से भी होता है। उसमें समस्त तीर्थों के नाम इस प्रकार दिए हैं—

**"ऊर्जयन्त-शत्रुंजय--------नासिक्यनगरसमीपवर्ति**
**गजध्वजगजपंथ-सिद्धकूट------- तीर्थंकरपंचकल्याणस्थानानि।"**

उपर्युक्त उल्लेख में **"नासिक्यसमीपवर्ती गजध्वज गजपंथ"** नाम देकर सारी शंकाओं का समाधान कर दिया है इसका अर्थ यह ही है कि गजपंथ नासिक नगर के समीप था और उसका अपरनाम **"गजध्वज"** भी था। वर्तमान में भी गजपन्थ क्षेत्र नासिक शहर से केवल ६ किमी. दूर है।

यहां पर इस उदाहरण को लेने का तात्पर्य यही है कि जब-जब आधुनिक इतिहासकार एवं शोधकर्ताओं ने किसी वास्तविकता पर प्रश्नचिन्ह लगाया तब-तब अपने-अपने प्राचीन दिगम्बर जैन आगमग्रन्थों के आधार से ही निर्णय हुए हैं अन्यथा प्रत्येक तीर्थ एवं धर्म की बातें विवाद की कोटि में आ जाएंगी।

पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा प्रकाशित **"श्रमण"** पत्रिका अप्रैल-सितम्बर २००१ जन्मभूमि के संदर्भ में कुछ और अधिक प्रकाश डाल रही है।

इस पत्रिका में प्रकाशित लेख **"वैशाली-आचार्य विजयेन्द्रसूरि"** पृष्ठ २०-४६ द्वारा यह स्पष्ट है कि वास्तव में श्वेताम्बर परम्परा द्वारा प्रारंभ में वैशाली को भगवान महावीर की जन्मभूमि माना गया है और दिगम्बर जैन सम्प्रदाय नालन्दा के निकट कुण्डलपुर को महावीर की जन्मभूमि मानता है।

यहां पर विशेष विचारणीय तथ्य यह है कि इसी पत्रिका में प्रकाशित दूसरे आलेख **"महावीर के जन्मस्थान पर नया प्रकाश "** पृष्ठ ५०—५४ में पुरातत्व विभाग, बिहार के निदेशक श्री अजय कुमार सिन्हा ने विभिन्न भूगर्भीय, भौगोलिक, ऐतिहासिक तथा भाषायी साक्ष्यों के आधार से वैशाली का भगवान महावीर की जन्मभूमि के रूप में पूर्णतया विरोध किया है। वह लिखते हैं कि भगवान महावीर यदि वैशाली से संबंधित होते तो उनकी भाषा वैगई होती उन्होंने यह भी लिखा है कि कोई प्राचीन जैन भग्नावशेष वैशाली के निकट प्राप्त नहीं हुआ है जिससे



उनकी जन्मभूमि का तथ्य सामने आ सके-----इत्यादि।

पुरातत्व सम्बंधी Directory of Bihar Archaeology by B.P. Sinha का मैंने अवलोकन किया। उसमें पृष्ठ २२३ पर वैशाली के संदर्भ में लिखा है—

"It is still more significant that Vaishali known as the birth place of Mahavira Kundgrama and also as the place which Mahavira visited several times has not yided any clear Jaina antiquity. Nor the various sites of Yaksha worship; Sarandada; Capala; Vdena; Bahupujiya and the last visited by Mahavira have been indentified. Even Vasukunda believed to be the birthplace of Mahavira has not been excavate.............while Vasukunda has not been touched by archaeologist's spade. Thus even Vaishali needs further excavation."

अर्थात् " यह और भी अधिक महत्वपूर्ण है कि वैशाली जिसे महावीर की जन्मभूमि-कुण्डग्राम कहा जाता है और जहां महावीर कई बार गए वहां से कोई स्पष्ट प्राचीन जैन अवशेष प्राप्त नहीं हुए हैं---यहां तक कि वासोकुण्ड, जिसे महावीर का जन्मस्थान माना जाता है, की भी खुदाई की गई है----जबकि वासोकुण्ड को पुरातत्त्वशास्त्रियों द्वारा स्पर्श भी नहीं किया गया है। इस प्रकार वैशाली में भी आगे खुदाई किये जाने की आवश्कयता है।" सार यह है कि पुरातत्त्व एवं प्राचीन भग्नावशेषों के आधार पर वैशाली की स्थिति भगवान महावीर की जन्मभूमि के रूप में तो कभी सुदृढ़ हो ही नहीं सकती बल्कि यह वैशाली भी वास्तविक वैशाली नहीं है क्योंकि सन् १९५० से १९६० के मध्य उस नगर का नाम **"बसाढ़"** था और कुछ लोगों ने मिलकर उसका नाम **"वैशाली"** रख दिया। इस तरह से तो राजधानी दिल्ली में भी एक कॉलोनी का नाम है **"वैशाली"**, वहीं पर निकट में **"कौशाम्बी"** नामक एक विशाल कॉलोनी है किन्तु ये सभी स्थल महावीर से कोई संबंध नहीं रखते, उसी प्रकार प्राचीन

बसाढ़ आज की वैशाली भी केवल नाम बदल देने से महावीर की ननिहाल नहीं हो सकती है। शास्त्रों में वर्णित वैशाली सिन्धुदेश में मानी गई है और कुण्डलपुर नगरी विदेहदेश में कही है। विदेशदेश तो वर्तमान का बिहार प्रदेश है तो वहां सिन्धुदेश हो ही नहीं सकता है अतः अभी तो सिन्धुदेश की असली **''वैशाली''** नगरी की खोज होनी चाहिए एवं ५० वर्ष से स्थापित वैशाली को प्राचीन नाम **''बसाढ़''** के रूप में ही माननी चाहिए।

इसी Directory of Bihar Archaeology का अवलोकन करने पर मैंने देखा कि पृष्ठ २६४ पर लिखा है—

Besides being located in Basukunda-Vaishali; Kundalpur-baragaon near Nalanda is the considered belief of Digamber Jainas as Mahavira's birthplace while many Svetambara Jains take Lacchuar; near the Lakhisarai railway station as his birthplace-

अर्थात्-नालन्दा के निकट कुण्डलपुर-बड़गांव दिगम्बरजैनों की मान्यतानुसार महावीर की जन्मभूमि है--।।

The site earlier was known as baragaon; which is even today a village adjacent to Nalanda ruins and formed a part of Nalanda complex; who according to Buchanan belonged to he dynasty of the Andhras wo began their rule 80 years after christ and continued for 200 years. But Jains priests told Buchanan that the site represents the residence of Raja Shrenik and his oncesores; who preceded the establishment of the Andhra dynasty here and lived about six or seven centrues earlier.

----अर्थात् नालन्दा के निकट बड़गांव-कुण्डलपुर को **''बुकनैन''** के अनुसार **Andhra dynasty** के ''मग'' राजा द्वारा स्थापित माना गया है। इस **dynasty** का शासनकाल ईसा के ८० वर्ष बाद प्रारंभ होकर २०० वर्ष तक चला परन्तु जैन पुजारियों ने ''बुकनैन'' को बताया कि इस स्थान पर वास्तव में



राजा श्रेणिक और उनके संबंधियों का निवास था जो **Andhra dynasty** के पूर्ववर्ती थे और उनसे छह या सात शताब्दी पूर्व हुए थे।''

पुरातत्त्व की इन पंक्तियों से कुण्डलपुर की जो पहचान नालन्दा और बड़गांव की निकटता से हुई है वही प्रामाणिकता **''दिगम्बर जैन पुस्तकालय''** श्रीमहावीरजी-राज. से दिसम्बर सन् १९६२, वी.नि.सं. २४८६ में प्रकाशित **''वृहद् महावीर कीर्तिन''** के पृष्ठ ६०४ पर निम्न पंक्तियों के द्वारा तीर्थयात्रियों को सूचना दी जाती रही है।

***कुण्डलपुर***

यहां का स्टेशन बड़गांव है। इस दर्शनीय स्थल पर जमीन के अंदर एक विशाल नगरी और जैनमूर्तियां निकली हैं। एक विशाल भवन बौद्धधर्म का भी निकला है। इसके संबंध में कहा जाता है कि यह नालन्दा विश्वविद्यालय और छात्रालय है। दिगम्बरी धर्मशाला में एक मंदिर है जिसमें महावीर स्वामी की प्रतिमा बड़ी सुन्दर है। यह महावीर स्वामी का जन्मस्थान है। बड़गांव स्टेशन वापस आकर राजगृही की टिकट लें।

इन पंक्तियों से एकदम स्पष्ट हो जाता है कि सभी लोग ईसा से छह-सात शताब्दी पूर्व नालन्दा के निकट कुण्डलपुर को ही महावीर का जन्म और निवासस्थल मानते हैं।

जहां तक पर्यटन विभाग का प्रश्न है- बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित फोल्डर राजगिर में कुण्डलपुर को दिगम्बर जैन मान्यतानुसार भगवान महावीर की जन्मभूमि लिखा गया है।

***Kundalpur-***

The digamber sect of the Jains believe that Lord Mahavir was born at Kundalpur, 18 km. from Rajgir. A Jain temple and two lotus lakes-the Dirga Pushkarni and Pandava Pushkarni mark the spot.

बिहार से प्रकाशित ''सप्ततीर्थ दर्शन'' नामक रंगीन चित्र वाली पुस्तक में

भी 'कुण्डलपुर' और 'लिछवाड़' इन दो जन्मभूमियों के चित्र प्रकाशित हैं जिसमें से कुण्डलपुर दिगम्बर जैनों के अनुसार और लिछवाड़ श्वेताम्बर जैनों के अनुसार महावीर जन्मभूमि है।

अन्त में समस्त दिगम्बर जैन समाज से मेरी यह प्रेरणा है कि कहीं भी आप महावीर जन्मस्थल कुण्डलपुर के साथ वैशाली का उल्लेख न करें क्योंकि वह भगवान की ननिहाल थी। कुण्डग्राम, क्षत्रियकुण्ड, वासोकुण्ड इत्यादि नामों के स्थान पर एकमात्र कुण्डलपुर ही प्रयुक्त करें। न ही भगवान महावीर को वैशालिक, विदेहदन्त, विदेहसुकुमार, नाथपुत्र, णिगण्ठपुत्त आदि लिखें वरन् उनके वीर, वर्धमान, महावीर, अतिवीर और सन्मति ये पाँच नाम ही दिगम्बर सम्प्रदाय में मान्य हैं इनके अतिरिक्त सिद्धार्थपुत्र, त्रिशलानन्दन एवं नाथवंशी विशेषण भी प्रयुक्त किए जा सकते हैं। आप अपनी प्राचीन परम्परा का अनुकरण करें और जैनधर्म की शाश्वत सत्ता के संवर्धन में सहयोगी बनें।

**''श्री पतिर्भगवान्पुष्याद्भक्तानां वः समीहितम्।**
**यद्भक्तिः शुल्कतामेति मुक्तिकन्या करग्रहे।।''**
**-छत्र चूड़ामणि**

**''तज्जयति परं ज्योतिः समं समस्तैरनन्त पर्यायैः।**
**दर्पण तल इव सकला प्रतिफलति पदार्थमालिका यत्र।।''**
**-पुरुषार्थसिद्धियुपाय**

## 2

**कैवल्यबोधरविदीधितिभिः समंतात्,**
**दुष्कर्मपंकिलसरः किल शोषयन् यः।**
**भव्यस्य चित्तजलजप्रतिबोधकारी,**
**तं सन्मतिं सुरनुतं सततं स्तवीमि।।२।।**

**दुरितपंक से पंकिल पृथ्वी, कीच सहित सर्वत्र अहो!**
**केवलज्ञान सूर्य किरणों से, सदा सुखाते रहते हो।**
**भव्य जनों के मन सरोज को, सदा खिलाते हो भगवन्।**
**सुरगण पूजित सन्मति-जिनका, करुँ भक्ति से सदा स्तवन।।२।।**

**अन्वयार्थ —** **(यः)** जो **(कैवल्यबोधरविदीधितिभिः)** केवलज्ञानरूपी सूर्य की किरणों के द्वारा **(समंतात् किल दुष्कर्मपंकिलसरः शोषयन्)** सभी तरफ से दुष्कर्म कीचड़ से व्याप्त संसार-पृथ्वी रूपी सरोवर को सुखाते हुए **(भव्यस्य चित्तजलजप्रतिबोधकारी)** भव्यप्राणियों के हृदय कमल को खिला देते हैं। **(तं सुरनुतं सन्मतिं सततं स्तवीमि)** ऐसे देवों के द्वारा स्तुत सन्मति भगवान की मैं सतत स्तुति करता हूँ।

**टीका —** स्तवीमि नौमि स्तवनं करोमि, अहं कं स्तवीमि ? सन्मतिं महावीरं चतुर्विंशतितमं तीर्थंकरवीरप्रभुम्। कैः विशेषणैः संयुक्तः स सन्मतिः ? यः किल कैवल्यबोधरविदीधितिभिः समंतात् दुष्कर्मपंकिलसरः शोषयन्। यः तीर्थंकरो भगवान् महावीरो निजकेवलज्ञानसूर्यस्य रश्मिभिः समस्तसंसारप्राणिनां दुष्टकर्मपंकं शुष्कं करोति, यस्य कैवल्यरवेः तेजःपुंजसमक्षं भव्यजीवानां कर्मरजांसि शुष्काणि भवन्ति। भव्यस्य चित्तजलजप्रतिबोधकारी यथा सूर्योदये सत्येव सरसि पद्मानि प्रफुल्लितानि तथैव भगवतः केवलज्ञानसूर्योदये जाते भव्यानां चित्तकमलान्यपि विकसितानि। अत्रायमर्थः तीर्थंकरस्य दिव्यध्वनिना समस्तमुमुक्षूणां हृदयानि सम्यग्ज्ञानेन प्रदीप्तानि। एभिर्विशेषणैः संयुक्तः सन्मतिः सुरनुतः सुरैः देवगणैः इन्द्रैश्च वन्दितः स्तुतः, इन्द्रखगेन्द्रनरेन्द्राः अपि यस्य पादपद्मयोः स्तुतिं कुर्वंति तं सन्मतिं सततं शतबारं

सदैव सदाकालं अहम् स्तवीमि।

इदमत्र तात्पर्यं यत् किल निश्चयेन तीर्थंकरमहावीरस्य स्तुतिप्रभावेन भव्यजीवाः कर्माणि क्षपयित्वा अखण्डज्ञानं प्राप्नुवन्ति, तर्हि संसारस्य इन्द्रियसुखानि सुलभतयैव लभन्ते किमाश्चर्यम् ?

**हिन्दी टीका —** मैं स्तुति करता हूँ। किसकी स्तुति ? चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की अथवा जिनका सन्मति यह द्वितीय नाम भी है उनकी स्तुति करता हूँ। किन विशेषणों से सहित हैं वे सन्मति प्रभु ? जो अपने केवलज्ञान सूर्य की किरणों से पृथ्वी तल रूपी सरोवर में चारों ओर से व्याप्त दुष्कर्म कीचड़ को सुखाने वाले हैं अर्थात् तीर्थंकर महावीर अपने केवलज्ञान सूर्य की रश्मियों के द्वारा समस्त संसारी प्राणियों के दुष्टकर्म रूप कीचड़ को सुखाते हैं—नष्ट करते हैं। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि तीर्थंकर के तेजोपुंज के समक्ष समस्त प्राणियों के कर्मरज स्वयमेव सूख जाते हैं।

भगवान महावीर का द्वितीय विशेषण है—वे भव्यों के चित्त—हृदयकमल को खिला देते हैं अर्थात् जिस प्रकार सूर्योदय होने पर सरोवरों में स्थित कमल प्रफुल्लित हो जाते हैं उसी प्रकार भगवान् के केवलज्ञान सूर्य के उदित होते ही भव्य प्राणियों के हृदय कमल विकसित हो जाते हैं।

यहाँ श्लोक का अर्थ यह है कि तीर्थंकर की दिव्यध्वनि से समस्त मुमुक्षुओं के हृदय में सम्यग्ज्ञान प्रस्फुटित हो जाता है। उपर्युक्त इन विशेषणों से संयुक्त सन्मति—महावीर भगवान देवताओं एवं इन्द्रों से वंदनीय हैं अर्थात् जिनके श्री चरणों में इन्द्र, खगेन्द्र, नरेन्द्र भी स्तुति करते हैं उन सन्मति भगवान की मैं भी सदैव—नित्य स्तुति करता हूँ।

यहाँ तात्पर्य यही है कि तीर्थंकर महावीर की स्तुति के प्रभाव से जब भव्यजीव निश्चित ही कर्मों का क्षपण करके अखण्डज्ञान—केवलज्ञान प्राप्त करते हैं तो संसार में इन्द्रियसुख सुलभतया प्राप्त हो जावें इसमें भला क्या आश्चर्य है ? कुछ भी आश्चर्य की बात नहीं है।

**भावार्थ —** प्रत्येक संसारी प्राणी के साथ कर्मों का सम्बन्ध अनादिकाल से चला आ रहा है। जैसा कि आचार्य श्री नेमिचन्द्र सिद्धांतचक्रवर्ती ने



गोम्मटसार कर्मकांड में कहा है -

**पयडी सील सहाओ, जीवंगाणं अणाइसंबंधो।**
**कणयोवले मलं वा, ताणत्थित्तं सयं सिद्धं।।**

अर्थात् जैसे स्वर्ण पाषाण हमेशा किट्ट कालिमा से संयुक्त होता है उसी प्रकार जीव और कर्म अनादिकाल से परस्पर में मिले हुए हैं अतः यही उनका स्वभाव बन गया है।

उपर्युक्त श्लोक में श्री ज्ञानमती माताजी ने कर्मों की कीचड़ सुखाने हेतु भगवान महावीर के केवलज्ञान को सर्वोत्कृष्ट सूर्य बतलाया है। कर्मों को उन्होंने कीचड़ की उपमा प्रदान की है। कीचड़ में पैर पड़ जाने पर पैर को धोना अवश्य पड़ता है किन्तु यदि सूर्य अपनी तीव्र उष्ण किरणों से पृथ्वी के कीचड़ को सुखा देता है तो पथिक निर्द्वन्द्व होकर पृथ्वी पर विचरण करने लगते हैं। तीर्थंकर महापुरुष कर्म की कीचड़ में पड़कर पुनः संयम के जल से अपने पैरों को धोकर स्वच्छ कर लेते हैं इसके पश्चात् वे अपने केवलज्ञान सूर्य की किरणों से अन्य भव्य जीवों के कर्म कीचड़ को सुखाने में समर्थ हो जाते हैं।

महापुरुषों की भक्ति करने वाला मानव जब भक्ति में तल्लीन होता है तब अनादिकाल से लगे हुए कर्म सूख-सूख कर जर्जरित हो जाते हैं। इसी प्रकार भव्यों का हृदय कमल भी भगवान् के केवलज्ञान सूर्य की किरणों से विकसित हो जाता है। कमल खिलने का अभिप्राय यही है कि वीतराग मुद्रा के अवलोकन से हृदय प्रफुल्लित होता है— रोम-रोम पुलकित हो जाता है। जिनके चरणों में इन्द्रगण भी नमस्कार करते हैं ऐसे उन सन्मति नाम वाले महावीर स्वामी की स्तुति की गई है।

कहा जाता है कि एक बार कुण्डलपुर के नंद्यावर्त महल में जब महावीर शिशु अवस्था में पालने में झूल रहे थे उस समय संजय-विजय नाम के दो चारणऋद्धिधारी मुनीश्वर वहां आए और उनके मन की शंका का निवारण पालने के पास जाते ही स्वयमेव हो गया तब उन मुनियों ने उनको **सन्मति** नाम से सम्बोधित किया। इसीलिए पांच नामों में सन्मति एक नाम है उसी नाम की सार्थकता इस श्लोक में बताई गई है।

## 3

**पावापुरे सरसि पद्मयुते मनोज्ञे,**
**योगं निरुध्य किल कर्मवनं ह्यधाक्षीत्।**
**लेभे सुमुक्तिललनामुपमाव्यतीताम्,**
**भेजे त्वनंतसुखधाम नमोऽस्तु तस्मै।।३।।**

**पावापुर के बीच कमल युत, जल से पूर्ण सरोवर है,**
**वहीं योग का निरोध करके, कर्माटवी जलाई है।**
**उपमा रहित मुक्ति ललना को, प्राप्त किया शिवपुर जाके,**
**अनंत सुखमयधाम मुक्तिपति, है नमोऽस्तु तुमको रुचि से।।३।।**

**अन्वयार्थ — (पावापुरे पद्मयुते मनोज्ञे सरसि योगं निरुध्य किल कर्मवनं हि अधाक्षीत्)** पावापुरी नगरी में कमलों से सहित मनोज्ञ सरोवर के मध्य में योग का निरोध करके समस्त कर्म रूपी वन को दग्ध किया—जला दिया। **(उपमाव्यतीताम् सुमुक्तिललनां लेभे)** उपमा रहित **(अनुपम)** मुक्तिरूपी ललना को प्राप्त किया **(अनंतसुखधाम तु भेजे)** और अनंत सुख के धाम सिद्धपद को प्राप्त कर लिया **(तस्मै (मे) नमोऽस्तु)** उन वीर भगवान् को मेरा नमस्कार होवे।

**टीका**—अस्मिन् भारतदेशे विहारप्रान्ते पावापुरं नाम नगरमस्ति, यद्भगवतः महावीरस्य निर्वाणकल्याणकेन पावनं जातं, तस्य पावापुरस्य सिद्धक्षेत्रस्य सरोवरे विविध सुगन्धितकमलानि विकसितानि अतः सरसः मनोहारिणी शोभा जनानां चित्तं मोहयति। एतैः विशैषणैः विशिष्टं पावापुरं नाम नगरं। तस्मिन् पावापुरे सरसो मध्ये स्थितो भूत्वा तीर्थंकरप्रभुः मनोवचःकाययोगान्निरुध्य किल निश्चयेन तत् कर्मवनं अधाक्षीत् कर्माण्येव गहनानि वनानि यत्र समस्तसंसारिणः निवसन्ति ततूकर्मवनं सन्मतिः निजध्यानाग्निबलेन दग्धमकरोत्। पुनः कां प्राप्नोत् महावीरप्रभुः ? उपमाव्यतीतां सुमुक्तिललनां लेभे मुक्तिरेव ललना कन्या तां सुष्ठुतया प्राप्नोत्। कैः विशेषणैः संयुक्ता सा मुक्तिकन्या ? उपमाव्यतीतां समस्तसांसारिकोपमाः उल्लंघ्य अनुपमरूपगुणसंयुक्ता सा मुक्तिललना।



तां उपमाव्यतीतां सुमुक्तिललनां लब्धवान् तीर्थंकरनाथः। पुनश्च किं प्राप्तवान् वीरनाथः? अनंतसुखधाम तु भेजे न अन्तः सुखानाम् यत्र तत् अनंतसुखधाम पौद्गलिककर्माटवीं दग्धीकृत्य अनंतसुखास्पदं सिद्धगतिं प्राप्नोत्। तस्मै वीराय मे नमोऽस्तु।

अत्रायं भावार्थः यत् श्रीसिद्धार्थस्यापत्यं तीर्थंकरमहावीरः पावापुरस्य सरसिः मध्ये योगं निरुध्य कार्तिककृष्णामावस्यायां तिथौ उषाबेलायां अघातिकर्माणि नष्टीकृत्य निर्वाणधाम अवाप्नोत् तस्मै तद्गुणलब्धये मे नमोऽस्तु तस्य निर्वाणभूमिं च नमाम्यहं।

**हिन्दी टीका—**''पावापुरे'' इत्यादि पदखण्डना रूप से व्याख्यान किया जाता है। इस भारतदेश के बिहार प्रान्त में **पावापुर** नाम का नगर है। जो भगवान महावीर के निर्वाण कल्याणक से पवित्र है, उस पावापुर सिद्धक्षेत्र के सरोवर में अनेक सुगन्धित कमल खिले हुए हैं अतः वहाँ की सरस मनोहारी शोभा जनसमूह को मोहित कर देती है।

उपर्युक्त इन विशेषणों से विशिष्ट पावापुर नगर में सरोवर के मध्य स्थित होकर तीर्थंकर वीरप्रभु ने मन वचन काय इन तीनों योगों का निरोध करके अपने कर्मवन को जला दिया था। यहाँ पर कर्मों को गहन वन की उपमा दी गई है जहाँ समस्त संसारी प्राणी निवास करते हैं उस कर्मवन को सन्मति भगवान ने अपनी ध्यान अग्नि के बल से दग्ध कर दिया। पुनः भगवान महावीर ने और क्या प्राप्त किया ? समस्त उपमाओं से रहित मुक्तिललना को प्राप्त किया। यहाँ मुक्ति को ललना कन्या की उपमा दी है उसी मुक्ति ललना को वीर भगवान् ने भलीभांति प्राप्त किया था। वह मुक्ति कन्या किन विशेषणों से संयुक्त है ? जो समस्त सांसारिक उपमाओं का उल्लंघन करके अनुपम रूप और गुण से संयुक्त है ऐसी मुक्तिललना को तीर्थंकर देव ने प्राप्त किया था।

पुनः और क्या प्राप्त किया है वीरनाथ ने ? अनंतसुखधाम को प्राप्त किया है। जहाँ पर सुखों का कोई अन्त नहीं है वह अनंतसुखधाम कहलाता है अर्थात् पुद्गलकर्मरूपी वन को दग्ध करके उन्होंने अनंतसुख रूप सिद्धगति को प्राप्त किया था ऐसे उन वीर भगवान को मेरा नमोऽस्तु होवे।

यहाँ भावार्थ यह है कि राजा सिद्धार्थ के अपत्य—पुत्र तीर्थंकर महावीर ने पावापुर सरोवर के मध्य में योगों का निरोध करके कार्तिक कृष्णा अमावस्या तिथि की उषा बेला में शेष अघाति कर्मों को नष्ट करके

निर्वाणधाम प्राप्त कर लिया, उनके गुणों की प्राप्ति के लिए मैं तीर्थंकर महावीर को एवं निर्वाणभूमि को नमस्कार करता हूँ।

**भावार्थ**—आज से २५२८ वर्ष पूर्व भगवान महावीर ने पावापुर नगरी से निर्वाण पद प्राप्त किया था और वर्तमान में वीरनिर्वाण संवत् २५२९वाँ वर्ष चल रहा है। इस हुण्डावसर्पिणी के चतुर्थकाल को पूर्ण होने में जब तीन वर्ष साढ़े आठ मास शेष बचे थे उस समय महावीर स्वामी ने घाति-अघाति कर्मों का नाश करके मोक्षधाम प्राप्त कर लिया था।

कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी की अंधियारी रात और अमावस्या की प्रत्यूष बेला प्रातःकाल थी जब इन्द्र, देव, नर, नारियों से पावापुर नगरी खचाखच भरी हुई थी क्योंकि दो दिन पूर्व से ही महावीर स्वामी ने योग निरोध कर लिया था उनके निर्वाण की प्रतीक्षा कर रहे इन्द्रादिकों ने असंख्य दीपों से नगरी को जगमगा दिया। दिव्य रत्नदीपकों के प्रकाश में सभी ने निर्वाणकल्याणक की पूजा की तथा अग्निकुमार इन्द्रों ने आकर अपने मुकुटानल की अग्नि से भगवान के अंतिम शरीर का तीर्थंकर कुण्ड (चौकोर कुंड) में अग्नि संस्कार किया। तभी से दीपावली पर्व का शुभारम्भ हुआ। उसकी स्मृति में आज भी सारा संसार कार्तिक कृष्णा अमावस्या को प्रातःकाल अपने-अपने मंदिरों में, पावापुर नगरी में तथा अन्य सिद्ध क्षेत्र, तीर्थक्षेत्रों पर जाकर निर्वाणलाडू चढ़ाते हैं एवं सायंकाल दीपमालिका जलाकर यह उत्सव मनाते हैं।

उसी अमावस्या की शाम को भगवान महावीर की दिव्यध्वनि को झेलने और आत्मसात करने वाले गौतम गणधर स्वामी ने केवलज्ञान लक्ष्मी प्राप्त कर ली, अतः इन्द्रों ने गंधकुटी की रचना कर दी तब लोगों ने गौतम स्वामी और केवलज्ञान लक्ष्मी की पूजन कर वृहत् रूप में दीपावली मनाई।

भगवान् महावीर स्वामी को मोक्ष हुए २५२८ वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, उन्हीं की स्मृति में वीर निर्वाण संवत आरंभ हुआ है। वर्तमान के समस्त सन् और संवतों में वीर निर्वाण संवत् सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है। अब पच्चीस सौ उन्तीसवाँ वर्ष चल रहा है आगे अट्ठारह हजार चार सौ बहत्तर वर्षों तक वीरप्रभु का शासन चलता रहेगा।

पावापुरी में सरोवर के मध्य स्थित जल मंदिर ही भगवान महावीर की निर्वाणभूमि है।



श्री पूज्यपाद आचार्य ने निर्वाणभक्ति में कहा है—

**पद्मवनदीर्घिकाकुल-विविधद्रुमखण्डमण्डिते रम्ये।**
**पावानगरोद्याने व्युत्सर्गेण स्थितः स मुनिः।।१६।।**
**कार्तिककृष्णस्यान्ते स्वातावृक्षे निहत्य कर्मरजः।**
**अवशेषं संप्रापद्-व्यजरामरमक्षयं सौख्यम्।।१७।।**
**परिनिर्वृतं जिनेन्द्रं, ज्ञात्वा विबुधा ह्यथाशु चागम्य।**
**देवतरुरक्तचंदन-कालागुरुसुरभिगोशीर्षैः।।११८।।**
**अग्नीन्द्राज्जिनदेहं मुकुटानलसुरभिधूपवरमाल्यैः।**
**अभ्यर्च्य गणधरानपि, गता दिवं खं च वनभवने।।१९।।**

पुनश्च—

**पावापुरस्य बहिरुन्नतभूमिदेशे, पद्मोत्पलाकुलवतां सरसां हि मध्ये।**
**श्रीवर्द्धमानजिनदेव इति प्रतीतो, निर्वाणमाप भगवान् प्रविधूतपाप्मा।।२४।।**

श्रीगुणभद्र आचार्य ने उत्तरपुराण में कहा है—

**क्रमात्पावापुरं प्राप्य मनोहरवनान्तरे।**
**बहूनां सरसां मध्ये महामणिशिलातले।।५०९।।**
**स्थित्वा दिनद्वयं वीतविहारो वृद्धनिर्जरः।**
**कृष्णकार्तिकपक्षस्य चतुर्दश्यां निशात्यये।।५१०।।**
**स्वातियोगे तृतीयेद्ध-शुक्लध्यानपरायणः।**
**कृतत्रियोगसंरोधः समुच्छिन्नक्रियं श्रितः।।५११।।**
**हताघातिचतुष्कः सन्नशरीरो गुणात्मकः।**
**गन्ता मुनिसहस्रेण निर्वाणं सर्ववाञ्छितम्।।५१२।।**
**तदेव पुरुषार्थस्य पर्यन्तोऽनन्तसौख्यकृत्।**
**अथ सर्वेऽपि देवेन्द्रा वह्नीन्द्रमुकुटस्फुरत्।।५१३।।**
**हुताशनशिखान्यस्त-तद्देहा मोहविद्विषम्।**
**अभ्यर्च्य गन्धमाल्यादि-द्रव्यैर्दिव्यैर्यथाविधि।।५१४।।**
**वन्दिष्यन्ते भवातीतमर्थ्यैर्वन्दारवः स्तवैः।**
**वीरनिर्वृतिसम्प्राप्तदिन एवास्तघातिकः।।५१५।।**

**भविष्याम्यहमप्युद्यत्केवलज्ञानलोचनः।**
**भव्यानां धर्मदेशेन विहृत्य विषयांस्ततः।।५१६।।**

**(उत्तरपुराण, पर्व ७६)**

यहाँ अभिप्राय यह है कि पावापुरी के मनोहर नाम के उद्यान में कमलों से व्याप्त सरोवर के मध्य महामणिमयी शिला पर भगवान विराजमान हुए उस समय समवसरण विघटित हो चुका था। श्रीविहार बंद कर दो दिन तक ध्यान में लीन हुए महावीर स्वामी ने कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी की रात्रि के अंत में अघातिया कर्मों को नष्ट कर निर्वाणपद प्राप्त कर लिया। तभी सौधर्मेन्द्र आदि इन्द्रों ने अग्निकुमार इन्द्र के मुकुट के अग्रभाग से निर्गत अग्नि पर प्रभु का शरीर स्थापित कर दिव्य चन्दन आदि के द्वारा पूजा करके संस्कार कर दिया। उसी दिन गौतमस्वामी को वहीं पर केवलज्ञान प्रगट हुआ है।

हरिवंशपुराण में भी यही लिखा है एवं दीपावली पर्व तभी प्रारंभ हुआ, ऐसा कहा है—

**जिनेन्द्रवीरोऽपि विबोध्य संततं, समन्ततो भव्यसमूहसन्ततिम्।**
**प्रपद्य पावानगरीं गरीयसीं, मनोहरोद्यानवने तदीयके।।१५।।**
**चतुर्थकालेऽर्धचतुर्थमासकै-र्विहीनताविश्चतुरब्दशेषके।**
**स कार्तिके स्वातिषु कृष्णभूतसु-प्रभातसन्ध्यासमये स्वभावतः।।१६।।**
**अघातिकर्माणि निरुद्धयोगको, विधूय घातीन्धनवद् विबंधनः।**
**विबन्धनस्थानमवाप शंकरो, निरन्तरायोरुसुखानुबन्धनम्।।१७।।**
**स पञ्चकल्याणमहामहेश्वरः, प्रसिद्धनिर्वाणमहे चतुर्विधैः।**
**शरीपूजाविधिना विधानतः, सुरैः समभ्यर्च्यत सिद्धशासनः।।१८।।**
**ज्वलत्प्रदीपालिकया प्रवृद्धया, सुरासुरैर्दीपितया प्रदीप्तया।**
**तदा स्म पावानगरी समन्ततः, प्रदीपिताकाशतला प्रकाशते।।१९।।**
**तथैव च श्रेणिकपूर्वभूभुजः, प्रकृत्य कल्याणमहं सहप्रजाः।**
**प्रजग्मुरिन्द्राश्च सुरैर्यथायथं, प्रयाचमाना जिनबोधिमार्थिनः।।२०।।**



**ततस्तु लोकः प्रतिवर्षमादरात्, प्रसिद्धदीपालिकयात्र भारते।**
**समुद्यतः पूजयितुं जिनेश्वरं, जिनेंद्रनिर्वाणविभूतिभक्तिभाक्।।२१।।**

**(हरिवंशपुराण सर्ग ६६)**

सार यही है कि भगवान महावीर पावापुरी के मनोहर उद्यान में विराजमान हुए। जब चतुर्थकाल में तीन वर्ष साढ़े आठ मास बाकी रहे तब स्वाती नक्षत्र में कार्तिक अमावस्या के दिन प्रातः—उषाकाल के समय स्वभाव से योग निरोधकर शुक्लध्यान के द्वारा सर्वकर्म नष्टा कर निर्वाण को प्राप्त हो गये। उस समय चार निकाय के देवों ने विधिपूर्वक भगवान के शरीर की पूजा की। अनन्तर सुर-असुरों द्वारा जलायी हुई बहुत भारी देदीप्यमान दीपकों की पंक्ति से पावानगरी का आकाश सब ओर से जगमगा उठा। श्रेणिक आदि राजाओं ने भी प्रजा के साथ मिलकर भगवान के निर्वाणकल्याणक की पूजा की पुनः रत्नत्रय की याचना करते हुए सभी इन्द्र, मनुष्य आदि अपने-अपने स्थान चले गये।

उस समय से लेकर भगवान के निर्वाण कल्याणक की भक्ति से युक्त संसार के प्राणी इस भरतक्षेत्र में प्रतिवर्ष आदरपूर्वक प्रसिद्ध दीपमालिका के द्वारा भगवान महावीर की पूजा करने के लिए उद्यत रहने लगे अर्थात् भगवान के निर्वाणकल्याणक की स्मृति में दीपावली पर्व मनाने लगे।

इन्द्र ने प्रभु के चरण उत्कीर्ण किए—

एक प्रकरण हरिवंशपुराण में आया है कि—

जब भगवान नेमिनाथ गिरनार पर्वत से निर्वाण प्राप्त कर चुके तब इन्द्रों ने भगवान की निर्वाणकल्याणक पूजा के बाद गिरनार पर्वत पर वज्र से चरण उत्कीर्ण कर इस लोक में पवित्र सिद्धशिला का निर्माण किया तथा उसे जिनेन्द्र भगवान के लक्षणों के समूह से युक्त किया। यथा—

**ऊर्जयन्तगिरौ वज्री वज्रेणालिख्य पावनीम्।**
**लोके सिद्धशिलां चक्रे जिनलक्षण पंक्तिभिः।।१४।।**

**(हरिवंश पुराण सर्ग ६५)**

श्री समन्तभद्रस्वामी ने भी स्वयंभूस्तोत्र में लिखा है—

**ककुदं भुवः खचरयोषिदुषितशिखरैरलंकृतः।**
**मेघपटलपरिवीत तटस्तव लक्षणानि लिखितानि वज्रिणा।।१२७।।**
**वहतीति तीर्थमृषिभिश्च, सततमभिगम्यतेऽद्य च।**
**प्रीतिविततहृदयैः परितो, भृशमूर्जयन्त इति विश्रुतोऽचलः।।१२८।।**

बीसवीं सदी के प्रथम आचार्य चारित्रचक्रवर्ती श्रीशांतिसागर जी महाराज के प्रथम पट्टाधीश आचार्यश्री वीरसागर जी महाराज कहते थे कि—इसी प्रकार से पावापुरी सरोवर के मध्य मणिमयी शिला से भगवान के मोक्ष जाने के बाद इन्द्रों ने वज्र से यहाँ पर भी चरणचिन्ह उत्कीर्ण करके इस शिला को सिद्धशिला के समान पूज्य पवित्र बनाया था।

एक बात यह भी ध्यान देने योग्य है कि भगवान केवलज्ञान होने के बाद पाँच हजार धनुष—बीस हजार हाथ प्रमाण ऊपर आकाश में अधर पहुँच जाते हैं। अधर में ही कुबेर द्वारा समवसरण की रचना की जाती है। जब भगवान श्रीविहार करते हैं तब समवसरण विघटित हो जाता है और भगवान आकाश में अधर चलते हैं तथा देवगण प्रभु के चरणों के नीचे स्वर्णमयी दिव्य कमलों की रचना करते रहते हैं। निर्वाणप्राप्ति के पूर्व भी जब भगवान योग निरोध करते हैं तब वे आकाश में अधर ही रहते हैं फिर भी उनके ठीक नीचे की भूमि भगवान की निर्वाणभूमि मानी जाती है चूँकि सिद्ध भगवान सिद्धशिला पर भी ठीक उसी भूमि के ऊपर विराजमान हैं।

इससे यह स्पष्ट है कि भगवान महावीर स्वामी जहाँ से मोक्ष गये हैं ठीक वहीं पर उनके शरीर का संस्कार किया गया है और वहीं पर सरोवर के मध्य मणिमयी शिला पर इन्द्रों ने चरण उत्कीर्ण किये थे। ऐसे ही सम्मेदशिखर पर्वत के सभी टोकों पर इन्द्रों द्वारा चरण उत्कीर्ण किये गये हैं ऐसा मानना चाहिए।

ऐसी सिद्धभूमि पावापुरी को मेरा अनन्त-अनन्त बार नमस्कार होवे।

## 4

**शिखरिणी छन्द -**

**महावीरो धीरस्त्रिदशपतिसंपूज्यचरणः,**
**त्रिलोकेशो व्याप्तो महितशुचिबोधो जिनपतिः।**
**नमामि त्वां नित्यं निखिलजगदाताप-हरणं,**
**विधेया मे शक्तिः सकलकलुषस्यापहरणे।।४।।**

**त्रिदशपति संपूज्य चरण हे, महावीर ! तुम धीर महान।**
**त्रिभुवनपति हे जगत व्याप्त शुचि, महति ज्ञान ! जिनपति गुणखान।।**
**निखिल जगत संताप हरण प्रभु, तुमको मेरा नित्य नमन।**
**सकल कलुष के नाश करन को, मुझे शक्ति दीजे भगवन्।।४।।**

**अन्वयार्थ—(त्रिदशपतिसंपूज्यचरणः महावीरो धीरः)** महावीर भगवान् आप धीर—वीर हैं, इन्द्रों के द्वारा आपके चरण पूजनीय हैं—आपके चरणों की पूजा इन्द्र भी करते हैं। **(जिनपतिः महितशुचिबोधः त्रिलोकेशः व्याप्तः)** आप जिनपति हैं, आपका ज्ञान पवित्र है। आप ज्ञान के द्वारा तीनों लोकों में व्याप्त हैं—आप तीनों लोकों के ईश हैं। **(निखिलजगदातापहरणं त्वां नित्यं नमामि)** ऐसे संसार का सम्पूर्ण ताप हरण करने वाले आपको मैं नित्य ही नमस्कार करता हूँ **(सकलकलुषस्यापहरणे मे शक्तिः विधेया)** समस्त पापों को नाश करने हेतु आप मुझे शक्ति प्रदान करें।

**संस्कृत टीका—**भो परमेश्वर ! त्वं महावीरो मेदिनीव तव हृदयस्य धीरता भुवि प्रसिद्धा जाता। अतएव भवतो धीर इति विशेषणं रोचते मह्यं। समस्तदेवेन्द्रादिभिस्तव चरणयुगलम् सम्यक्प्रकारेण संपूजितम्। सौधर्मेन्द्रः तव समक्षं किंकरो भूत्वा उपस्थितोऽस्ति, स एव भवतः पंचकल्याणकेषु मध्यलोकमागत्य दिव्यपूजार्चनां करोति।

हे विभो ! इन्द्रनरेन्द्रखगेन्द्रैः सर्वेः पूजितस्त्वं अतोऽहमपि तव पादयुगलं सान्निध्यं प्राप्य कांचित् भक्तिं प्रदर्शयामि।

हे जिनपते ! भवद्भिः केवलज्ञानं प्राप्तं अतः निजज्ञानबलेन त्रिलोकानां पदार्थाः ज्ञाताः। अनेनैव कारणेन जनाः त्वां त्रिलोकेश इति संज्ञया आह्वयन्ति। अधोमध्योर्ध्वानां एषां त्रयाणां लोकानां ईशस्त्रिलोकेशः, महितः पूजितः शुचिःबोधः पवित्रं च ज्ञानं यस्यासौ महितशुचिबोधस्त्वं जिनानां पतिः स्वामी त्वं।

भो वीरजिनेन्द्र ! अहम् त्वां नित्यं नमामि। यतः संपूर्णजगतः प्राणिनां अज्ञानतां हर्तुं समर्थोऽसि त्वं। सकलकलुषस्यापहरणे समस्तपापसमूहस्यापहरणे विनाशनार्थं ममापि शक्तिर्बुद्धिश्च विधेया। मह्यं शक्तिः देया। अत्रायमर्थः यत् वीरप्रभुनाथस्तीर्थंकरोऽस्मिन् लोके सर्वशक्तिमान् ज्ञानवांश्चाभवत् तस्य सन्निधावपि भक्तानां पापप्रवृत्तिर्नश्यति। अतएव समस्तसंसारिणः तस्य स्तुतिं कुर्युः।

**हिन्दी टीका**—हे परमेश्वर महावीर स्वामी ! पृथ्वी के समान आपके हृदय की विशालता संसार में प्रसिद्ध है इसलिए आपका ''धीर'' यह विशेषण मुझे रूचिकर है। समस्त देवेन्द्रादिकों के द्वारा आपके चरणकमल अच्छी तरह पूजे गए हैं। सौधर्मइन्द्र आपके समक्ष किंकर बनकर खड़ा रहता है, वह इन्द्र ही आपके पांचों कल्याणकों में मध्यलोक में आकर दिव्य पूजा अर्चना करता है।

हे विभो ! आप इन्द्रनरेन्द्रखगेन्द्र सभी के द्वारा पूज्य हैं अतः मैं भी आपके चरणयुगल का सान्निध्य प्राप्त करके किंचित् भक्ति प्रदर्शित करता हूँ। हे जिनपति भगवान् ! आपने केवलज्ञान प्राप्त कर लिया है अतः अपने ज्ञान के बल से तीनों लोकों के पदार्थों को जानते हैं इसी कारण से आपको लोग त्रिलोकेश संज्ञा से पुकारते हैं। अधोलोक मध्यलोक और ऊर्ध्वलोक इन तीनों लोकों के जो ईश—स्वामी हैं वे त्रिलोकेश कहलाते हैं। उन त्रिलोकपति का पूज्य और पवित्र ज्ञान सर्वत्र व्याप्त है।

हे वीर जिनेन्द्र ! मैं आपको सतत् नमस्कार करता हूँ। क्योंकि आप सम्पूर्ण विश्व के प्राणियों का अज्ञान ताप हरने में समर्थ हैं। समस्त पाप समूह को नष्ट करने हेतु मुझे भी आप शक्ति और बुद्धि प्रदान करें।

यहां अर्थ यह है कि इस लोक में वीरप्रभु नाम के तीर्थंकर



सर्वशक्तिमान् और ज्ञानवान् हुए हैं उनके सान्निध्य से भी भक्तों की पापप्रवृत्ति नष्ट हो जाती है अतएव समस्तसंसारी प्राणियों को उनकी स्तुति करनी चाहिए।

**विशेषार्थ**—भगवान् महावीर स्वामी का गुणानुवाद करते हुए शिखरिणी छंद में पूज्य गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी ने यह भावना प्रगट की है कि हे भगवान ! जिस प्रकार आप संपूर्ण पापों का नाश कर परमात्मा बन गए हैं उसी प्रकार मुझे भी समस्त कलुषताओं को नष्ट करने की शक्ति प्रदान कीजिए। जिस प्रकार किसी सर्कस का हास्य पात्र **(जोकर)** जब पहलवान के सामने आता है तो उसके शौर्य-पराक्रम को देख-देखकर लालचवश जोकर पहलवान के शरीर को बार बार छूकर अपने शरीर का स्पर्श करता है और खुद को पहलवान समझने लगता है किन्तु इससे वह पहलवान बन नहीं जाता है उसी प्रकार भक्त भक्ति के प्रवाह में आकर बार-बार भगवान् के गुणों का स्पर्श करता हुआ अपने में भी भगवान होने की कल्पना करने लगता है किन्तु वह भगवान बन नहीं जाता है। भगवान् तो वह तभी बनेगा जब अपनी आत्मा से सम्पूर्ण कर्मों को पृथक् कर देगा।

आचार्य श्री समन्तभद्रस्वामी ने अरहनाथ तीर्थंकर की स्तुति में कहा है -

**गुणस्तोकं सदुल्लंघ्य, तद्बहुत्वकथा स्तुतिः।**
**आनन्त्यात्ते गुणान् वक्तु—मशक्यास्त्वयि सा कथम्।।**

अर्थात् हे भगवन् ! किसी के थोड़े गुणों को बढ़ा चढ़ाकर कहना स्तुति है किन्तु आपके तो गुण ही अनन्त हैं अतः मैं अपने सीमित शब्दों के द्वारा उनका वर्णन कैसे कर सकता हूँ ? इसका अभिप्राय यह हुआ कि हम जैसे संसारी छद्मस्थ प्राणी तीर्थंकर जैसे महापुरुष की वास्तविक स्तुति नहीं कर सकते हैं क्योंकि इन सीमित शब्दों के द्वारा की गई स्तुति मात्र अंशात्मक स्तुति ही है, न कि पूर्ण स्तुति।

उपर्युक्त पद्य में रचयित्री ने शान्तरस एवं कारूण्यरस की प्रधानता

से तीर्थंकर महावीर के बाह्य एवं अन्तरंग वैभव का वर्णन किया है। देव इन्द्रादिकों का आगमन, उनके द्वारा चरण वन्दना एवं तीनों लोकों की ईश्वरता—स्वामीपना ये तो तीर्थंकर के बाह्य विभव हैं तथा उनके अन्तरंग में शाश्वत रूप में विद्यमान पवित्र क्षायिक ज्ञान आभ्यन्तर विभव है।

श्लोक के अंतिम चरण में याचना का भाव दर्शाया है। यद्यपि वीतराग भगवान् किसी को कुछ देते-लेते नहीं है तथापि यह भाव स्तुति का एक प्रकार है। आचार्य श्री कुन्दकुन्दस्वामी ने इस तरह की कथन शैली को असत्यमृषा नाम की भाषा बताया है। मूलाचार गाथा नं. ५६८-५६९ दृष्टव्य है –

**आरोग्गबोहिलाहं, दिंतु समाहिं च मे जिणवरिंदा।**
**किं ण हु णिदाणमेयं, णवरि विभासेत्थ कायव्वा ।।५६८।।**
**भाषा असच्चमोसा, णवरि हु भत्तीय भासिदा एसा।**
**ण हु खीणरागदोसा, दिंति समाहिं च बोहिं च।।५६९।।**

इसका अर्थ यह है कि ''वे जिनेन्द्रदेव मुझे आरोग्य, बोधि का लाभ और समाधि प्रदान करें।'' ऐसा कहना मृषाभियान नहीं है ? अर्थात् नहीं है, यह तो मात्र वैकल्पिक भाषा है।

इस प्रकार से स्तुति में की गई याचना एक ''असत्यमृषा'' नामकी भाषा है वास्तव में यह केवल भक्ति से कही गई है क्योंकि राग द्वेष से रहित भगवान् समाधि और बोधि को नहीं देते हैं। यदि भगवान देने लगेंगे तो रागी-द्वेषी हो जावेंगे किन्तु उनसे याचना करने से फल मिलता ही मिलता है। इसका तात्पर्य यही है कि भक्ति से परिणामों में निर्मलता आने से जो पुण्यबन्ध होता है उसी से सर्वमनोरथ सिद्ध हो जाते हैं इसीलिए भक्ति को मुक्ति का कारण भी माना गया है।

# 5

**शिखरिणी छन्द –**

**महा-मोह-व्याधेर्भिषगिव महामारविजयी,**
**मदेर्ष्यासूयाजित् त्रिभुवनरविर्मुक्तिरमणः।**
**जगद्दुःखाम्भोधौ पतितजनतालंबनपरः**
**स्तवीमि त्वां वीरं झटिति मम कुर्याः शुभमतिम्।।५।।**

**महामोहव्याधि नाशन को, वैद्य मदनभट विजयी हो।**
**ईर्ष्या मान असूया विजयी, त्रिभुवनसूर्य मुक्तिपति हो।।**
**भवसमुद्र में पतित जीव को, आलम्बन दाता तुम हो।**
**करूं संस्तुति सदा वीरप्रभु की, मुझको दीजे सुमति।।५।।**

**अन्वयार्थ—(महामोहव्याधेः भिषग् इव)** भगवान महावीर स्वामी महान् मोहरूपी व्याधि—रोग को शांत करने में वैद्य के समान हैं, **(महामारविजयी)** कामदेव के पूर्ण विजेता हैं, **(मदेर्ष्यासूयाजित्)** अहंकार, ईर्ष्या, असूया को उन्होंने जीत लिया है, **(त्रिभुवनरविःमुक्तिरमणः)** वे त्रिभुवन के सूर्य हैं एवं मुक्तिकन्या के पति बन चुके हैं **(जगद्दुःखाम्भोधौ पतितजनतालंबनपरः)** संसार के दुःखरूपी समुद्र में गिरते हुए प्राणियों को अवलंबन देकर पार करने वाले हैं। इन विशेषणों से युक्त **(वीरं त्वां स्तवीमि)** हे वीर ! मैं आपका स्तवन करता हूँ। **(झटिति मम शुभमतिम् कुर्याः)** आप शीघ्र ही मेरी शुभ मति करें—मेरी बुद्धि को पवित्र करें।

**संस्कृत टीका—**हे वीर प्रभो ! त्वं महामोहव्याधेः भिषग् इव उत्कृष्टवैद्यसदृशोऽसि। नानाव्याधिग्रस्तसंसारिजनेषु मोह एव एका व्याधिः सर्वाधिकदुःखदायिनी अस्ति। उक्तं च-

**व्याधे : कोट्यः पञ्च, भवन्त्यष्टादशषष्ठिलक्षाणि।**
**नवनवति सहस्राणि, पञ्चशती चतुरशीत्यधिका।।**

अस्मिन् लोके पंचकोट्यष्टाधिकषष्ठिलक्षैकोनशतसहस्रपंचशतचतुरशीति व्याधयः प्रसिद्धा सन्ति। ताःसर्वास्तु व्याधयः नरकक्षेत्रेषु युगपद् उद्भवन्ति। मनुष्यतिर्यग्योनयो-रेतासु कतिपय एवोद्भवन्ति। देवेन्द्रादिषु जन्ममरणे एव द्वे व्याधी स्तः, तत्र तु कायसम्बन्धिनी कापि व्याधिर्नास्ति।

अस्मिन् संसारे यथा जन्मना सह मरणं अवश्यंभावि, शैशवेन साकं जरा अवश्यमेवायाति तथैव कायेन सार्धं रुजस्तु अनादिकालादेव संलग्नाः सन्ति। तासाम् समस्तव्याधीनाम् विनाशनार्थं एको जिनेन्द्रदेव एव कुशलवैद्योऽस्ति। यतः स एव सर्वरोग-शोकानाम् मूलं जन्म-मरणमपि नाशयितुं विधिं प्रकटीकरोति।

श्रीसन्मतिजिनेन्द्रोः महामारविजयी कामारिजेतास्ति। लोकास्तु पंचेन्द्रियविषयभोगरूपकामबाणैर्विद्धा भवन्ति, किन्तु वीरप्रभु शत्रूणामुपरि आक्रमणं न कृत्वा निजध्यानाग्निबाणेन तान् विजित्य महामारविजयीति संज्ञया प्रसिद्धोऽभवत् असौ वीरप्रभुः। स मदेर्ष्यासूयाजित् छद्मस्थजनेषु स्वाभाविकरूपेण भवितुं क्षमान् अष्टमदान् ईर्ष्याअसूयादिविकारभावान् जित्वा जिनेन्द्रस्त्रिभुवनरविः त्रिलोके निवसतः प्राणिनः प्रतिक्षणमवलोकयन् त्रिभुवनरविरिति नाम्ना ज्ञायते। मुक्तिरमणः मुक्तिः सिद्धिरेव एका अनुपमसुंदरी कन्या अस्ति तस्या रमणः पतिः स्वामी अस्ति महावीरजिनः।

पुनश्च कथम्भूतो वीरप्रभुः ? जगद्दुःखाम्भोधौ पतितजनतालंबनपरः संसारमहाजलधौ अनादिकालात् पततो जीवान् स्वादिष्टोपदेशामृतावलम्बनेन उत्तारयति वीरजिनेन्द्रः। एभिर्विशेषणैः समन्वितं वीरं त्वां स्तवीमि, हे वीरजिनेन्द्र ! अहं तव स्तुतिं करोमि। किमर्थं करोमि ? मम झटिति शुभमतिं कुर्याः। स्वकीयबुद्धिं शुभां कर्तुं स्तवनं कुर्वेऽहं, किञ्च वीरजिनेन्द्रस्य स्तवनेन जनानां बुद्धिः शुद्धा भवत्येव।

अस्य श्लोकस्याभिप्रायोऽयम् यत् वीरनाथो ''भगवान् जगति सर्वजीवाना-मकारणबन्धुरस्ति तस्य स्तुतिः अस्माकं, युष्माकं, सर्वेषां च सम्यक्बुद्धिमुद्घाटयति।

**हिन्दी—**हे वीरप्रभो ! आप महा मोहव्याधि को दूर करने के लिए उत्कृष्ट वैद्य के समान हैं। अनेक प्रकार की व्याधियों से सहित संसारी प्राणियों में मोह नामकी एक व्याधि सर्वाधिक दुःख देने वाली है। कहा भी है-



**श्लोकार्थ—**संसार में पांच करोड़ अड़सठ लाख निन्यानवे हजार पांच सौ चौरासी रोग होते हैं।

इस संसार में पांच करोड़ अड़सठ लाख निन्यानवे हजार पांच सौ चौरासी तरह के रोग प्रसिद्ध हैं। ये सभी व्याधियाँ नरक क्षेत्रों में एक साथ प्रगट होती हैं। मनुष्य और तिर्यंच योनियों में इनमें से कुछ बीमारियाँ ही प्रगट रूप में होती हैं। स्वर्ग में देव इन्द्रादिकों में जन्म-मरण ये दो ही व्याधियाँ हैं, वहाँ शरीर सम्बन्धी कोई व्याधि नहीं है।

इस संसार में जैसे जन्म के साथ मरण अवश्यंभावी है, बचपन के साथ बुढ़ापा अवश्य ही आता है वैसे ही शरीर के साथ रोग अनादिकाल से ही लगे हुए हैं। उन समस्त व्याधियों को नष्ट करने के लिए जिनेन्द्र भगवान ही एक कुशल वैद्य हैं क्योंकि वे ही सर्व रोग शोकों के मूल-जड़स्वरूप जन्ममरण को भी नाश करने की विधि प्रकट करते हैं-बतलाने वाले हैं।

श्री सन्मति जिनेन्द्र कामदेव के विजेता हैं। संसारी प्राणी तो पंचेन्द्रिय विषय भोगरूप कामबाणों से सदैव विद्ध रहते हैं उन कर्मशत्रुओं पर आक्रमण करके महावीर भगवान् निज ध्यान रूपी अग्निबाण से उनको जीतकर ''महामारविजयी'' इस संज्ञा से प्रसिद्ध हुए हैं।

वे मद, ईर्ष्या, असूया के भी विजेता हैं। संसारी छद्मस्थप्राणियों में स्वाभाविक रूप से पाये जाने वाले आठ मद, ईर्ष्या, असूया आदि विकारी भावों को उन्होंने जीत लिया है। वे जिनेन्द्रदेव ''त्रिभुवनरवि'' भी हैं। तीनों लोकों में निवास करने वाले समस्त प्राणियों को प्रतिक्षण देखते हुए त्रिभुवनरवि नाम से आप जाने जाते हैं। वे वीरप्रभु मुक्तिरमण भी हैं अर्थात् मुक्ति-सिद्धि को एक अनुपम सुन्दरी कन्या की उपमा दी गई है उसके वे रमण-पति-स्वामी हैं।

पुनः वीरप्रभु कैसे हैं ? संसार के दुःखरूपी समुद्र में गिरते हुए प्राणियों को आलम्बन प्रदान करने वाले हैं। संसार रूपी महासमुद्र में अनादिकाल से गिरते-भ्रमण करते हुए जीवों को वीर जिनेन्द्र अपने दिव्य उपदेशामृत के अवलम्बन से पार कर देते हैं। इन सभी विशेषणों से समन्वित हे वीर भगवान् ! मैं आपका स्तवन करता हूँ। क्यों करता हूँ ? शीघ्र ही मेरी मति शुभ होवे। अर्थात् अपनी बुद्धि को शुद्ध-स्वच्छ करने के लिए स्तवन करता हूँ। दूसरी बात यह है कि वीर जिनेन्द्र के स्तवन से मनुष्यों की बुद्धि शुद्ध हो ही जाती है। इस श्लोक का अभिप्राय यह है कि वीरनाथ भगवान् इस पृथ्वी पर सभी जीवों के अकारणबन्धु हैं, उनकी स्तुति हमारी और आपकी, सभी की सम्यक् बुद्धि को उद्घाटित—प्रगट कर देती है।

**जम्बूद्वीपकृतिः सुनिर्मितवती यस्या समालम्बने।**
**यस्याः प्रेरणया हि ज्योतिःप्रभा ज्ञानस्य संचारिणी।।**
**गणिनी ज्ञानमती सुभारतमणिः चारित्रचक्रेश्वरी।**
**वन्देऽहं स्वात्मैकसाधनरतां श्रीज्ञानमत्यार्यिकाम्।।**
**-आर्यिका चन्दनामती**

## 6

**शिखरिणी छन्द -**

**विराग-द्वेषारिर्विगतकलुषो मोहरहितः,**
**विजिष्णुर्भ्राजिष्णुर्विजितकरणः स्वस्थहृदयः।**
**सदानंदो ज्ञानी जगति परमब्रह्मभगवान्,**
**प्रवंदे भक्त्या त्वां भवतु मम चेतः शुचितमं।।**

**हे वीतराग ! हे वीतद्वेष ! हे वीतमोह ! हे वीतकलुष !**
**हे विजिष्णु ! हे भ्राजिष्णु। हे विजितेन्द्रिय ! हे स्वस्थसुचित्त !**
**सदानन्दमय ज्ञानी ध्यानी, जग में परमब्रह्म भगवन् !**
**भक्ति से मैं करूं वन्दना, मेरा मन पवित्र हो जिन !।।**

**अन्वयार्थ—(विरागद्वेषारिर्विगतकलुषो मोहरहितः)** हे वीतराग देव ! आपने रागद्वेषरूपी शत्रुओं को नष्ट कर दिया है, आप कलुषता तथा मोह से रहित हैं। **(विजिष्णुर्भ्राजिष्णुर्विजितकरणः स्वस्थहृदयः)**आप विजिष्णु-विजयशील हैं, भ्राजिष्णु देदीप्यमान हैं, विजितेन्द्रिय—इंद्रियों को जीतने वाले हैं, स्वस्थहृदयः निज आत्मा में स्थित हैं। **(सदानंदी ज्ञानी जगति परमब्रह्मभगवान्)** आप सदानंद—सदैव आत्मा के आनंद में मग्न रहते हैं, ज्ञानी हैं तथा संसार में परब्रह्म भगवान् हैं। **(त्वां भक्त्या प्रवन्दे)** मैं भक्तिपूर्वक आपकी वन्दना करता हूँ। **(मम चेतःशुचितमं भवतु)** मेरा मन अत्यन्त पवित्र होवे।

**संस्कृत टीका—**विरागद्वेषारिः इत्यादि पदखण्डनारूपेण व्याख्यानं क्रियते। विगतौ निर्गतौ रागद्वेषौ यस्मात् स विगतरागद्वेषः रागद्वेषौ एव अरी स विरागद्वेषारिः। श्रीमहावीरनाम्नः चतुर्विंशतितमस्तीर्थंकरः समस्तपरपदार्थान् प्रति रागद्वेषभावौ त्यक्त्वा निजात्मन्येवलीनोऽभवत् अतो वीतरागलक्षणेन वीतद्वेषलक्षणेन च चिन्हितः परिचितो लोके। विगतकलुषः—विशेषेण निःशेषरूपेण गताः निर्गताः कलुषाः पापानि यस्मात् स विगतकलुषः। विगतकलुषो भगवान् ! निजध्यानाग्निबलेन भगवान् अनादिकालात् संचितान् पापसमूहान् नष्टीकृत्य निजविमलभावमलभत।

मोहरहितो—मोहभावाद् रहितो विरहितः सन्मतिः संसारवृक्षस्य मूलं मोहनीयकर्म विजित्य अर्हत्पदं प्राप्नोत्, तेनैव ''अरिहंत'' इति नाम्ना प्रसिद्धो जातः। श्रीमहावीरजिनो विजिष्णुः-र्विशेषेण जेतुं शीलं अस्य विजिष्णुः ''जिभुवोःष्णुक'' इति कातन्त्रसूत्रेण तच्छीलार्थे जिधातोःष्णुग्भवति। ''भ्राजिष्णुः'' भ्राज् धातोःइष्णुच् इति कातन्त्रसूत्रेण तच्छीलार्थे, भ्राजितुं प्रकाशितुं शीलः स्वभावो यस्य भ्राजिष्णुरिति कृदन्ते। निजकेवलज्ञानस्य द्युतिभिः स त्रैलोक्येषु द्युतिमानभवत्। विजितकरणः विशेषेण कृत्स्नरूपेण विजितानि करणानि इन्द्रियाणि येन स विजितकरणः। इह जगति समस्तसंसारिप्राणिनः पंचेन्द्रियविषयाणां वशीभूताः सन्ति अतएव चतुर्गतिषु भ्रमन्तः विविधदुःखानि प्राप्नुवन्ति। उक्तं च ''आशा-दासीकृता येन, तेन दासीकृतं जगत्।'' श्री वीरजिनेन्द्रोऽपि निजपूर्वभवेषु ईदृशानि दुःखानि भुङ्क्त्वा सिंहपर्याये अणुव्रतं गृहीत्वा आत्मोन्नतिपथं प्रशस्तमकरोत्। तत्प्रभावात् नवभवानन्तरं स एव महावीरतीर्थंकरो भूत्वा निर्वाणपदमवाप्नोत्। अतः भगवन्तम् प्रति विजितकरणः इदं विशेषणम् सर्वश्रेष्ठमस्ति।

श्री महावीरजिनेन्द्रः स्वात्मनि स्थितो भूत्वा स्वस्थहृदयी बभूव। सदानंदः सदैव भगवतश्चैतन्यहृदयमानन्दरसेन भरितं, ज्ञानमस्यास्तीति ज्ञानी ज्ञानामृतमेव तस्य भोजनमस्ति, एभिर्विशेषणैर्विशिष्टो भगवान् परमब्रह्म इति नाम्ना जगति पृथिव्यां ज्ञायतेऽद्यापि।

पुनरसौ पुराणपुरुषो वीरप्रभुः। अहं तं भक्त्या त्रिकरणशुद्ध्या प्रवन्दे—प्रकर्षेण अतिशयभक्तिरूपेण तस्य वन्दनां कुर्वेऽहं। मम चेतः शुचितमं भवतु त्वद्भक्तिप्रसादान्मम चित्तं मनः शुचितमं अतिशयपवित्रं भवतु ममात्मनि इयमेव भावनाऽस्ति।

**हिन्दी टीका—**''विरागद्वेषारिः'' इत्यादि पदखण्डना रूप से व्याख्यान किया जाता है। रागद्वेषरूपी शत्रु जिनमें से निकल गए हैं वे विरागद्वेषारि कहलाते हैं। श्री महावीर नाम के चौबीसवें तीर्थंकर समस्त परपदार्थों के प्रति राग-द्वेष भाव को त्याग करके अपनी आत्मा में ही लीन हो गए अतः वीतराग और वीतद्वेष लक्षण से संसार में परिचित हुए हैं। समस्त पाप समूहों से रहित होने से वे ''विगतकलुष'' हैं। हे विगतकलुष भगवान महावीर ! आपने निजध्यान रूपी अग्नि के द्वारा अनादिकाल से संचित पापों का नाश करके आत्मा के निर्मल स्वभाव को प्राप्त कर लिया है।

वे ''मोहरहित'' हैं क्योंकि संसारवृक्ष का मूल जो मोहनीय कर्म है उसे सन्मतिदेव ने जीतकर अर्हन्त पद प्राप्त किया अतः ''अरिहन्त'' इस



नाम से प्रसिद्ध हुए हैं। श्री महावीर जिन ''विजिष्णु'' हैं। विशेष रूप से शत्रुओं को जीतने का स्वभाव है जिसका वे विजिष्णु कहलाते हैं यहाँ ''जिभुवोःष्णुक्'' इस कातन्त्र व्याकरण के सूत्र से तत्स्वभाव अर्थ में ''जि'' धातु से ''ष्णुक्'' प्रत्यय हुआ है।

जिनेन्द्र भगवान् का एक विशेषण ''भ्राजिष्णु'' है। भ्राज् धातु से तच्छील अर्थ में ''इष्णुच्'' प्रत्यय कृदन्त में होता है अर्थात् स्व और पर को प्रकाशित करना स्वभाव है जिसका वे भ्राजिष्णु कहलाते हैं। वे महावीर स्वामी केवलज्ञान की किरणों से तीनों लोकों में प्रकाशमान हुए थे।

आप ''विजितकरण'' भी कहलाते हैं। विशेष—पूर्ण रूप से जिन्होंने समस्त इंद्रियों को जीत लिया है वे विजितकरण हैं। इस संसार में समस्त संसारी प्राणी पंचेन्द्रिय विषयों के वशीभूत हैं अतः चारों गतियों में भ्रमण करते हुए अनेकों दुःखों को प्राप्त करते हैं। कहा भी है—

''जिन्होंने आशाओं को अपना दास बना लिया है, समझो उन्होंने संसार को ही वश में कर लिया है।''

श्रीवीरजिनेन्द्र ने भी अपने पूर्व भवों में इसी प्रकार के नाना कष्टों को भोग कर सिंह पर्याय में अणुव्रत ग्रहणकर आत्मोन्नति का पथ प्रशस्त किया। उसके प्रभाव से वह शेर का जीव ९ भवों के पश्चात् तीर्थंकर महावीर होकर निर्वाणधाम प्राप्त किया अतः उन भगवान के लिए ''विजितकरणः'' विशेषण सर्वश्रेष्ठ ही है।

श्री महावीर जिनेन्द्र निज आत्मा में स्थित होकर ''स्वस्थहृदयी कहलाये। वे सदानन्द हैं अर्थात् भगवान का चैतन्य हृदय सदैव आनन्द रस से भरित रहता है। वे ज्ञानी हैं—ज्ञानामृत ही उनका भोजन है। इन विशेषणों से विशिष्ट भगवान् आज भी परमब्रह्म'' इस नाम से पृथ्वी पर जाने जाते हैं।

# 7

**द्रुतविलम्बित छन्द –**

**त्रिविधबोधयुतः सुदिवश्च्युतः,**
**नहि जनन्युदरेऽपि च मूढता।**
**विमल-पुण्यकरं शुभतीर्थकृद्-**
**विधिमुपार्ज्य महाविभवैःश्रितः।।**

**मतिश्रुतअवधिज्ञानत्रयधारी, स्वर्गलोक से च्युत होकर।**
**माता के शुचि उदर गर्भ में, भी त्रय ज्ञानी रहें प्रखर।।**
**अतिशय विमल पुण्य तीर्थंकर, नामकर्म का बन्ध महान।**
**पंचमहाकल्याणक वैभव, प्राप्त किया सुरपूज्यप्रधान।।**

**अन्वयार्थ—(त्रिविधबोधयुतः सुदिवश्च्युतः)** मति, श्रुत, अवधि इन तीनों ज्ञानों से युक्त वीर प्रभु देवगति से च्युत हुए **(जनन्युदरेऽपि च न हि मूढता)** जब माता के गर्भ में आए तब गर्भावस्था में भी वे अज्ञानी नहीं थे। **(विमलपुण्यकरं शुभतीर्थकृद् वधिमुपार्ज्य महाविभवैःश्रितः)** विमल पुण्य को प्रदान करने वाली शुभ तीर्थंकर प्रकृति का उपार्जन—बन्ध करके महावीर स्वामी ने महान वैभव को प्राप्त किया।

**संस्कृत टीका—**अस्याःअवसर्पिण्याः अन्तिमतीर्थंकरः श्रीमहावीरस्त्रिविधबोधयुतः—त्रिविधाश्च बोधाश्च त्रिविधबोधाः तैर्युतःसंयुतःत्रिविधबोधयुतः गर्भावस्थायामेव मतिश्रुतावधिभिरेभिः त्रिभिःज्ञानैः समन्वितः। सुदिवश्च्युतः अच्युतस्वर्गस्य पुष्पोत्तरविमानाच्च्युतो भूत्वा द्वाविंशतिसागरोपमायुः पूर्णीकृत्य जनन्युदरेऽपि च नहि मूढता-जनन्याः उदरे-त्रिशलामहारायज्ञाः पवित्रगर्भम् आगतः, तत्रापि च पूर्वभवे संचितायाः तीर्थंकरप्रकृतेः पुण्यप्रसादात् मूढता न आसीत् अज्ञानत्वं न प्राप्तः असौ वीरनाथः। उक्तं च पात्रकेशरी स्तोत्रे पृथ्वीवृत्ते—**हिताहितविवेकशून्यहृदयो न गर्भेऽप्यभूः, कथं तव मनुष्यमात्रसदृशमाशंक्यते।**

तस्यां तीर्थंकरप्रकृतौ सत्यां पुनश्च का विशेषता स्यात् ? विमल-पुण्यकरं



पुण्यं करोतीति पुण्यकरः विमलं च पुण्यकरं चासौ विमलपुण्यकरं शुभतीर्थकृद्विधिम् तं तीर्थंकरप्रकृतिम् उपार्ज्य समुपाद्य महाविभवैः श्रितःमहांश्चासौ विभवः महाविभवःतैःमहाविभवैः श्रितः समवशरणादिबाह्यविभवैः अनंतचतुष्टयाद्यन्तरंग विभवैश्च श्रितःआश्रयं प्राप्तः स सन्मतिः। लोकेऽस्मिन् प्रायः समस्तमानवाः गर्भावस्थायां अज्ञानिनः सन्तः एव तिष्ठन्ति किन्तु तीर्थंकरस्तु एको विलक्षणो महापुरुषो भवति अतः निजमातुरुदरेऽपि स्थितः सन् त्रिसम्यग्ज्ञानबलेन मातरि अपि महज्ज्ञानं प्रादुर्भावयति। श्रीवीरजिनेन्द्रोऽपि तत्रस्थितः सन् त्रिशलामात्रे तु किंचिदपि कष्टं न अददात् प्रत्युत तस्मिन् गर्भकाले सा विलक्षणबुद्धिमती बभूव। तेनैव प्रभावेन सा राज्ञी निजसुश्रूषायै आगतानां देवीनाम् नानाप्रश्नानां उत्तराण्यपि प्रददौ।

तीर्थंकरप्रकृतिनामकर्मणः एका पुण्यप्रकृतिरस्ति, यां दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारण-भावनाबलेन प्राप्नोति कश्चिद्सद्दृष्टिः।

उक्तं च प्रवचनसारमहाग्रन्थे—''पुण्णफला अरहन्ता[१]''

अनेकजन्मसु संचितैः पुण्यफलैरेव तीर्थंकरपदस्य अर्हत्पदस्य प्राप्तिर्भवति। भगवान् महावीरोऽपि तत् प्राप्य जगन्नाथोऽभूत्। महावीरस्य चरणयुगलं नमस्कृत्य वयमपि त्रिलोकसम्पत्तिं प्राप्तुं क्षमाः भविष्यामः।

**हिन्दी टीका—** इस अवसर्पिणी काल के अन्तिम तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी माता के गर्भ में ही तीन ज्ञान से समन्वित थे। वे अच्युतस्वर्ग के पुष्पोत्तर विमान से च्युत हो कर वहाँ की बाईस सागर प्रमाण आयु पूर्ण कर जब महारानी त्रिशला के पवित्र गर्भ में आए तब वहां पर भी पूर्वभव में संचित तीर्थंकर प्रकृति के पुण्य प्रभाव से वे अज्ञानपने को प्राप्त नहीं थे। इस कथन की पुष्टि पात्रकेशरी स्तोत्र के २६वें छन्द से भी होती है।

पुनः उस तीर्थंकर प्रकृति की क्या विशेषता थी ? निर्मल—निर्दोष पुण्य को करने वाली उस तीर्थंकर प्रकृति को प्राप्त करके वे महावीर भगवान् समवसरणादि बाह्य वैभव एवं अनन्तचतुष्टयादि अन्तरंग वैभव से सहित हुए थे।

संसार में प्रायः सभी मनुष्य गर्भावस्था में तो अज्ञानी ही रहते हैं

१. षट्खण्डागम पुस्तक १, पृ. १०६ पर आचार्य श्रीवीरसेन स्वामी ने भी तीर्थंकर प्रकृति को पुण्य का फल कहा है।

किन्तु तीर्थंकर एक विलक्षण महापुरुष होते हैं अतः अपनी माता के गर्भ में स्थित रहते हुए मति, श्रुत, अवधि इन तीन सम्यग्ज्ञानों के बल पर माता में भी महान् ज्ञान प्रादुर्भूत—उत्पन्न करते हैं। श्रीवीरजिनेन्द्र ने भी गर्भ में स्थित रहते हुए अपनी माता त्रिशला को किंचित् भी कष्ट नहीं होने दिया था। प्रत्युत् उस गर्भकाल में उनकी माता विलक्षण बुद्धिवाली हो गई थी उसी के प्रभाव से उन्होंने अपनी सेवा हेतु आई हुई देवियों के अनेक प्रश्नों के उत्तर दिये थे।

तीर्थंकरप्रकृति नामकर्म की एक पुण्यप्रकृति है जिसे दर्शनविशुद्धि आदि सोलहकारण भावना भाकर कोई सम्यग्दृष्टि पुरुष प्राप्त करते हैं। प्रवचनसार ग्रन्थ में कहा है – ''अरिहन्त अवस्था की प्राप्ति पुण्य का फल है'' अर्थात् अरिहंत अवस्था में ही तीर्थंकर प्रकृति का उदय होता है अतः वह प्रकृति भी पुण्य का फल ही है।

अनेक जन्मों में संचित पुण्यफल के द्वारा ही तीर्थंकर पद की प्राप्ति होती है। भगवान् महावीर भी उस तीर्थंकर पदवी को प्राप्त करके जगत् के नाथ हो गये। उन महावीर स्वामी के चरणयुगल को नमस्कार करके—भक्ति करके हम सभी त्रैलोक्यसम्पत्ति को प्राप्त करने में समर्थ होएंगे।

**महावीर प्रभु जहाँ जन्म ले, सचमुच बने अजन्मा हैं।**
**जिस धरती पर माँ त्रिशला ने, एक मात्र सुत जनमा है।।**
**प्रान्त बिहार के उस कुण्डलपुर, तीरथ को शत वन्दन है।**
**वर्धमान महावीर चरण में, कोटि कोटि अभिवन्दन है।।**
**–आर्यिका चन्दनामती**

# 8

**द्रुतविलम्बित छन्द –**

**कनकभूभृति-पांडुकसच्छिला,**
**तदुपरिस्म करोत्यभिषेचनम्।**
**सुरपतिस्तव जन्ममहोत्सवे,**
**ह्यतुल-शक्तियुतःशुशुभे प्रभुः।।**

**महामेरु कनकाचल पर, शुभ पांडुकशिला बनी सुन्दर,**
**सुरपति ने तव जन्म महोत्सव, में अभिषेक किया उस पर।**
**देव इन्द्र असुरेन्द्र सभी मिल, महामहोत्सव नृत्य किया,**
**अतुल शक्तियुत वीरप्रभु का, जन्मोत्सव कर पुण्य लिया।।**

**अन्वयार्थः—(कनकभूभृति-पांडुकसच्छिला)**स्वर्णाचल—सुमेरु पर्वत पर ''पांडुक'' नाम की सुन्दर शिला है **(सुरपतिः तदुपरि जन्ममहोत्सवे तवअभिषेचनम् करोति स्म)** सौधर्मेन्द्र ने उस पांडुकशिला के ऊपर जन्म महोत्सव में आपका अभिषेक किया था **(प्रभुः हि अतुलशक्तियुतः शुशुभे)** उस समय वे प्रभु अतुलनीय शक्ति से सहित सुशोभित हो रहे थे।

**संस्कृत टीका**—कनकभूभृति पांडुकसच्छिला इति पदखण्डनारूपेण व्याख्यानं क्रियते। कनकभूभृत् स्वर्णाचलो मेरुस्तस्मिन् कनकभूभृति पांडुकसच्छिला पांडुकनाम सत् शस्ता प्रशस्ता शोभना शिला पांडुकवनमध्ये ईशानकोणे पांडुकनाम्नी एका अर्द्धचन्द्रमाकारा शिला अस्ति। सुरपतिः सौधर्मेन्द्रस्तदुपरि तस्या उपरि जन्ममहोत्सवे हे प्रभो ! जन्मकल्याणकस्य महोत्सवे चैत्रशुक्लात्रयोदश्यां तव ते अभिषेचनम् करोति स्म जन्माभिषेकमकरोत्। प्रभुः हि अतुलशक्तियुतः शुशुभे हि निश्चयेन वस्तुतः तदानीं प्रभुःमहावीरशिशुः अनुपमबलेन युतः शुशुभे अतिशयेन बभौ। मध्यलोके असंख्यातद्वीपसमुद्राणां मध्ये लक्षैकयोजनप्रमाणजम्बूद्वीपो नाम प्रथमो द्वीपः। तस्य मध्ये योजनसहस्रोच्छ्रितः सुदर्शनमेरुपर्वतोऽस्ति। यःत्रिलोकेषु सर्वाधिकमहान् पवित्रश्च अस्ति यतः तस्यैव पर्वतस्योपरि जम्बूद्वीपस्य समस्ततीर्थंकराणाम् जन्माभिषेको भवति बभूव भविष्यति च।

भद्रशाल-नंदन-सौमनस-पांडुकवनैश्च समन्वितेऽस्मिन् पर्वते षोडशअकृत्रिमचैत्यालयाः संति। मेरोःपाण्डुकवने चतुर्विदिशासु चतस्रः शिलाः सन्ति। पांडुक-पांडुकम्बला-रक्ता-रक्तकम्बला च तासाम् नामानि। ईशानकोणे तु पाण्डुकशिलाया उपरि भरतक्षेत्रस्थजिनेन्द्राणामभिषवं करोति सौधर्मेन्द्रः। तीर्थंकरमहावीरस्यापि जन्माभिषेकोऽनेनैव प्रकारेणाभवत्। तत्र सहस्राष्टकलशैः स्नानेनाति-अतुलवीर्यधैर्यसंयुक्तो वीरप्रभुः सुशोभित इति श्लोकस्याभिप्रायः। अनुपमबलवीर्ययुतं सन्मतिं ध्यात्वा वयमपि शक्तिमन्तो भूत्वा परमात्मपदं प्राप्तुं शक्नुमः। अस्यैव सुमेरोः पर्वतस्य एका लघुप्रतिकृतिः हस्तिनापुरे गणिनीप्रमुखायाः श्रीज्ञानमत्याः प्रेरणया शुभाशीर्वादेन च निर्मिता अस्ति। तस्याः प्रतिकृत्याः सर्वजनाः भूगोलस्याधिगमं प्राप्नुवन्ति। सम्प्रति भारते इयमेकैव अद्वितीयरचनास्ति। या वंद्या दर्शनीया चास्ति।

**हिन्दी टीका—**"कनकभूभृति" इत्यादि पदखण्डना रूप से व्याख्यान किया जाता है। कनकभूभृत-स्वर्णाचल-सुमेरु पर्वत पर पांडुक वन के ईशान कोण में "पाण्डुक" नामकी अर्धचन्द्राकार एक शिला है। सौधर्म इन्द्र ने चैत्रशुक्ला त्रयोदशी के दिन जन्मकल्याणक में आकर उसी मेरुपर्वत की पाण्डुकशिला पर आपका **(तीर्थंकर महावीर का)** जन्माभिषेक किया था। उस समय शिशु महावीर अनुपम बल से सहित वहाँ पर सुशोभित हो रहे थे। अब उसी का विस्तार रूप से कथन है—

मध्यलोक में असंख्यातद्वीप समुद्रों के मध्य में एक लाख योजन प्रमाण विस्तार वाला "जम्बूद्वीप" नामका प्रथम द्वीप है। उस जम्बूद्वीप के बीचोंबीच में एक लाख योजन **(४० करोड़ मील)** ऊँचा सुदर्शन मेरु पर्वत है जो तीनों लोकों में सवार्धिक महान् और पवित्र है क्योंकि उस पर्वत के ऊपर ही जम्बूद्वीप के समस्त तीर्थंकरों का जन्माभिषेक होता है, होता था हमेशा होता रहेगा।

भद्रशाल, नन्दन, सौमनस और पाण्डुक इन चारों वनों से समन्वित इस सुमेरु पर्वत में सोलह अकृत्रिम चैत्यालय हैं। मेरु के पाण्डुकवन की चारों विदिशाओं में चार शिलाएं हैं, उनके नाम हैं-पाण्डुकशिला, पाण्डुकम्बला, रक्ता शिला और रक्तकम्बला शिला। ईशानकोण की पाण्डुक शिला पर



सौधर्म इन्द्र भरतक्षेत्र के तीर्थंकरों का अभिषेक करते हैं।

तीर्थंकर महावीर का जन्माभिषेक भी इसी प्रकार से हुआ था। वहाँ पर एक हजार कलशों से स्नान कराये जाने पर वे वीरप्रभु अतुलनीय शक्ति और धैर्य के साथ सुशोभित हो रहे थे ऐसा श्लोक का अभिप्राय है। उन अनुपम बल-वीर्य से संयुक्त सन्मति भगवान् का ध्यान करके हम सभी शक्तिमान् होकर परमात्मा पद को प्राप्त करेंगे। इस सुदर्शनमेरु पर्वत की एक लघु प्रतिकृति (रचना) हस्तिनापुर नगरी मे गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा एवं शुभाशीर्वाद से बनाई गई है। उस प्रतिकृति—जम्बूद्वीप की रचना से समस्त आगन्तुकों को भूगोल का ज्ञान होता है। वर्तमान युग में यह एक ही अद्वितीय रचना है जो सभी वर्गों के लिए दर्शनीय एवं वन्दनीय है।

**सिद्धिवधूप्रिय नाथ जिनेश्वर वीरमहागुणरत्नराशेः।**
**कुण्डलपूः त्रिशलाजननी बहुपुण्यवती सुरवृंदनुतासीत्।।**
**मंगलदं भुवि हर्षकरं जिन गर्भमवाप शुचौ सितषष्ठ्यां।**
**सन्मतिदेव! सदा मम सन्मतये भवतात् प्रणमामि मुदा त्वां।।**

**-गणिनी ज्ञानमती**

## 9

**द्रुतविलम्बित छन्द -**

**नुतगणीन्द्रमुनीन्द्रवियच्चर -**
**प्रभुनरेन्द्रसुरेन्द्रसुसन्मतिः।**
**सदसि मध्य-मृगेन्द्रसुविष्टरे,**
**प्रविरराज सदा किल नौमि तं।।**

**समवसरण में द्वादश परिषद, मध्य रत्नसिंहासन पर,**
**चतुरंगुल के अन्तराल से, शोभें प्रभु शशिसम सुन्दर।**
**गणधर मुनिगण विद्याधरपति, नरपति सुरपति से पूजित,**
**असंख्य-ज्योतिष व्यंतर सुरनुत, उन्हें नमूं मैं रुचि से नित।।**

**अन्वयार्थ—(नुतगणीन्द्रमुनीन्द्रवियच्चरप्रभुनरेन्द्रसुरेन्द्रसुसन्मतिः)** गणधर, मुनिगण, विद्याधरेन्द्र, चक्रवर्ती और देवेन्द्रों से वंद्य—स्तुत्य सन्मति भगवान् **(सदसि मध्य-मृगेन्द्र-सुविष्टरे प्रविरराज तं सदा किल नौमि)** सभा के मध्य समवसरण के बीचों बीच सिंहासन पर विराजमान थे उन महावीर भगवान को मै सदा नमस्कार करता हूँ।

**संस्कृत टीका**— नौमि नमस्कारं कुर्वेऽहं। कं नौम्यहं ? तं तीर्थंकरमहावीरं। यं नौमि स कीदृशः ? नुतगणीन्द्रमुनीन्द्रवियच्चरप्रभुनरेन्द्रसुरेन्द्र-सुसन्मतिः। गणीन्द्राश्च मुनीन्द्राश्च वियच्चरप्रभवश्च नरेन्द्राश्च गणीन्द्रमुनीन्द्रवियच्चरप्रभुनरेन्द्रसुरेन्द्राः तैः नुतः सुसन्मतिः सुष्ठुः श्रेष्ठः सन्मतिः सुसन्मतिः। क्व रराज असौ वीरनाथः ? सदसि समवशरणस्य द्वादशसभानां मध्ये मृगेन्द्रसुविष्टरे सिंहासनस्योपरि प्रविरराज—प्रकृष्टरूपेण विराजते स्म। तं सदा किल नौमि तं वीरजिनेन्द्रं अहम् सदा सर्वदा त्रिकालेषु नमामि।

भगवतो दिव्यसमवशरणे द्वादशसभासु प्रथमायां विराजमानाः गणधराः मुनीश्वराश्च प्रभोः दिव्यध्वनेःपानं कुर्वन्ति। विद्याधरमानवाश्चक्रवर्तिनो देवेन्द्राश्च चतुर्णिकायानां सुराश्च निजनिजसभामध्ये स्थित्वा तीर्थंकरस्य उपदेशामृतं पिबन्ति।



समवशरणमध्ये सुरैर्निर्मितस्य सिंहविष्टरस्योपरि अर्हत्प्रभुः प्रविराजते। तीर्थंकरमहावीरोऽपि एतद्विभवैः संयुक्तः सन् निजसभायाःमध्ये अशोकवृक्षस्याधस्तले सुशोभते स्म। गणधरनरेन्द्रदेवेन्द्रादयस्तस्य समीपमागत्य स्तुतिमकुर्वन्। अहमपि तं जिनेन्द्रम् नित्य वन्दे।

**हिन्दी टीका—**मैं नमस्कार करता हूँ। किसको ? तीर्थंकर महावीर को। जिनको मैं नमस्कार करता हूँ वे कैसे हैं ? वे गणधर, मुनिगण, विद्याधराधिपति, चक्रवर्ती और सुरेन्द्रों के द्वारा वदन्ति हैं—जिन्हें गणधर, मुनिगण, विद्याधर, चक्रवर्ती और देवेन्द्र भी नमस्कार करते हैं ऐसे श्रेष्ठ सन्मति भगवान् हैं।

वे वीरनाथ कहाँ विराजमान थे ? सभा में—समवशरण की बारह सभाओं के मध्य में सिंहपीठ—सिंहासन पर विराजमान थे। उन वीरजिनेन्द्र को मैं सदैव नमस्कार करता हूँ।

भगवान् के दिव्य समवशरण की बारह सभाओं में से प्रथम सभा में बैठे हुए गणधर और मुनीश्वर प्रभु की दिव्यध्वनि का पान करते हैं। विद्याधर, मनुष्य, चक्रवर्ती, देवेन्द्र चारों निकाय के देवगण अपनी-अपनी सभा में बैठकर तीर्थंकर के उपदेशामृत को पीते हैं—श्रवण करते हैं।

समवशरण के मध्य में देवों द्वारा निर्मित सिंहासन के ऊपर अर्हन्त प्रभु विराजमान रहते हैं। तीर्थंकर महावीर स्वामी भी इन वैभवों से संयुक्त होते हुए अपनी समवशरण सभा के मध्य में अशोक वृक्ष के नीचे सुशोभित हो रहे थे। गणधर, चक्रवर्ती, देवेन्द्रादि उनके समीप आकर स्तुति करते थे इसलिए मैं भी उन जिनेन्द्रदेव को नित्य ही वन्दन करता हूँ।

## 10

**मन्दाक्रान्ता छन्द –**

**भ्रान्त्वा भ्रान्त्वा त्रितयजगति त्रस्यमानेन कामं,**
**लब्ध्वा दुःखं नरककुहरे वाक्पथातीतघोरं।**
**भो वीर ! त्वं कथमपि मया दुःखसिंधौ सुलब्धः,**
**कृत्वेदानीं मयि सुकरुणां पाहि मां पाहि तूर्णं।।**

**तीनलोक में भटक-भटक कर, बहुत दुखी हो रहा जिनेश !**
**नरकों में मैं वचन अगोचर, कष्ट सहे हैं हे परमेश !।**
**इस दुख सागर में प्रभु तुमको, पाया बड़ी कठिनता से,**
**रक्षा करो प्रभो करुणाकर, रक्षा करो झटिति आके।।**

**अन्वयार्थ—(त्रितयजगति भ्रान्त्वा भ्रान्त्वा)** तीनों लोकों में भ्रमण कर करके **(नरककुहरे वाक्पथातीतघोरं दुःखं लब्ध्वा)** नरक बिलों में वचनातीत घोर दुःखों को प्राप्त करके **(कामं त्रस्यमानेन मया भो वीर ! दुःखसिन्धौ कथमपि त्वं सुलब्धः)** इच्छानुसार दुःखी होते हुए मैंने हे भगवन् महावीर ! संसार के इस दुःख सागर में बड़ी मुश्किल से तुम्हें प्राप्त किया है। **(मयि सुकरूणां कृत्वा इदानीं मां पाहि तूर्णं पाहि)** अतः मेरे ऊपर करूणा करके रक्षा करो, शीघ्र ही रक्षा करो।

**संस्कृत टीका—**पाहि पाहि-रक्ष रक्ष ! कं पाहि ? मां, मम सदृशान् समस्तप्राणिनः रक्ष भो वीर ! त्वं मां तूर्णं पाहि-हे वीर प्रभो ! त्वं मां शीघ्रं संरक्ष। पातुं योग्यः अहम् कथम् दुःखितोऽस्मि ? त्रितयजगति त्रिविधे लोकेऽस्मिन् भ्रान्त्वा भ्रान्त्वा भ्रमणं कृत्वा चतुर्गतिषु पुनः पुनः जन्म अगृह्णाम्। तत्र कामं त्रस्यमानेन इच्छानुसारेण बहुत्रासेन दुःखितोऽभवम्। नरककुहरे नरकबिलेषु वाक्पथातीतघोरं दुःखं लब्ध्वा वाचाम् वचनानां पंथा मार्गः वाक्यपन्थाः तस्मात् वाक्पथः अतीतं रहितं—वचनानामगोचरम् दुःखं कृच्छ्रं लब्ध्वा प्राप्य भो वीर ! हे वीर जिनेन्द्र ! दुःखसिन्धौ दुःखानि एव सिन्धुः दुःखसिन्धुस्तस्मिन् दुःखसिन्धौ



संसारे एव महादुःखसमुद्रे मया त्वम् कथमपि सुलब्धः, अहम त्वां येन केनप्रकारेणापि प्राप्तुं क्षमो भवामि। (अतः) मां पाहि-मह्यं अभयदानं देहि। मयि सुकरूणां कृत्वा मां प्रति नितरां करूणां दयां कृत्वा इदानीं अधुना सम्प्रति तूर्णं शीघ्रं झटिति पाहि मम रक्षां कुरू। द्विबारं क्रियाप्रयोगे सति भक्तस्य हृदये संसार-दुःखेभ्योऽतीव अतीववेदना वर्तते तथा च संसारान्निर्गन्तुं तीव्रा इच्छा वर्तते एतदनुमीयते।

अस्मिन् मन्दाक्रान्तावृत्ते श्रीज्ञानमती नाम्नी गणिनी-आर्यिका भगवतःस्तुतौ चतुर्गतिदुःखानां वर्णनमकरोत् यत् हे वीरप्रभो ! त्वमेव मां रक्षितुं क्षमोऽसि अतः झटित्येव मां पाहि। यद्यपि वीरजिनेन्द्रस्तु वीतरागी सर्वज्ञोऽस्ति स केषामपि हिताहितं न करोति तथापि भक्तानां भक्तिप्रभावेन सर्वाणि कार्याणि स्वयमेव सिद्ध्यन्ति, न कश्चिदपि सन्देहोऽस्मिन्।

**हिन्दी टीका—**रक्षा करो, रक्षा करो। किसकी रक्षा ? मेरी और मुझ सदृश समस्त प्राणियों की। हे वीर भगवान् ! आप हमारी शीघ्र ही रक्षा करें। रक्षा के योग्य मैं क्यों दुःखी हूँ ? तीनों लोकों में भटक-भटक कर, चारों गतियों में बार-बार जन्म धारण करके बहुत दुःखी हो चुका हूँ।

नरक बिलों में वचनातीत दुःख प्राप्त करके मैंने संसार रूपी दुःख समुद्र में किसी प्रकार से आपको प्राप्त किया है अतः अब आप मेरे ऊपर करुणा करके शीघ्र ही रक्षा कीजिए। ''पाहि-पाहि'' इस प्रकार दो बार क्रिया प्रयोग करने से यह प्रतीत होता है कि भक्त के हृदय में संसार दुःखों के प्रति अतीव वेदना है और संसार से निकलने की उसकी तीव्र इच्छा है।

इस मन्दाक्रान्ता छन्द में ''श्री ज्ञानमती'' नाम की गणिनी आर्यिका ने भगवान् की स्तुति में चतुर्गति दुःखों का वर्णन किया है कि हे वीरप्रभो! आप ही मेरी रक्षा करने में सक्षम हैं अतः शीघ्र ही मेरी रक्षा करें। यद्यपि वीरजिनेन्द्र वीतरागी सर्वज्ञ हैं, वे किसी प्राणी का भी हित-अहित नहीं करते हैं फिर भी भक्तों की भक्ति के प्रभाव से सभी कार्य स्वयमेव सिद्ध हो जाते हैं इसमें किंचित् भी सन्देह नहीं है।

## 11

**मन्दाक्रान्ता छन्द –**

**यावद्दुःखं भवभवगतं तन्न पारयेत् वक्तुं,**
**तत्तत्सर्वं कथमपि महाक्लेशतः सह्यते हा ।**
**सम्यग्दृष्ट्या मरणसमये सत्समाधिर्न लब्धः,**
**बारं बारं लभत इति यत्तत् पुनर्जन्मदुःखं ।।**

**भव भव में जितने दुख पाये, नहीं वचन से कह सकते,**
**हा ! हा ! कर संक्लेश भावधर, जैसे तैसे ही सहते।**
**सम्यग्दर्शन सहित समाधी, मरणकाल में नहिं पाई,**
**बार बार अतएव जन्म, मरणादि दुःख भोगे सब ही।।**

**अन्वयार्थ—(भवभवगतं यावद्दुःख तत्वक्तुं न पारयेत्)** भव-भव में जितने भी दुःख मैंने प्राप्त किये हैं उन्हें कहने में समर्थ नहीं हूँ। **(हा ! तत्तत्सर्वं महाक्लेशतः कथमपि सह्यते)** हाय ! उन सभी दुःखों को महान् संक्लेश भावों से जैसे-तैसे किसी प्रकार से मैंने सहन किया है। **(मरणसमये सम्यग्दृष्ट्या सत्समाधिर्न लब्धः)** मृत्यु के समय सम्यग्दर्शन से सहित समाधि को प्राप्त नहीं किया। **(यत्तत् पुनर्जन्मदुःखं बारं बारं लभते इति)** इसीलिए पुनर्जन्म के दुःख बार-बार प्राप्त करता रहता हूँ।

**संस्कृत टीका—**भवभवगतं भवे भवे गतं प्राप्तं भवभवगतं यावद्दुःखं तत् वक्तुं न पारयेत्। हे भगवन् ! अनादिकालात् पंचपरावर्तनस्वरूपे संसारेऽस्मिन् चतुर्गतिषु भ्रमता मया ईदृशं दुःखं कृच्छ्रं प्राप्तं तत् दुःखं वक्तुं कथयितुं न पारयेत् शक्येत।

हा ! कष्टं ! अतिशयदुःखितो भूत्वा अहं कथयामि। तत्तत्सर्वं सर्वदुःखसमूहं महाक्लेशतः-अतिसंक्लिष्टपरिणामतः कथमपि- येन केन प्रकारेणापि सह्यते-मया प्राप्यते कथं सह्यते एतद्दुखं मया ? सत्समाधिर्न लब्धः - सम्यक्समाधिः न लब्धः न प्राप्तः अतएव मया कष्टान्यनुभूयन्ते। कथम्भूतः स समाधिः ? सम्यग्दृष्ट्या- सम्यग्दर्शनेन



युक्तः। कदा ? मरणसमये-मृत्युकाले।

श्लोकस्याभिप्रायोऽयम् यदि कोऽपि नर एकदा संल्लेखनापूर्वकं समाधिमरणं कुर्यात् तर्हि संसारसागरात् पारं गच्छेत्।

उक्तं च श्री गौतमस्वामिना—

चउत्थे[1] सिक्खावदे पच्छिम-सल्लेहणामरणं.................. जो एदाइं वदाइं धरेइ सावया सावियाओ वा...............

"उक्कस्सेण दोतिण्णि-भव-गहणाणि जहण्णेण सत्तट्ठ भवगहणाणि तदो सुमणु-सुत्तादो सुदेवत्तं सुदेवत्तादो सुमाणुसत्तं तदो साइहत्था पच्छा णिग्गंथा होऊण सिज्झंति बुज्झंति मुच्चंति परिणिव्वाणयंति सव्वदुक्खाणमंतं करेन्ति।"

चतुर्गतिषु एका मनुष्यगतिरेवास्ति या न समाधिमात्रमेव किन्तु सिद्धपदस्यापि प्राप्तिर्जायते। ये नरयोनिं प्राप्य निर्ग्रन्थमुद्रां धृत्वा समाधिमरणं कुर्वन्ति ते तु शीघ्रमेव द्वित्रिभवेषु मुक्तिश्रियं वशं कुर्वन्ति। ये श्रावकाःश्राविकाश्च यथाशक्तिव्रतान्युपास्य अन्तसमये समाधिमरणं प्राप्नुवंति तेऽपि कतिपयभवानन्तरं परम्परया मोक्षं लभन्ते। अतः समाधिं प्राप्तुं सततं प्रयत्नः कर्तव्यः अस्माभिः।

**हिन्दी टीका—**अनेक भवों में जो दुःख प्राप्त किये हैं उन्हें कहा भी नहीं जा सकता है। हे भगवन् ! अनादि काल से पंचपरिवर्तनस्वरूप इस संसार में घूमते हुए मैंने इतने दुःख प्राप्त किये हैं जिन्हें कहना शक्य नहीं है।

हाय ! कष्ट ! मैं अत्यन्त दुःखी होकर कह रहा हूँ। उन समस्त दुःखसमूह को अतिसंक्लिष्ट परिणामों से मैंने येनकेनप्रकारेण—जिस किसी तरह से सहन किये हैं। इन दुःखों को मैंने क्यों सहन किया है ? क्योंकि समाधि की प्राप्ति नहीं हुई। कैसी समाधि ? सम्यग्दर्शन से युक्त समाधि होती है। समाधि की प्राप्ति कब होती है ? मरण काल में—जीवन के अन्त समय में समाधि प्राप्त की जाती है।

श्लोक का अभिप्राय यह है कि यदि कोई मनुष्य एक बार सल्लेखनापूर्वक समाधिमरण प्राप्त कर लेता है तो वह संसार से पार हो जाता है।

---

१. पाक्षिकप्रतिक्रमण

श्री गौतम गणधर स्वामी ने भी कहा है—

"चतुर्थ शिक्षाव्रत में वर्णित पश्चिमसल्लेखनामरण है ........... जो भी श्रावक-श्राविका आदि इन व्रतों को धारण करते हैं वे उत्कृष्ट रूप से दो-तीन भव एवं जघन्य रूप से सात-आठ भव ग्रहण करके....... मनुष्ययोनि में आकर निर्ग्रन्थ दीक्षाधारण करके सिद्ध, बुद्ध होकर निर्वाणपद प्राप्त करके सभी दुःखों का अन्त कर लेते हैं।"

चारों गतियों में एक मनुष्यगति ही ऐसी है जिसके द्वारा मात्र समाधि ही नहीं, सिद्धपद की प्राप्ति भी होती है। जो मनुष्य योनि को प्राप्त करके निर्ग्रन्थ मुद्रा धारण कर समाधिमरण करते हैं वे तो शीघ्र ही दो-तीन भवों में मुक्तिलक्ष्मी को वश कर लेते हैं और जो श्रावक-श्राविकाएं यथाशक्ति व्रतों का पालन करते हुए अन्त में समाधिमरण प्राप्त करते हैं वे भी कुछ भवों के पश्चात् ही परम्परा से मोक्ष पा लेते हैं। अतः हम सभी को समाधि प्राप्ति के लिए सतत् प्रयत्न करना चाहिए।

## 12

**मन्दाक्रान्ता छन्द –**

**यावज्जीवं विहितशुभदं देवसेवादिकार्यं,**
**तीर्थं गत्वा बहुरूचितया वंदनायै जिनेशाम्।**
**यावत्पुण्यं कथमपि मया सञ्चितं तच्च सर्वं,**
**यायाच्छीघ्रं जिनवर ! मम प्राणनिर्याणकाले।।**

**बचपन से अब तक जीवन में, जिनभक्ती दानादि किया।**
**पञ्चकल्याणक तीर्थों पर जा, जिनवर वन्दन स्तवन किया।।**
**जितना भी सब पुण्य हुआ, वह एकत्रित मम जीवन में।**
**मेरे प्राण प्रयाण समय प्रभु, वह सब पुण्य सहायि बने।।**

**अन्वयार्थ – (यावज्जीवं देवसेवादिकार्यं विहितशुभदं)** जन्म से लेकर अब तक जो कुछ भी मैंने जिनेन्द्रभक्ति, गुरु उपासना आदि शुभ फल को प्रदान करने वाले कार्य किये हैं। **(जिनेशाम् वन्दनायै बहुरुचितया तीर्थं गत्वा)** जिनेश्वरों-तीर्थंकरों की वन्दना हेतु बड़ी रूचि-श्रद्धापूर्वक तीर्थों पर जाकर **(कथमपि मया यावत्पुण्यं सञ्चितं)** किसी प्रकार मैंने जो कुछ भी पुण्य सञ्चित किया है। **(जिनवर ! तच्च सर्वं मम प्राणनिर्याणकाले शीघ्रं यायात्)** हे भगवन ! वह सारा पुण्य मेरे मरणकाल में शीघ्र ही आ जावे—सहायक हो जावे।

**संस्कृत टीका**—यावज्जीवं इत्यादि पदखण्डनारूपेण व्याख्यानं क्रियते मया।

आबाल्यादद्यावधिपर्यन्तं मया यत् **देवपूजादिकार्यं** गृहस्थोचितषटकर्त्तव्यं कृतं। विहितशुभदं—शुभं ददातीति शुभदः तत् शुभदं, विहितं च तत् शुभदं विहितशुभदं, तैः देवपूजादिकार्यैः इन्द्रचक्रवर्त्यादिसुखं प्राप्नुवन्ति नराः। तथा च जिनेशाम् चतुर्विंशतितीर्थंकराणाम् अन्यसिद्धपदप्राप्तमहापुरूषाणाम् च **वन्दनायै** अर्चनायै नमस्कर्तुं च **बहुरूचितया** अतिशयश्रद्धया मनसा वाचा कर्मणा च तीर्थं तीर्थभूमिं अतिशयक्षेत्रं, सिद्धक्षेत्रं च गत्वा

प्राप्य मया कथमपि येन केन प्रकारेण यावत्पुण्यं यत् शुभकर्म सञ्चितं अर्जितं। जिनवर! हे जिनेन्द्र भगवन् ! तच्च सर्वं समस्तपुण्यस्य फलं **मम प्राणनिर्याणकाले** मरणसमये शीघ्रं यायात् अचिरं प्राप्तंभवेत्। समाधिमरणं कुर्याम् इत्यर्थः।

अस्मिन् मन्दाक्रान्तावृत्ते श्रीज्ञानमतीनामगणिनीआर्यिका श्रीवीरजिनस्य स्तुतिं कुर्वन्ती निजात्मभावनां प्रकटयति यत् भो वीरप्रभो ! मह्यं मरणकाले सम्यक् समाधिं प्रदेहि।

उक्तं च श्री पूज्यपादस्वामिना -

**''आबाल्याज्जिनदेवदेव ! भवतः श्रीपादयोः सेवया,**
**सेवासक्तविनेयकल्पलतया कालोऽद्ययावद्गतः।**
**त्वां तस्याः फलमर्थये तदधुना प्राणप्रयाणक्षणे,**
**त्वन्नामप्रतिबद्धवर्णपठने कण्ठोस्त्वकुण्ठो मम।।''**

अत्रायमभिप्रायः यत् समाधिं बिनाऽयं जीवो भवे नानाविधं दुखं प्राप्नोति अतएव वयमपि दानपूजादिक्रियाः साधुपक्षे सामायिकप्रतिक्रमणादिक्रियाः च कुर्वन्तः सन्तः समाधिमरणं प्राप्तुमिच्छामः।

अस्मिन श्लोके प्रथमचरणस्यान्ते ज्ञानमतीगणिन्या मकारस्थाने अनुस्वारो लिखितः द्वितीय पादस्य समाप्तौ च मकारकृतः। श्री शर्ववर्माचार्यकृतकातंत्ररूपमालानामव्याकरणग्रन्थे एतद्विशेषनियमोऽस्ति। ''विरामे वा'' अनेन सूत्रेण पदानामंते विकल्पेन अनुस्वारो मकारश्च द्वयमपि भवति।

**हिन्दी टीका—**''यावज्जीवं'' इत्यादि पदखण्डना रूप से यहाँ व्याख्यान किया जाता है।

बचपन से लेकर आज तक मेरे द्वारा जो देवपूजादि गृहस्थोचित षटकर्त्तव्यों का पालन किया गया है। वे समस्त क्रियायें शुभ फल को प्रदान करने वाली हैं अर्थात् उन देवपूजादि कार्यों से इन्द्र चक्रवर्ती सुखों को मनुष्य प्राप्त कर लेते हैं तथा जिनेश्वरों की—चौबीस तीर्थंकरों एवं सिद्ध पद प्राप्त महापुरुषों की वन्दना, अर्चना आदि करने के लिए अतिशय श्रद्धा-रूचिपूर्वक तीर्थक्षेत्रादिकों पर जाकर जो मेरे द्वारा पुण्य सञ्चित किया गया है। हे जिनेन्द्रभगवान ! वह सभी पुण्य का फल मेरे मरण समय में मुझे



प्राप्त हो जावे अर्थात् मेरे समाधिमरण में सहायक बन जावे, यह अर्थ हुआ।

इस मन्द्राक्रान्ता छन्द में श्री ज्ञानमती माताजी वीरजिन भगवान की स्तुति करती हुई आत्मभावना को प्रगट करती हैं कि हे वीर प्रभो ! आप मुझे मरणकाल में समाधि प्रदान करें।

आचार्य श्री पूज्यपाद स्वामी ने भी कहा है—

**श्लोकार्थ—**''हे देव ! बचपन से लेकर अब तक मैंने जो भी आपके चरणों की कल्पलता के समान सेवा भक्तिभाव पूर्वक की है। उसका फल अब मुझे यही मिले कि प्राण निकलते समय आपका नाम जपने में मेरा कण्ठ अकुण्ठित बना रहे—नाममंत्र जपते-जपते मुझे समाधि की प्राप्ति होवे।''

यहाँ अभिप्राय यह है कि समाधि के बिना यह जीव भव-भव में अनेक प्रकार के दुःख को प्राप्त करता है। इसलिए हम भी दान-पूजादि क्रिया करते हुए अथवा साधु अवस्था में सामायिक प्रतिक्रमणादि क्रिया करते हुए समाधिमरण प्राप्ति की इच्छा करते हैं।

इस श्लोक में प्रथम चरण के अंत में गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी ने मकार के स्थान पर अनुस्वार लिखा है और द्वितीय पाद के अंत में मकार ही रखा है। श्री शर्ववर्माचार्य कृत कातंत्ररूपमाला नामक व्याकरण ग्रन्थ में यह विशेष नियम है। सन्धिप्रकरण में ''विरामे वा'' इस सूत्र से पद के अंत में विकल्प से अनुस्वार और मकार दोनों हो जाते हैं।

**विशेष—**पाणिनी व्याकरण पढ़ने वाले विद्वानों के मुख से प्रायः यह सुना जाता है कि संस्कृत श्लोकों में पाद के अंत में मकार के स्थान मकार ही लिखा जाना चाहिए, अनुस्वार नहीं। अनुस्वार लिख देने पर वे लोग व्याकरण के अनुस्वार को दोषास्पद समझते हैं किन्तु ''कातन्त्ररूपमाला'' व्याकरण के विशेष नियमानुसार ही ज्ञानमति माताजी ने अपने द्वारा रचित स्तुतियों में मकार और अनुस्वार दोनों का प्रयोग किया है।

# 13

**जन्ममृतिभ्यां विविधकुरोगैः,**
**त्रस्तशरीरी कुमृति-निमित्तात्।**
**प्राप्य कदाचिज्जिन ! तव धर्मं,**
**अस्तु समाधिर्मम मृतिकाले।।**

**जनम मरण से तथा विविध, रोगों से पीड़ित भव वन में।**
**कुमरण के ही कारण जिनवर ! दुखी हुआ तनु धर-धर मैं।।**
**आज कदाचित् दुर्लभता से, जिन ! तव धर्म को पाया है।**
**अंत समय में श्रेष्ठ समाधी, होवे यही याचना है।।**

**अन्वयार्थ :— (कुमृतिनिमित्तात् जन्ममृतिभ्यां विविधकुरोगैः त्रस्तशरीरी)** कुमरण—असमाधि के कारण जन्ममरण के द्वारा अनेक प्रकार के कुत्सित रोगों से शरीरधारी मैं त्रस्त हो गया हूँ। **(जिन ! कदाचित् तव धर्मं प्राप्य मृतिकाले मम समाधिः अस्तु)** हे जिनेन्द्रदेव ! अब किसी तरह आपके धर्म को प्राप्त करके मरणकाल में मुझे समाधि की प्राप्ति होवे।

**संस्कृत टीका—**जिन ! हे जिनेन्द्र ! कुमृतिनिमित्तात् कुत्सितमरणनिमित्तात् आर्तरौद्रदुर्ध्यानाभ्यां मरणात् अहं अनादिकालात् चतुर्गतिषु कुत्सितमरणं असमाधिपूर्वकं मरणं कृत्वा जन्ममृतिभ्यां जन्मना मृत्युना च बारं बारं जन्ममरणादिना विविधकुरोगैः नानाविध शारीरिकमानसागंतुकव्याधिभिः दुःखी त्रस्तशरीरी अत्यंतदुखी भवामि। अधुना हे जिन ! कदाचित् तवधर्मं स्याद्वादानेकान्तरूपं जिनधर्मं प्राप्य संप्राप्य गृहीत्वा मम मृतिकाले मरणकाले समाधिरस्तु सल्लेखनाव्रतं भवतु।

इतो विस्तरः— यत् संसारेऽस्मिन् ममसदृशाः असंख्यप्राणिनो जन्ममरणादिकं कृत्वा विविधप्रकारैः कुत्सितरोगैः दुःखिनः सन्ति। जन्मजन्मान्तरे सञ्चितेन केनापि पुण्यफलेन ते त्रसपर्यायं मनुजजन्म वा लभन्ते। अत्र कवियित्री कथयति यत् तस्यैव पुण्यकर्मणः प्रभावेनाहमपि नरजन्म धृत्वा जिनधर्मं प्राप्नोमि। अतएव इयमेव प्रार्थनास्ति यत् अस्य सुकृतस्य सारभूतं समाधिमरणं भवतु मम।



मानवपर्यायः सर्वपर्यायेषु अनर्घ्यरत्नसदृशोऽस्ति। कवयस्तं स्वर्णमन्दिरमपि कथयन्ति। यदि कदाचित् कोऽपि नरो मुनिव्रतं धृत्वा समाधिमरणं करोति तर्हि सः निजस्वर्णमन्दिरस्योपरि मणिमयकलशमारोपयतीति विज्ञाय समाधिं प्रति रूचिः कर्त्तव्या।

**हिन्दी टीका—**हे जिनेन्द्र ! मैंने चारों गतियों में कुत्सित मरण के निमित्त से—आर्त्तरौद्रध्यानपूर्वक मरण करके बार-बार जन्ममरणादिके द्वारा अनेक शारीरिक, मानस, आगन्तुक ब्याधियों के दुखों से अत्यंत दुखी रहा हूँ। अतः अब हे जिन ! किसी प्रकार से आपके स्याद्वादमयी अनेकान्त धर्म को प्राप्त करके मरणकाल में मुझे समाधि की प्राप्ति होवे।

इसी विषय का विस्तार किया जाता है कि इस संसार में मेरे समान असंख्य प्राणी जन्ममरणादि करके अनेक कुत्सित रोगों से दुःखी हो रहे हैं पुनः जन्मजन्मान्तर में सञ्चित किसी पुण्य के फलस्वरूप त्रसपर्याय और मनुष्य जन्म को प्राप्त किया है। यहाँ कवियित्री आर्यिका श्री कहती हैं कि उसी पुण्यकर्म के प्रभाव से मैंने भी नरजन्म धारण कर जिनधर्म को प्राप्त किया है अतएव यही प्रार्थना है कि मुझे इस सुकुल का सारभूत समाधिमरण प्राप्त होवे।

मानव पर्याय समस्त पर्यायों में अनर्घ्यरत्न के समान है। कवियों ने मनुष्य जीवन को स्वर्णमन्दिर भी कहा है। यदि कदाचित् कोई मनुष्य मुनिव्रत धारण करके समाधिमरण प्राप्त करते हैं तो वे अपने स्वर्णमन्दिर के ऊपर मणिमय कलश चढ़ा लेते हैं ऐसा समझकर समाधि के प्रति रूचि अवश्य रखना चाहिए।

# 14

**श्रीछन्द :-**

**अन्तिमकाले विषयकषायाः,**
**रोगजपीडाः मम न भवेयुः।**
**अस्तु न कुंठो जिन ! मम कंठः,**
**नाम सुजपतो भवतु सुमृत्युः।।**

**हे प्रभु ! मेरे मरण समय में, मोह कषायें प्रगट न हों।**
**रोगजनित पीड़ा नहिं होवे, मूर्च्छा आशा भी नहिं हों।।**
**प्राण निकलते समय वीर ! मम कंठ अकुंठित बना रहे।**
**महामंत्र को जपते जपते, प्रभु समाधि उत्तम होवे।।**

**अन्वयार्थ :—(मम अन्तिमकाले विषयकषायाः रोगजपीडा न भवेयुः)** मेरे अन्तकाल—मरण समय में विषय कषायें एवं रोगों से उत्पन्न होने वाली पीड़ा मुझे न सतावे।

**(जिन ! मम कंठः कुंठो न अस्तु)** हे भगवन् ! मेरा कंठ कुंठित न होवे। **(नाम सुजपतो सुमृत्युः भवतु)** आपका नाम जपते हुए ही मेरी सुमृत्यु—समाधि होवे।

**संस्कृत टीका—**जिन ! हे जिनेन्द्र ! मम अन्तिमकाले मरणसमये विषयकषायाः न भवेयुः विषयाश्च कषायाश्च ते विषयकषायाः पंचेन्द्रियविषयभोगाः न भवेयुः कषायाश्च अनन्तानुबन्ध्यादिषोडशप्रकारेषु केऽपि न उद्भवेयुः। रोगजपीडाः अपि न प्रादुर्भवेयुः हे प्रभो ! नानाप्रकाररोगादिभिः उत्पन्नाः पीडाः वेदनाः अपि न भवेयुः।

मम कंठः कुण्ठो नास्तु—भो वीरभगवन् ! मम कंठः सदा सर्वदा अकुण्ठितो भवतु केनापि रोगवशेन मम कण्ठः कुण्ठितो अवरुद्धो न भवतु। नाम—भवतो जिनेन्द्रभगवतः सिद्धात्मनश्च नाममंत्रं सुजपतः—सुष्ठुतया जपतः स्मरतो हृदये अर्हत्सिद्धयो नाम्नी सुपठतः, सुमृत्युः—सल्लेखनापूर्वकं समाधिमरणं भवतु प्राप्नोतु माम्।



अस्मिन् श्लोके श्री ज्ञानमतीनामगणिनी—आर्यिका श्रीवीरजिनेन्द्रं प्रति निजभावाभिव्यक्तिं प्रकटयति यत् मे रत्नत्रयफलमिदं भवतु यत् मम समाधिकाले किंचिदपिशारीरिककष्टम् न जातु तव नाममन्त्रमहं जपन् जपन् उत्तमगतिं प्राप्नुयाम्।

**हिन्दी टीका—**हे जिनेन्द्र ! मेरे मरणकाल में विषयकषायादि—पंचेन्द्रिय विषय भोगों की लालसा एवं अनन्तानुबन्धी आदि सोलह कषायों में से कोई भी कषाय उत्पन्न न होवे तथा हे प्रभो ! नाना प्रकार के रोगों से उत्पन्न होने वाली पीड़ा—वेदना भी न प्रगट होने पाए।

हे वीर भगवन् ! मेरा कण्ठ सदा अकुण्ठित बना रहे—किसी रोगादि से मेरा कण्ठ कभी कुण्ठित—अवरूद्ध न होने पाए। हृदय में आप जिनेन्द्र भगवान् तथा सिद्धात्मा का नाम मंत्र अच्छी तरह जपते-जपते "अर्हन्त सिद्ध" का नाम स्मरण करते हुए मुझे सल्लेखना पूर्वक समाधिमरण प्राप्त होवे।

इस श्लोक में आर्यिका श्री वीरजिनेन्द्र के प्रति अपनी भावाभिव्यक्ति प्रगट करती हैं कि मुझे रत्नत्रय का यह फल प्राप्त होवे कि मरण समय में मुझे किंचित् भी शारीरिक कष्ट न होवे, आपका नाम मंत्र जपते-जपते में उत्तमगति प्राप्त करूँ।

# 15

**श्रीछन्द :-**

**घोरनिगोदे व्यसनसमुद्रे,**
**श्वभ्रगतौ भीकरतम-दुःखे।**
**क्रूरकुतिर्यङ्नरसुरमध्ये,**
**दुःखमवाप्तः शरणमितोऽतः।।**

**घोर निगोद महासागर में, काल अनन्त बिताये हैं।**
**भीम भयंकर नरकगती में, दुःख अनन्त उठाये हैं।।**
**क्रूरकुतिर्यंचों में कुनरों - में असुरादिक देवों में।**
**अगणित कष्ट सहे हैं अब तुम, शरण लिया व्याकुल हो मैं।।**

**अन्वयार्थ :— (घोरनिगोदे व्यसनसमुद्रे)** मैंने घोरनिगोद रूपी दुःख समुद्र में, **(श्वभ्रगतौ भीकरतमदुःखे)** महाभयंकरदुःखों से सहित नरकगति में **(क्रूरकुतिर्यङ्नरसुरमध्ये दुःखमवाप्तः)** क्रूर कुतिर्यंचों में, कुमनुष्यों में और असुरादि देवों में अनन्त कष्ट सहे हैं। **(अतः शरणमितः)** इसलिए हे प्रभो ! अब आपकी शरण मैंने प्राप्त कर ली है।

**संस्कृत टीका—**शरणं इतः। कं शरणं इतः ? वीरशरणं, महावीरसान्निध्यं प्राप्तोऽस्मि। किमर्थम् ? घोरनिगोदे व्यसनसमुद्रे- मया अस्मिन् भवसागरे घोरनिगोदक्षेत्रे बहुबारं गत्वा एकश्वासोच्छ्वासे अष्टदशबारमरणं कृत्वा चिरकालपर्यन्तं दुःखमेव भुक्तं। श्वभ्रगतौ भीकरतमदुःखे नरकगतौ अधोलोके सप्तनरकबिलेषु अनेकबारं जन्म गृहीत्वा वचनातीतमहाकृच्छ्रं भुक्तं, क्रूरकुतिर्यङ्नरसुरमध्ये - क्रूराःहिंसकाः पशवः, कुभोगभूमीनां कुमानुषाः भवनत्रिकेषु असुरादिकाः भूत्वा दुःखमवाप्तः नानाविधकष्टं मया प्राप्तम्। अतोऽधुनाऽहं भवतःशरणं इतः प्राप्तः।

अत्रायमभिप्रायः यत् अनादिकालादहं अस्मिन् चतुर्गतिरूपमहासंसारे निगोदवासे च अनन्तबारं गतः। नानादुःखं प्राप्तः। तेभ्यः कृच्छ्रेभ्यः मुक्तिहेतोः जिनेन्द्रशरणमहमागतोऽस्मि भक्तिं कर्तुं अहं तव समीपं प्राप्तोऽस्मि। अनेन प्रसंगवशेन स्तुतिरचयित्री गणिनी माता निजरत्नत्रयशुद्धिं करोति एतत्प्रतीयते।



**हिन्दी टीका—**मैं शरण में आया हूँ। किसकी शरण में ? वीर की शरण में अर्थात् भगवान् महावीर का सानिध्य मैंने प्राप्त किया है। किसलिए ? मैंने इस भवसागर में घोरनिगोदक्षेत्र में बहुत बार जाकर वहाँ एक श्वांस में अठारह बार जन्म-मरण करके चिरकाल तक दुःख ही भोगे हैं। अधोलोक में स्थित सात नरकबिलों में अनेक बार जन्म ग्रहण करके वचनातीत महादुःखों को भोगा है। क्रूर हिंसक पशु होकर, कुभोगभूमियों में कुमानुष होकर और भवनत्रिकों में असुरादिक होकर नाना प्रकार के कष्ट भोगे हैं। इसलिए अब कष्टों से घबराकर मैंने आपकी शरण प्राप्त की है।

यहाँ अभिप्राय यह है कि अनादिकाल से मैंने इस चतुर्गति रूप महासंसार एवं निगोदवास में अनन्तबार जाकर नाना दुःखों को प्राप्त किया है। इन दुःखों से मुक्ति हेतु मैं भक्ति करने के लिए जिनेन्द्र भगवान की शरण में आया हूँ। इस प्रसंग से ऐसा प्रतीत होता है कि स्तुतिरचयित्री गणिनी माताजी भगवान की भक्ति के माध्यम से अपने रत्नत्रय की शुद्धि कर रही हैं।

**कार्तिकमासे शिवपदमगमत्, कृष्णचतुर्दशदिवसनिशान्ते।**
**तीर्थसुपावापुरमिह भणितं, सप्तकरोच्छ्रित इति कनकाभः।।**
**बालयतिस्त्वं जिनवरचरमो, मृत्युजयी खलु मृगपतिचिन्हः।**
**नौम्यतिवीरं शमदमकथकं, वीरमनंतमतुलसुखराशिम् ।।**

**- गणिनी ज्ञानमती**

## 16

**क्रुद्ध-महाशीर्विषकृतमूर्च्छः,**
**भेषजमंत्रैर्व्रजति सुशान्तिं।**
**याति तथा ते स्तुतिशुभमंत्रैः,**
**मोहविषैर्मूर्च्छित-जन-शान्तिं।।**

**क्रुद्ध महा आशीविष सर्प के डसने से मूर्च्छित जन की।**
**औषधि मंत्र जलादिक से विष दूर भगे शांति होती।।**
**तद्वत् मोह महा अहि विष से मूर्च्छित संसारी जन की।**
**तव स्तुति मंत्रों से मूर्च्छा हटे प्रगट हो सुख शान्ती।।**

**अन्वयार्थ :— (क्रुद्धमहाशीर्विषकृतमूर्च्छः भेषजमंत्रैः सुशान्तिं व्रजति)** जैसे क्रोधित हुए महा आशीविष सर्प से डंसा गया मूर्च्छित प्राणी औषधि मंत्रादिकों से शान्ति को प्राप्त हो जाता है—उसका विष दूर हो जाता है। **(तथा मोहविषैर्मूच्छितजन ते स्तुतिशुभमंत्रैः शान्तिं याति)** उसी प्रकार मोह विष से मूर्च्छित प्राणी आपके स्तुतिरूप शुभ नाम मंत्रों से शांति प्राप्त करते हैं।

**संस्कृत टीका—**व्रजति—गच्छति प्राप्नोति। कां व्रजति ? सुशान्तिं व्रजति। कोऽयं प्राणी सुशान्तिं व्रजति ? क्रुद्धमहाशीर्विषकृतमूर्च्छः—क्रुद्धेन महाशीर्विषेन विषधरदशनेन मूर्च्छा प्राप्तः जनः। तर्हि केन प्रकारेण स शांतिं प्राप्नोति ? भेषजमंत्रैः-सर्पविषदूरीकरणे क्षमैः औषध्यादिभिः मंत्रादिभिश्च विषमूर्च्छितजनः सुशांति सुष्ठुतया शान्तिं प्राप्नोति निर्विषो भवति।

यथा क्रुद्धमहाशीर्विषकृतमूर्च्छः भेषजमंत्रैः सुशान्तिं वज्रति तथा—तथैव ते स्तुतिशुभमंत्रैः हे वीरजिनेन्द्र ! भवतः स्तुतेः शुभनाममन्त्रस्य च प्रभावात् मोहविषैर्मूर्च्छितजनः शांतिं, याति—मोह एव विषः मोहविषः तैः मोहविषैः दंशितः प्राणी शान्तिं याति।

अत्र उपमालंकारसमन्वितेऽस्मिन् पद्ये कवियित्री श्रीसन्मतिजिनेन्द्रप्रभुं कुशलवैद्योपमां ददती कथयति यत् अस्मिन् भवदुःखसिन्धौ संसारिणः अनादिकालात् मोहविषैर्मूच्छिताः भवन्ति, तेऽपि यदि भगवतो नाममन्त्रं निजजीवनकाले सर्वदा जपन्ति ते अपूर्वशांतिं प्राप्नुवन्ति।



**हिन्दी टीका—**प्राप्त करता है। किसको प्राप्त करता है ? शान्ति को। कौन सा प्राणी सुशान्ति को प्राप्त करता है ? क्रुद्ध महाविषधर से डसा गया प्राणी शांति प्राप्त करता है। तो किस प्रकार से वह शांति प्राप्त करता है? सर्पविष को दूर करने में सक्षम औषधि आदि और मंत्रादि के द्वारा वह विषमूर्च्छित प्राणी भलीभाँति शान्ति को प्राप्त कर लेता है—विष रहित हो जाता है।

जैसे क्रुद्ध महाविषधर सर्प द्वारा मूर्च्छित किया गया प्राणी औषधि और मंत्रों के द्वारा शांति को प्राप्त करता है उसी प्रकार हे वीरजिनेन्द्र ! आपकी स्तुति और नाममंत्र के प्रभाव से मोहविष से मूर्च्छित जन शान्ति को प्राप्त होता है।

यहाँ कवियित्री उपमा अलंकार से समन्वित इस पद्य में श्री सन्मति जिनेन्द्र को एक कुशल वैद्य की उपमा देती हुई कहती हैं कि इस भवदुःखसिन्धु में अनादिकाल से संसारी प्राणी मोह रूपी विष से मूर्च्छित हो रहे हैं, तो भी यदि भगवान् का नाम मंत्र अपने जीवन में सर्वदा जपते हैं वे अपूर्व शान्ति को प्राप्त करते हैं।

## 17

**श्रीछन्दः**

**स्वर्णनिभा ते शुचितनुकान्तिः,**
**चन्द्रनिभा ते विततसुकीर्तिः।**
**ध्यानमहाग्नौ ज्वलितशरीरं,**
**नौम्यतिवीरं सुगुणगंभीरं।।**

**हे प्रभु ! तव शरीर कांति है, सुवर्ण सम अतिशय सुन्दर।**
**चन्द्रसमान धवल तव कीर्ति, व्याप्त हो रही त्रिभुवन भर।।**
**ध्यान महानल में तुमने, कार्मण शरीर को भस्म किया।**
**हे अतिवीर ! सुगुणगंभीर ! नमूँ तुम्हें त्रयशुद्ध सदा।।**

**अन्वयार्थ—(ते शुचितनुकान्तिः स्वर्णनिभा)** आपके पवित्र शरीर की कान्ति स्वर्ण के समान है, **(ते विततसुकीर्तिः चन्द्रनिभा)** आपकी विस्तृत कीर्ति चन्द्र के समान धवल कान्ति वाली है, **(ध्यानमहाग्नौ ज्वलितशरीरं सुगुणगंभीरं अतिवीरं नौमि)** आपने ध्यानरूपी महा अग्नि में अपने शरीर औदारिक, तैजस, कार्मण शरीर को जला दिया है, ऐसे गम्भीर गुणों के स्वामी अतिवीर भगवान को मैं नमस्कार करता हूँ।

**संस्कृत टीका—**नौमि इत्यादि क्रियापदेन व्याख्यानं प्रारभ्यते। कं जिनेन्द्रविशेषं नौमि प्रणौमि ? अतिवीरं चतुर्विंशतितमं तीर्थंकरं श्रीमहावीरं। कैः विशेषणैः संयुक्तः स वीरप्रभुः ? ते तस्य भगवतः शुचितनुकान्तिः स्वर्णनिभा शुचिश्चासौ तनुश्च शुचितनुः तस्याः कांतिः शुचितनुकान्तिः—वीरप्रभोः पवित्रदेहस्य प्रभा तप्तस्वर्णसमाना विद्यते। ते विततसुकीर्तिः चन्द्रनिभा—श्रीसन्मतिजिनेन्द्रस्य निर्मलकीर्तेः प्रसारश्चन्द्रकिरणसमानशुभ्रोऽस्ति।

पुनः कथम्भूतं श्रीमहावीरं नौमि ? ध्यानमहाग्नौ ज्वलितशरीरं ध्यानमेव महाग्निः ध्यानमहाग्निः तस्मिन् ध्यानमहाग्नौ ज्वलितं शरीरं यस्य स ज्वलितशरीरस्तं ज्वलितशरीरं सुगुणगभीरं सुष्ठुतया गुणैःगभीरः यः सः सुगुणगभीरस्तं सुगुणगभीरं



अतिवीरं नौम्यहं।

इदमत्र तात्पर्यं यत् हे वीरप्रभो ! तव शरीरकान्तिः स्वर्णसमा, तवसुयशस्कीर्तिश्च धवलचन्द्रसमा तत्र भुवने व्याप्तास्ति। त्वया निजशुक्लध्यानाग्नौ घात्यघातिसमस्तकर्माणि भस्मीकृतानि। अतएव हे भगवन् ! अनन्तगुणागारोऽसि त्वम्, अहं त्वां प्रणमामि।

**हिन्दी टीका—**''नौमि'' इत्यादि क्रियापद के द्वारा व्याख्यान प्रारंभ किया जाता है। किस जिनवर विशेष को मैं नमस्कार करता हूँ ? चौबीसवें तीर्थंकर श्रीमहावीर भगवान् को नमस्कार करता हूँ। वे वीरप्रभु किन विशेषणों से संयुक्त हैं ? उनके शरीर की कांति स्वर्ण के सदृश है और उनकी निर्मल कीर्ति का प्रसार चन्द्रकिरणों के समान धवल है।

पुनः किस प्रकार के भगवान् महावीर को मैं नमस्कार करता हूँ ? ध्यानरूपी महा अग्नि में जिन्होंने अपने शरीर को जला दिया है और सुन्दर गुणों से गंभीर हैं ऐसे अतिवीर भगवान को मैं नमस्कार करता हूँ।

यहाँ श्लोक का तात्पर्य यह है कि हे वीरप्रभो ! आपके शरीर की कान्ति स्वर्ण के समान है, आपका चन्द्रमा के समान धवल सुयश तीनों लोकों में व्याप्त है। आपने शुक्लध्यानरूपी अग्नि में अपने घाति-अघाति समस्त कर्म भस्म कर दिये हैं। अतएव हे भगवन् ! आप अनंतगुणों के आगार हैं अतः मैं आपको नमस्कार करता हूँ।

**''मानव जीवन के अमूल्य शक्ति का अपव्यय मत करो, उसका सृजनात्मक एवं चरित्र निर्माण के कार्यों में सदुपयोग करने वाला मानव ही धर्म एवं समाज को कुछ प्रदान कर सकता है।''**

**–श्री ज्ञानमती माताजी के अनमोल वचन**

# 18

**श्रीछन्दः**

**धर्म-सुधावर्षण-विधु-तुल्यः,**
**पापतमोहृद्दशशतरश्मिः।**
**मोहमहान्ध्यं त्रिभुवनजन्तुं,**
**संततमुन्मीलयति मुनीन्द्रः।।**

**धर्मसुधा बरसाने में प्रभु, पूर्णचन्द्रमा तुम ही हो।**
**दुरित अन्धेरे को हरने में, सहस्ररश्मि तुम ही हो।।**
**मोहमहातम से अन्धे हैं, त्रिभुवन के सब प्राणीगण।**
**ज्ञानौषधि से चक्षु खोलते, तुम्हीं चिकित्सक हो भगवन्।।**

**अन्वयार्थ :— (धर्म-सुधावर्षण-विधु-तुल्यः)** वे महावीर जिनेन्द्र धर्मरूपी अमृत की वर्षा करने में चन्द्रमा के समान हैं, **(पापतमोहृद्दशशतरश्मिः)** पापरूपी अन्धकार को हरने में सूर्य के समान हैं। **(मुनीन्द्रः मोहमहान्ध्यं त्रिभुवनजन्तुं संततं उन्मीलयति)** वे ही मुनीन्द्र—वीर भगवान् मोह से अन्धे हुए तीनों लोकों के प्राणियों के नेत्रों को सदैव खोलते हैं— दृष्टि प्रदान करते हैं।

**संस्कृत टीका—**''धर्म'' इति पदखण्डनारूपेण व्याख्यानं क्रियते। यः संसारिप्राणिनः उत्तमे मोक्षसुखे धरतीति धर्मः। धर्म एव सुधा धर्मसुधा तस्याः वृष्टिकरणे विधुतुल्यः, विधोःचंद्रस्य तुल्यः विधुतुल्यः ''तुल्यार्थे षष्ठी च'' इति कातन्त्रसूत्रेण षष्ठी स्यात्। शशिसमानोऽयं धर्मः सुधावर्षणं अमृतवृष्टिं करोति। स वीरो जिनेन्द्रः अस्मिन् भूतले धर्मामृतवृष्टिकरणे चन्द्रसदृशोऽस्ति। पापमेव तमः पापतमः पापतमांसि हरतीति पापतमोहृद, दशशतरश्मिः सहस्ररश्मिः सूर्योऽस्ति इदमपि सन्मतेर्विशेषणमस्ति। मोहः—मुह्यति येन



कर्मणा प्राणी तत् मोहकर्म, महान्ध्यं महान्धकारेण अन्धीकृते चक्षुषी यस्यासौ महान्ध्यस्तं मोहमहान्ध्यं, त्रिभुवनम् त्रयाणां भुवनानां समाहारः त्रिभुवनम्, जन्तुं प्राणिनं त्रिभुवनस्य जन्तुं त्रिभुवनजन्तुं संसारिप्राणिनम्, मुनीन्द्रो मुनीनामिन्द्रः पतिः स्वामी मुनीन्द्रः-श्रीवीरजिनेन्द्रः संततं सततं सर्वदा उन्मीलयति—उत्पूर्वकं मीलयति उन्मीलयति उद्घाटयति। के उद्घाटयति ? नेत्रे उद्घाटयति।

किमुक्तं भवति—उपमालंकारेण समन्वितेऽस्मिन् वीरजिनेन्द्रस्तुतेःपद्ये रचयित्री कथयति यत् श्रीसन्मतिजिनेन्द्रस्तु साक्षाच्चन्द्रतुल्यः स्यात् यतः स वसुधायाम् धर्मसुधावृष्टिं करोति, भगवतः दिव्यध्वनिना सर्वत्र यतिधर्मस्य श्रावकधर्मस्य च वृष्टिर्भवत्येव अतः विधुतुल्यकथनमिदं युक्तियुक्तं। श्रीछन्दसः द्वितीयचरणे तस्मै सन्मतिजिनेन्द्राय सूर्यस्योपमा दीयते यतः असौ वीरो लोकस्य पापान्धकारहरणे ज्ञानालोकभरणे च एकोऽपूर्वसूर्योऽस्ति। अनेनैव प्रकारेण अमीषां त्रिभुवनस्य मोहिप्राणिनाम् अनुद्घाटितनेत्राणामुद्घाटको वीरप्रभु इति कथयति श्रीज्ञानमतीमाता।

**हिन्दी टीका—**''धर्म'' इत्यादि पदखंडनारूप से व्याख्यान किया जाता है। जो संसारी प्राणियों को उत्तम मोक्षसुख में धरता है—पहुँचाता है उसे ''धर्म'' कहते हैं। धर्मरूपी अमृत की वर्षा करने में भगवान महावीर स्वामी चन्द्रमा के समान हैं। तुल्य अर्थ में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग किया है। चन्द्रमा के समान यह धर्म अमृत की वृष्टि करता है, वे महावीर जिनेन्द्र इस भूतल पर धर्मामृत की वृष्टि करते हैं इसीलिए उन्हें चन्द्रमा की उपमा प्रदान की है। पापरूपी अन्धकार को वीर भगवान रूपी सूर्य अपनी किरणों से नष्ट करते हैं अतः ''पापतमोहृद'' यह विशेषण उनके लिए श्रेष्ठ है।

जिस कर्म के द्वारा प्राणी विषयों के प्रति मूर्च्छित रहते हैं उसे ''मोहकर्म'' कहते हैं। महा-गहन मोह अन्धकार से अन्धे हो रहे हैं चक्षु जिनके वे ''मोहमहान्ध्य'' हैं। ऐसे तीनों लोकों के मोही प्राणियों

के अज्ञान नेत्रों को श्री महावीर जिनेन्द्र सदैव खोलते हैं अर्थात् उन्हें सत्पथ दिखाते हैं—मोक्षमार्ग का दिग्दर्शन कराते हैं।

सारांश यह है कि प्रस्तुत ''श्री'' छन्द में निबद्ध पद्य में वीर भगवान् की स्तुति करती हुई रचयित्री कह रही हैं कि श्री सन्मतिजिनेन्द्र तो साक्षात् चन्द्रतुल्य हैं क्योंकि वे वसुधा पर धर्मसुधा बरसाते हैं, उनकी दिव्यध्वनि से सर्वत्र मुनिधर्म और श्रावकधर्म की प्रभावना होती है इसलिए ''विधुतुल्यः'' विशेषण श्रेष्ठ है। इस ''श्री'' छन्द के द्वितीय चरण में उन्हीं सन्मति जिनेन्द्र को सूर्य की उपमा दी है क्योंकि वे वीरप्रभु संसार का पापान्धकार हरने में और ज्ञानालोक भरने में एक अपूर्व सूर्य हैं। इसी प्रकार इस काव्य की रचयित्री गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी कहती हैं कि तीनों लोकों के मोही प्राणियों के बन्द नेत्रों को वीर प्रभु ज्ञान शलाका से उद्घाटित करते हैं।

**''सीमा से अधिक किसी धर्मात्मा का स्थितिकरण करने का प्रयास नहीं करना चाहिए, अन्यथा स्वच्छ परम्परा दूषित होने का भय रहता है।''**

**''किसी भी कार्य को करने में मध्यम मार्ग का अनुसरण करो, न अधिक सोचो न बिना सोचे करो।''**

**–श्री ज्ञानमती माताजी के अनमोल वचन**

# 19

**श्रीछन्दः**

**स्यात्पदचिन्हैर्वचनपवित्रैः,**
**सिंचति भव्यान् घन इव साक्षात्।**
**सुव्रतशीलं चरितसुपूर्णं,**
**प्राक् खलु धृत्वा शिवसुखमापः।।१९।।**

**स्यात्पद से युत पवित्र वचनामृत से भविजन खेती को।**
**सिंचन करके फल युत करते, मेघसमान विभो ! तुम हो।।**
**व्रत गुण शीलादिक चरित्र को, दोष रहित पाला तुमने।**
**उस ही का फल शिवसुख पाकर, हे प्रभु ! तुम कृतकृत्य बने।।**

**अन्वयार्थ :—(स्यात्पदचिन्हैर्वचनपवित्रैः)** स्यात्पद—स्याद्वाद **(अनेकान्त)** चिन्ह से युक्त आप अपने पवित्र वचनों से **(साक्षात् घन इव भव्यान् सिंचति)** साक्षात् घन—मेघ के समान भव्यों को सिंचित करते हैं। **(प्राक् खलु)** पहले तो आपने **(सुव्रतशीलं चरितसुपूर्णं धृत्वा शिवसुखमापः)** सुव्रत—महाव्रतों को, शील को और चारित्र को पूर्णरूप से धारण करके ही मोक्ष सुख को प्राप्त किया है।

**संस्कृत टीका—**सिंचति अभिसिंचति। कः सिंचति ? श्रीवीरचतुर्विंशतितमस्तीर्थंकरोऽध्याहारः कृतः। कान् सिंचति ? भव्यान् भव्यप्राणिनां हृदयानि सिंचति। कैः प्रकारैः सिंचत्यसौ महावीरो भव्यान् ? स्यात्पदचिन्हैर्वचनपवित्रैः साक्षात् घन इव अभिसिंचति—स्यात्पदेन चिन्हिता अंकिता वाणी यस्यासौ स्यात्पदचिन्हः तै वचनपवित्रैः संसारिप्राणिनां शान्तिं तुष्टिं करोति।

पुनरपि किंविशिष्टः श्रीमहावीरः ? प्राक् खलु सुव्रतशीलं चरितसुपूर्णं धृत्वा तीर्थंकरमहावीर एव त्रिंशत्वर्षावस्थायाः प्राक् खलु पूर्णचारित्रस्वरूपं सुव्रतं महाव्रतं धृत्वा अष्टादशसहस्रशीलानि संप्राप्य शिवसुखमापः—मोक्षसुखं प्राप्तवान्।

किमुक्तं भवति ? तीर्थंकरमहावीरो निजानेकान्तमयवाण्या समस्तभव्यप्राणिनाम् चित्तभूमिमसिंचत्। स च स्वतीर्थंकरपर्याये पूर्णयुवावस्थायां सुष्ठुतया व्रतानि शीलानि च धारयित्वा पंचमुष्टिकेशलुंचनमकरोत् पश्चात् घोरातिघोरतपश्चरणं कृत्वा द्वासप्ततिवर्षायुषि शिवपदं प्राप्नोत्।

**हिन्दी टीका**—''सिंचन करते हैं'' इत्यादि क्रियापद से टीका प्रारम्भ होती है। कौन सिंचन करते हैं ? चौबीसवें तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी''। किनको सिंचित करते हैं ? भव्यप्राणियों के हृदय को। वे महावीर भगवान् किस प्रकार से भव्यहृदयों का सिंचन करते हैं ? स्यात्पद—स्याद्वाद अनेकान्तमयी पवित्र वाणी के द्वारा वे संसारी प्राणियों को शांति, पुष्टि प्रदान करते हैं।

पुनः किस विशेषण से विशिष्ट हैं श्रीमहावीर स्वामी ? तीर्थंकर महावीर की पर्याय में उन्होंने पहले तो तीस वर्ष की उम्र में सकलसंयम-रूपचारित्र महाव्रत धारण करके अठारह हजार शीलों को पालन किया। पुनः मोक्षसुख प्राप्त कर लिया।

श्लोक का सार यह है कि तीर्थंकर महावीर ने अपनी अनेकान्तमयी वाणी के द्वारा समस्त भव्यप्राणियों की चित्तभूमि का सिंचन किया और उन्होंने तीर्थंकर पर्याय में पूर्ण युवावस्था में व्रत, शीलों को धारण करके पंचमुष्टि केशलोंच किया उसके पश्चात् घोरातिघोर तपश्चरण करके बहत्तर वर्ष की आयु में शिवपद प्राप्त किया।

**श्रेयान् श्री वासुपूज्यो वृषभजिनपति, श्री द्रुमांकोऽथधर्मः,**
**हर्यंकः पुष्पदंतो मुनिसुव्रत जिनोऽनंतवाक् श्री सुपार्श्वः।**
**शांतिः पद्मप्रभोऽ रो विमलविभुरसौ वर्धमानोऽप्यजांकः,**
**मल्लिर्नेमिर्नमिर्मां सुमतिरवतु सच्छ्रीजगन्नाथधीरम्।।1।।**
**-चौबीस तीर्थंकर स्तुति (श्री जगन्नाथ कवि विरचित)**

## 20

**तोटक छन्द -**

**मुनिवन्दितपादसरोजयुगं,**
**जनताहृदयाम्बुज-भानुसमं।**
**जितमोहमहारिपुवीरजिनं,**
**प्रणमामि सुरासुरवंद्यपदं।।**

**मुनिगणवन्दित चरणसरोरूह, भविजन हृदय कमल भास्कर।**
**मोह महारिपु जीत बने तुम, वीर तुम्हें वंदन जिनवर।।**
**सुर असुरादिक वंद्य श्रेष्ठपद, पाया तुमने हे जिनराज।**
**प्रणमन करूं सदा सिरनत कर, जन्म सफल है मेरा आज।।**

**अन्वयार्थ :— (मुनिवन्दितपादसरोजयुगं)** मुनियों से वंदित हैं चरण कमल जिनके, **(जनताहृदयाम्बुजभानुसमं)** भव्यजनों के हृदय कमल खिलाने में जो सूर्य के समान हैं, **(सुरासुरवंद्यपदं)** सुर-असुरों से वंद्य जिनका श्रेष्ठ पद है, **(जितमोहमहारिपुवीरजिनं प्रणमामि)** मोह रूपी महा शत्रु को जिन्होंने जीत लिया है ऐसे वीरजिनेन्द्र को मैं प्रणमन करता हूँ।

**संस्कृत टीका**—प्रणमामि नमामि अहं वीरजिनेन्द्रं। कैर्विशेषणैः संयुक्तं श्रीवीरजिनेन्द्रं प्रणमामि ? मुनिवन्दितपादसरोजयुगं—मुनिभिः वंदितं यत्तद् मुनिवन्दितम्, मुनिवन्दितं पादकमलयुगमस्यास्तीति मुनिवन्दितपादसरोजयुगं वीरं प्रणमामि। श्रीवीरजिनेन्द्रस्य चरणयुगलस्य समस्तमुनिगणाः वन्दनां कुर्वन्ति गणधराश्चापि श्रीसन्मतेः पादकमले नमन्ति तस्य दिव्यध्वनिमवधार्य श्रावयन्ति भव्यजनान् द्वादशांगरूपेण ग्रथ्नंति च तां दिव्यवाणीं। पुनः द्वितीयपादे कथयति स्तुतिरचयित्री-जनताहृदयाम्बुज—भानुसमं—जनानां हृदयकमलानि विकसितकरणे भानुसमः तं जनताहृदयाम्बुजभानुसमं श्रीमहावीरजिनं नमाम्यहं। पुनः कथम्भूतं वीरं प्रणमामि इति प्रश्ने सति त्रोटकछन्दसः चतुर्थपादे कथयतीदं सुरासुरवंद्यपदं, सुरैश्चासुरैश्च वंद्यं श्रेष्ठपदम् यस्यासौ सुरासुरवंद्यपदः तं सुरासुरवंद्यपदं श्रीवर्धमानजिनेन्द्रम्। पुनश्च किमर्थं नमामि तं वीरजिनं ?

जितमोहमहारिपुवीरजिनं नमामि। श्रीवीरप्रभुः मोहनाम्नो महाप्रचण्डकर्मशत्रुं निहत्य अर्हदवस्थां प्राप्नोत् अतएव अमुम् विशेषणसंयुक्तं वीरजिनं प्रणमामि।

इदमत्रतात्पर्यम्—श्रीसन्मतिजिनेन्द्रस्य समवशरणे द्वादशसभासु प्रमुखसभायां मध्ये गणधरादिमुनयो वीरस्य शिष्यत्वं गृहीत्वा तिष्ठन्ति अतः तीर्थंकरमहाप्रभुस्तैर्वन्दितोऽस्ति। निजदिव्यध्वनिना स संसारिप्राणिनाम् चित्तसरोजानि विकासयति अतः भानोरूपमां ददाति कवयित्री। असौ वीरजिनेन्द्रः पुनः घातिकर्मणां मूलं मोहकर्म नाशयित्वा अर्हदवस्थां प्राप्नोत् अनेन प्रकारेण तं मोहरिपुजयी इत्थं कथयन्ति जनाः। समस्तकर्मशत्रून् जित्वा तीर्थंकरवीरजिनेन्द्रः अनन्तशक्तिमान् प्रसिद्धो जातः अतएव सुराः असुराश्च सर्वे नमन्ति जिनस्य पादकमले। अहमपि प्रभोर्पादकमलयोः वन्दित्वा निजमनुजजन्मसफलं करोमीत्यभिप्रायः।

**हिन्दी टीका—**मैं वीर जिनेन्द्र को नमस्कार करता हूँ। किन विशेषणों से संयुक्त श्रीवीरजिनेन्द्र को मैं नमस्कार करता हूँ ? मुनियों से वन्दित हैं चरण कमल जिनके अर्थात् जिनके चरणकमलों में समस्त मुनिगण वन्दना करते हैं और गणधर भी जिन्हें नमन करते हैं एवं उनकी दिव्यध्वनि को अवधारण करके भव्यजनों को श्रवण कराते हैं तथा तीर्थंकर की दिव्यवाणी को द्वादशांग रूप से ग्रथित करते हैं। पुनः श्लोक के द्वितीय चरण में स्तुति रचयित्री कहती हैं कि भव्यजनों के हृदय कमल को खिलाने में सूर्य के समान भगवान् महावीर स्वामी सुर-असुरों के द्वारा वंद्य हैं और जिन्होंने मोहरूपी महाशत्रु को जीत लिया है ऐसे महावीर जिनेन्द्र को मैं नमस्कार करता हूँ।

यहाँ तात्पर्य यह है कि श्रीसन्मतिजिनेन्द्र के समवसरण में द्वादश सभाओं में प्रमुख सभा के मध्य में गणधरादि मुनिगण तीर्थंकर की शिष्यता स्वीकार करके बैठते हैं अतः तीर्थंकर महाप्रभु उन सभी से वन्दित होते हैं। अपनी दिव्यध्वनि के द्वारा वे संसारी प्राणियों के चित्तसरोज को विकसित करते हैं अतः कवयित्री ने उन्हें सूर्य की उपमा प्रदान की है। पुनः उन्होंने-वीरजिनेन्द्र ने घातिया कर्मों का जो मूल है ऐसे मोहकर्म को नष्ट करके अर्हंत अवस्था प्राप्त कर लिया इसीलिए उन्हें सभी ''मोहमहारिपुजितजिन'' कहते हैं। तीर्थंकर वीरजिनेन्द्र समस्त कर्मशत्रुओं को जीतकर अनन्तशक्तिमान् प्रसिद्ध हो गए हैं अतएव सुर-असुर उनके पद कमलों में नमस्कार करते हैं। मैं भी प्रभु के पादपद्म की वन्दना करके अपने मनुज जन्म को सफल करूं यह अभिप्राय है।

# 21

**तोटक छन्द -**

**जय वीरजिनेश ! सदा जय भोः !**
**जिनशासनसूर्य ! मुदं कुरु कौ।**
**कुमतिं हर भव्यजनस्य विभो !**
**जय वीर ! सदा जय वीर विभो।।**

**जय जय वीर जिनेश्वर हे ! जय, सदा तुम्हारी जग में हो।**
**हे जिनशासन सूर्य ! धरा पर, नित चमको नित हर्ष करो।।**
**भव्य जनों की कुमति निवारो, हे जिनवर ! सुमतिप्रद हो।**
**जय हो जय हो वीर प्रभो ! जय वीरप्रभो ! महावीर प्रभो।।**

**अन्वयार्थ :— (भो वीरजिनेश ! सदा जय जय)** हे वीरजिनेश्वर ! आपकी सदा जय जयकार होवे **(जिनशासनसूर्य! कौ मुदं कुरू)** हे जिनशासन के सूर्य! आप पृथ्वी पर हर्ष करो **(विभो ! भव्यजनस्य कुमतिं हर)** हे प्रभो ! भव्यप्राणियों की कुमति का अपहरण कीजिए **(जय वीर! सदा जय वीर प्रभो !)** हे वीर भगवान् ! आपकी जय हो, सदा जय हो, हे वीरप्रभु ! आप जयशील रहो।

**संस्कृत टीका—**जयवीरजिनेश ! वीरश्चासौ जिनेशश्च वीरजिनेशः, जिनानां ईशः जिनेशस्तस्य संबोधने वीरजिनेश ! त्वं जय जयशीलो भव। भोः हे वीर ! सदा सर्वदा जय भवान् जयतात् सर्वदा लोकेऽस्मिन्।

जिनशासनसूर्य ! जिनानां शासनं जिनशासनं तस्य जिनशासनस्य सूर्यः जिनशासनसूर्योऽस्य सम्बोधने जिनशासनसूर्य ! हे जिनशासनसूर्य कौ मुदं कुरू। कौ—पृथिव्यां मुदं हर्षं कुरू। कुः इति शब्दस्य सप्तम्यां कौ। उक्तं च पृथ्वीशब्दस्यानेकनामानि—

''वसुधा धरणी क्षोणी क्ष्मा धरित्री क्षितिश्च कुः'' इति धनंजयनाममालायां ''कुः'' शब्दो पृथ्वीअर्थे स्यात्। तस्यां कौ—वसुधायां, धरण्यां धरित्र्यां प्राणिनाम् हे वीर! त्वं प्रसन्नतां तनुतात् इति अर्थः। विभो ! — हे प्रभो ! भव्यजनस्य—भव्यश्चासौ जनश्च

भव्यजनः तस्य भव्यजनस्य, कुमतिं—मिथ्यामतिं हर-दूरीकुरू। विभो ! हे महावीरजिनेन्द्र! त्वम् सदा—सर्वदा जय—जयतात्। भृशं भृशं जय शब्दस्यात्र प्रयोगकरणे श्रीज्ञानमतीगणिन्याः महावीरभगवन्तं प्रति भक्तिविशेषं प्रकटयति कलौ काले च वीरप्रभोरहिंसासिद्धान्तं जयशीलं कर्तुं दिग्दिगन्तरेषु प्रसारयितुं तीव्राभिलाषा प्रतीयते।

किमुक्तं भवति—श्रीमहावीरजिनेन्द्रस्यानेकान्तनामशासनं कलिकालपर्यन्तमपि जयशीलो भूयात् यतः श्रीवीरजिनेशः अस्याः अवसर्पिण्यान्तिमतीर्थंकरोऽस्ति। वीरस्य समवशरणं प्रविष्टेन इन्द्रभूतिगौतमेनापि ''जयतु भगवान्''.......... इत्यादि पदमुच्चारयता भगवतःस्तुतिःकृता। तत्क्षणं एव गौतमो सम्यग्दृष्टिर्भूत्वा दिगम्बरमुनिर्जातः, तत्क्षणमेव च भगवतो दिव्यध्वनिःप्रकटितः। सा एव दिव्यवाणी अधुनापर्यन्तं जयति भाविकालेऽपि च सा जीयात् इदमत्र तात्पर्यं।

**हिन्दी टीका**—हे वीरजिनेश ! आपकी जय हो। हे वीर ! आप संसार में सदा जयशील रहें। हे जिनशासन के सूर्य ! आप पृथ्वी पर—पृथ्वी के प्राणियों को हर्षित करो। ''कौ'' यह ''कु'' शब्द का सप्तम्यन्त है ''कु'' शब्द पृथ्वी वाचक है। जैसा कि धनंजयनाममाला में ''पृथ्वी'' शब्द के अनेक नामों में ''कु'' शब्द आया है -

''वसुधा धरणी क्षोणी क्ष्मा धरित्री क्षितिश्च कुः''

यहाँ यही अर्थ है कि उस वसुधा के प्राणियों को आप हर्षित करें। हे प्रभो ! आप भव्यजनों की मिथ्यामति को दूर करें। हे महावीरजिनेन्द्र ! आप सदा जयशील होवें। श्लोक में गणिनी आर्यिकाश्री द्वारा ''जय'' शब्द का बार-बार प्रयोग करने में उनकी भगवान महावीर के प्रति भक्तिविशेष प्रगट होती है तथा इस कलिकाल में वीरप्रभु के अहिंसा—सिद्धान्त को दिग्दिगन्त में जयशील करने की उनकी तीव्र अभिलाषा भी प्रतीत होती है।

अभिप्राय क्या है ? श्रीमहावीरजिनेन्द्र का अनेकान्तमयी जिनशासन पँचमकाल के अन्त तक जयशील होवे क्योंकि श्रीवीरजिनेश इस अवसर्पिणी काल के अन्तिम तीर्थंकर हैं। वीर भगवान के समवसरण में प्रवेश करते ही ''इन्द्रभूति'' गौतम ने भी ''जयतु भगवान्'' इत्यादि पद का उच्चारण करते हुए भगवान की स्तुति की थी। तत्क्षण ही गौतम सम्यग्दृष्टि होकर दिगम्बर मुनि बन गए और तभी भगवान् की दिव्यध्वनि प्रकट हो गई थी। वही दिव्यवाणी आज तक जयशील हो रही है तथा भविष्य में भी वह जयशील होती रहे यही यहाँ तात्पर्य है।

## 22

**तोटक छन्द -**

**जयताज्जिनशासनवृद्धिकरः,**
**तनुतात् त्वरितं शिवसौख्यसुधां।**
**कुरूतात् करूणां मयि दुःखगते,**
**धिनुतान् मम कर्मरजः कलिलं।।**

**जिनशासन वर्धन में शशि सम, त्रिभुवन में हो जयशील सदा।**
**भविजनमन आल्हादनकारी, दीजे मम शिवसौख्य सुधा।।**
**हे शरणागतवत्सल ! मुझ, दुःखितजन पर करूणा करिये।**
**भव अनन्त के संचित अब सब, कर्मधूलि झटिति हरिये।।**

**अन्वयार्थ :—(जिनशासनवृद्धिकरः जयतात्)** वृद्धिंगत जिनेन्द्र भगवान्का शासन जयशील होवे, **(शिवसौख्यसुधां त्वरितं तनुतात्)** मोक्षसुखरूपी अमृत का शीघ्र ही विस्तार होवे, **(मयि दुःखगते करूणां कुरूताात्)** मुझ दुःखी के ऊपर करूणा कीजिए तथा **(मम कर्मरजः कलिलं धिनुतात्)** मेरे कर्मरज रूपी कलिल को नष्ट कीजिए।

**संस्कृत टीका**—''जयतात्'' इति क्रियापदेन व्याख्यानं प्रारम्भ्यते। को जयतात् इति प्रश्ने सति जिनशासनवृद्धिकरः—जिनस्य शासनम् जिनशासनम् तस्य वृद्धिं समृद्धिं करोतीति जिनशासनवृद्धिकरः—जिनस्य शासनम् जिनशासनम् तस्य वृद्धिं समृद्धिं करोतीति जिनशासनवृद्धिकरः—श्रीमहावीरस्वामी सदा जयशीलो भूयात्। स एव च वीरजिनेन्द्रः शिवसौख्यसुधां त्वरितं तनुतान्—शिवस्य मोक्षस्यैव सौख्यं शिवसौख्यं शिवसौख्यमेव सुधा तां शिवसौख्यसुधां त्वरितं—शीघ्रं तनुतात्। तथा च मयि—मत्सदृशे कस्मिंश्चित् संसारिप्राणिनि दुःखगते—चतुर्गतिदुःखानि प्राप्ते सति तस्योपरि करूणां कुरूतात् दयादृष्टिं कुरू पुनश्च किम् कुरूतात् स वीरजिनेशः ? ममकर्मरजः कलिलं धिनुतात् मम संसारिप्राणिनः कर्म एव रजः कर्मरजः धूलिः, कलिलं—पापं धिनुतात् हरतु।

श्लोकस्याभिप्रायोऽयम् यत् हे शरणगतवत्सल वीरप्रभो ! त्वम् जगद्बन्धुरसि अतएव मह्यमपि करूणां कृत्वा निजहस्तावलम्बनं प्रदाय संसारसागरं तरितुं शक्तिं प्रददातु।

**हिन्दी टीका**—"जयतात्" इस क्रियापद से व्याख्यान प्रारंभ होता है जिसका अर्थ है—"जयशील होवे" "कौन जयशील होवे" ऐसा प्रश्न होने पर "जो जिनशासन की वृद्धि करने वाले हैं ऐसे महावीर स्वामी जयशील होवें" यह उत्तर प्राप्त होता है। वे वीरजिनेन्द्र मोक्षसुखरूपी अमृत को शीघ्र ही विस्तार करें और मुझ सदृश चतुर्गतिसंसार के दुःखों से दुःखित प्राणियों पर आप करूणा कीजिए। पुनः वे वीरजिनेश और क्या करें ? मेरी कर्मरूपी धूलि को नष्ट करें अर्थात् मेरे पापों का क्षालन करें।

श्लोक का यह अभिप्राय है कि हे शरणागतवत्सल वीरप्रभो ! आप जगत् के बन्धु हैं अतएव मुझ पर करूणा करके आप अपना हस्तावलम्बन प्रदान करके संसार सागर से तिरने की शक्ति मुझे प्रदान करें।

*अनमोल वचन*

**"बाबानो संयम धारण करा, भिऊ नका।"**

**भव्यात्माओ! संयम धारण करो, डरो मत।**

**-चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज**

**"सुई का काम करो, कैंची का मत बनो।"**

**जिन वचन की श्रद्धा में पत्थर की तरह अचल रहो तिनके की तरह हल्के-फुल्के नहीं।**

**-आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज**

# 23

**भुजंगप्रयात –**

**महाशुक्लसध्द्यानवैश्वानरेऽस्मिन्,**
**प्रदग्धं समस्ताष्टकर्मारिकक्षम्।**
**श्रितोऽनन्तदृग्ज्ञानवीर्यस्वसौख्यं,**
**स्तुवे केवलज्ञानभानुं जिनं तं।।**

**महा शुक्ल सद्ध्यान अग्नि में अष्टकर्मवन भस्म किया।**
**अनन्त दर्शन ज्ञान वीर्य सुख मय अनन्त गुण प्राप्त किया।।**
**केवलज्ञान सूर्य ! हे भगवन् ! जगत् चराचर देख लिया।**
**त्रिभुवन स्वामी अन्तर्यामी नमूँ भक्ति से खोल हिया।।**

**अन्वयार्थ :— (अस्मिन् महाशुक्लसद्ध्यानवैश्वानरे समस्त अष्टकर्मारिकक्षम् प्रदग्धं)** जिन्होंने महाशुक्लध्यान रूपी सम्यक् अग्नि में अपने संपूर्ण अष्ट कर्मशत्रुओं के समूह को दग्ध—दहन किया। **(अनन्तदृग्ज्ञानवीर्यस्वसौख्यंश्रितः, तं केवलज्ञानभानुं जिनं स्तुवे)** और अनन्त ज्ञान, दर्शन, वीर्य, सुख इन अनन्तचतुष्टयों को प्राप्त किया, उन केवलज्ञानसूर्य रूपी भगवान की मैं स्तुति करता हूँ।

**संस्कृत टीका**—स्तुवे—स्तुतिं कुर्वे इति क्रियापदेन सह "अहम्" इति कर्त्तापदमत्र गृह्यते। कस्य स्तुतिं कुर्वेऽहम् ? केवलज्ञानभानुं जिनं स्तुवे—केवलज्ञानमेव भानुः केवलज्ञानभानुस्तं केवलज्ञानभानुं जिनेंद्रं स्तुवेऽहं। पुनः कथम्भूतः जिनो यस्य स्तुतिर्भवति सर्वत्र ? समस्ताष्टकर्मारिकक्षम् प्रदग्धं—सम्पूर्णाष्टकर्माणि एव अरयः समस्ताष्टकर्मारयःतेषां कक्षं वनं कर्मारिकक्षं प्रकर्षतया दग्धं प्रदग्धं। त्वया भगवता सर्वकर्मवनं भस्मीकृतं एतदभिप्रायः। कस्मिन्अग्नौ प्रदग्धं कर्मारिकक्षम् महावीरेणः ? अस्मिन् महाशुक्लसद्-ध्यानवैश्वानरे—महच्च तत् शुक्लं च महाशुक्लं सद्ध्यानं महाशुक्लसद्ध्यानं तद्ध्यानमेव वैश्वनरोऽग्निः सद्ध्यानवैश्वानरः तस्मिन् महाशुक्लसद्ध्यानवैश्वानरे कर्मारिकक्षम्

दग्धवान् तीर्थंकरमहावीरप्रभुः। पुनश्च कीदृशं फलं प्राप्तोऽयं जिनेन्द्रः ? अनन्तदृग्ज्ञानवीर्यस्वसौख्यं श्रितः प्राप्तः, श्रीवर्धमानजिनेन्द्रो निजकर्मारिकक्षम् दग्ध्वा अनन्तचतुष्टयं प्राप्नोत्, तं केवलज्ञानरविं स्तुवेऽहं।

श्लोकस्याभिप्रायोऽयम् यत् श्रीमहावीरतीर्थंकरः निजशुक्लध्यानाग्निना घात्यघातिकर्माणि भस्मीकृत्य नित्यनिरंजनपदमवाप्नोत्। अधुनाऽपि तस्य सान्निध्यं प्राप्य परमात्मपदं प्राप्तुमिच्छामि, अनेनैव बारं बारं तं स्तुवेऽहं।

**हिन्दी टीका—**''स्तुति करता हूँ'' इस क्रियापद के साथ ''मैं'' इस कर्त्तापद का यहाँ ग्रहण हो जाता है। किसकी स्तुति करता हूँ ? केवलज्ञान रूपी सूर्य जिनकी मैं स्तुति करता हूँ। पुनः वे जिन किस प्रकार के हैं जिनकी सर्वत्र स्तुति होती है ? जिन्होंने सम्पूर्ण अष्टकर्मरूपी वन को भस्म कर दिया है उन तीर्थंकर महाप्रभु की स्तुति करता हूँ। कौन सी अग्नि में महावीर स्वामी ने अपने कर्मवन को दहन किया है ? महान् शुक्लध्यान की अग्नि में दग्ध किया है। पुनः उन जिनेन्द्र भगवान ने क्या फल प्राप्त किया? कर्मवनी को दग्ध करके श्रीवर्धमान जिनेन्द्र ने शिवसौख्यरूपी फल को प्राप्त कर लिया, ऐसे केवलज्ञानसूर्यरूपी भगवान का मैं स्तवन करता हूँ।

यहाँ श्लोक का अभिप्राय यह है कि महावीर तीर्थंकर ने निज शुक्लध्यान की अग्नि द्वारा घाति-अघाति कर्मों को भस्म करके नित्य निरंजन पद को प्राप्त किया। मैं भी अब उनका सान्निध्य प्राप्त करके परमात्मपद को चाहता हूँ इसीलिए बार बार मैं आपकी स्तुति करता हूँ।

# 24

**भुजंगप्रयात –**

**जिनाः ये प्रभूता भविष्यन्ति ये च,**
**तथा संति काले च संप्रत्यनन्ताः।**
**त्रिकालोद्भवांस्तान् सदा नौमि भक्त्या,**
**त्रिकालस्य दोषस्य शुद्ध्यै त्रिशुद्ध्या।।**

**भूतकाल में अनंत जिनवर हुए अभी जो होते हैं।**
**तथा भविष्यत् में अनन्त तीर्थंकर होंगे इस जग में।।**
**त्रैकालिक सब तीर्थंकर की करूं वन्दना भक्ति से।**
**त्रैकालिक दोषों की शुद्धि हेतु नमूं त्रयशुद्धि से।।**

**अन्वयार्थ :— (ये अनन्ताः जिनाः प्रभूताः ये च भविष्यन्ति तथा च सम्प्रतिकाले संति)** जो अनन्त जिनवर भूतकाल में हो चुके हैं और जो भविष्य में होंगे तथा वर्तमान काल में जो हो रहे हैं **(तान् त्रिकालोद्भवान् त्रिकालस्य दोषस्य शुद्ध्यै त्रिशुद्ध्या सदा भक्त्या नौमि)** उन तीनों कालों में होने वाले सभी जिनवरों को त्रिकाल के दोष की शुद्धि के लिए त्रिशुद्धि पूर्वक में सदा भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ।

**संस्कृत टीका—**''नौमि'' इति क्रियापदमुख्येन व्याख्यानं प्रारभ्यते। नौमि—नमस्कारं करोमि। कं नौमि ? इति प्रश्ने सति समाधानं ददाति रचयित्री—अनन्ताः जिनाः ये प्रभूता—भूतकाले ये अनन्तमहापुरूषाः सिद्धपदं प्राप्नुवन्, ये च भविष्यंति—भविष्यकाले ये सिद्धशिलां प्राप्स्यन्ति, तथा च सम्प्रतिकाले सन्ति—वर्तमानकाले च ये महासाधवः कर्माणि नष्टीकृत्य मोक्षपदं लभन्ते। तान् त्रिकालोद्भवान् जिनवरान् नौम्यहं।

कस्माद्धेतोः नमाम्यहं तान् ? त्रिकालस्य दोषस्य शुद्ध्ये—भूते भविष्यति वर्तमाने च कालेषु मयि ये दोषाः तेषां शुद्ध्यर्थं तान् जिनेन्द्रान् नमस्कुर्वेऽहं। पुनश्च केन प्रकारेण नमामि तान् ? त्रिशुद्ध्या—मनसः वाचः कर्मणश्च शुद्धिपूर्वकं, सदा—सर्वदा,

भक्त्याअतिशयानुरागंभरितो नौमि तान् सिद्धपदप्राप्तान् जिनवरान्।

श्लोकस्याभिप्रायोऽयम् यत् जम्बूद्वीपात् धातकीखंडद्वीपात् पुष्करार्द्धाच्च ये महापुरुषाः सिद्धिं यान्ति, सिद्धपदं प्राप्नुवन्ति प्राप्स्यन्ति तान् समस्तसिद्धान् नमाम्यहं। तेष्वेव सिद्धपरमात्मसु भगवतः महावीरस्यापि आत्मा सिद्धशिलायां उपरि राजते।

**हिन्दी टीका—**''नौमि'' इस क्रियापद से व्याख्यान प्रारम्भ किया जाता है जिसका अर्थ है- नमस्कार करता हूँ। ''किसको नमस्कार करता हूँ'' ऐसा प्रश्न होने पर स्तुति रचयित्री समाधान देती हैं कि जो भूतकाल में अनन्त महापुरुष सिद्धपद प्राप्त कर चुके हैं, जो भविष्य में सिद्धशिला को प्राप्त करेंगे तथा वर्तमान में जो महासाधु कर्मों को नष्ट करके मोक्षपद प्राप्त कर रहे हैं उन तीनों कालों में होने वाले जिनवरों को मैं नमस्कार करता हूँ।

किसलिए उन जिनवरों को मैं नमस्कार करता हूँ ? भूत, भावी और वर्तमान इन तीनों कालों की शुद्धि हेतु उन जिनेन्द्र भगवन्तों को मैं नमस्कार करता हूँ। पुनः किस प्रकार नमस्कार करता हूँ ? मन, वचन, काय की शुद्धि पूर्वक सदैव अतिशय अनुराग भक्ति से परिपूर्ण होकर मैं उन सिद्धपद प्राप्त जिनवरों को नमस्कार करता हूँ।

यहाँ श्लोक का यह अभिप्राय है कि जम्बूद्वीप से, धातकीखंडद्वीप से और पुष्करार्द्ध द्वीप से जो महापुरूष सिद्ध हो चुके हैं, होवेंगे और हो रहे हैं उन सिद्धों को मैं नमन करता हूँ। उन्हीं सिद्ध परमात्माओं में भगवान् महावीर स्वामी की आत्मा भी सिद्धशिला के ऊपर विराजमान है।

**सारगीं सिंहशावं स्पृशति सुतधिया नन्दिनी व्याघ्रपोतं,**
**मार्जारी हंसबालं प्रणयपरवशा केकिकान्ता भुजगींम्।**
**वैराण्याजन्मजातान्यपि गलितमदा जन्तवोऽन्ये त्यजन्ति,**
**श्रित्वा साम्यैकरूढं प्रशमितकलुषं योगिनं क्षीणमोहम्।।**
**-ज्ञानार्णव**

# 25

**भुजंगप्रयात -**

**सुनाभेयनाथादि - वीरप्रभून् तान्,**
**चतुर्विंशतिं नौमि शिरसा त्रिसन्ध्यं।**
**विदेहस्थविंशा जिनास्तान् प्रवन्दे,**
**जिनेन्द्रान् गणीन्द्रांश्च सर्वांश्च साधून्!।।**

**श्रीजिनवृषभदेव से लेकर, अन्तिम महावीरजिन तक।**
**चौबिस तीर्थंकरों का वन्दन, करूं त्रिकाल झुका मस्तक।।**
**विदेहक्षेत्रज विद्यमान, सीमंधर आदि बीस जिन की।**
**करूं वंदना त्रयकालिक, सब जिनवर गणधर मुनिगण की।।**

**अन्वयार्थ :— (सुनाभेयनाथादि वीरप्रभून् तान् चतुर्विंशतिं त्रिसन्ध्यं शिरसा नौमि)** प्रथमतीर्थंकर भगवान् आदिनाथ से लेकर श्री महावीर स्वामी तक चौबीसों तीर्थंकरों को मैं तीनों सन्ध्याओं में सिर झुकाकर नमस्कार करता हूँ। **(विदेहस्थविंशा जिनाः तान् जिनेन्द्रान् गणीन्द्रांश्च सर्वान् साधून् च प्रवन्दे)** तथा विदेहक्षेत्र के बीस विद्यमान जिनवरों की, गणधरों की एवं समस्त साधुओं की मैं वंदना करता हूँ।

**संस्कृत टीका—**''सुनाभेय'' इत्यादि पदखण्डनारूपेण व्याख्या क्रियते। सु—शोभनः पृथिव्यां नाभिराजा तस्य नाभेरपत्यं सुनाभेयः, सुनाभेयः एव नाथः सुनाभेयनाथः नाभेयनाथं आदिं कृत्वा सुनाभेयनाथादि—वीरप्रभुंतान् चतुर्विंशतितीर्थंकरान् नमस्करोम्यहं। केन विधिना नमस्करोमि ? शिरसा मस्तकेन नौमि।

पुनश्च कान् नौम्यहं इति प्रश्ने सति कवयित्री कथयति श्लोकस्योत्तरार्धे, विदेहस्थविंशा जिनाः तान् प्रवन्दे—विदेहक्षेत्राणाम् आर्यखण्डेषु विंशतितीर्थंकराः शाश्वता विराजन्ते तान् समस्तजिनेन्द्रानहं प्रवन्दे। तदनन्तरम् श्लोकस्य चतुर्थचरणस्य माध्यमेन अन्येऽपि जिनेन्द्रान् नमस्क्रियंतेऽत्र। ये महापुरुषाः निजतपोबलेन क्षपकश्रेणीमारूह्य

घातिकर्माणि नाशयंति अर्हदवस्थां प्राप्नुवन्ति संसारिप्राणिनः निजदिव्यध्वनिना उपदिशन्ति च त एव ''जिनेन्द्रा' इति संज्ञयाऽभिहिताः सन्ति। तान् जिनेन्द्रान् प्रणोम्यहं। पुनश्च तीर्थंकरभगवताम् दिव्यवाणीं द्वादशांगरूपेण ग्रथ्नन्ति ये गणधरदेवाः तान् गणधरानपि नमाम्यहं। तदनु सर्वान् साधून् वन्देऽहं—अष्टाविंशतिमूलगुणधारिणः नग्नदिगम्बरमुनयः ''साधु'' शब्देनवबुध्यंते।

अस्याम् साधुश्रेण्याम् ऋषिमुनियतिअनगाराणां समूहः चतुर्विधसंघः कथ्यतेऽथवा आचार्योपाध्यायसर्वसाधूनां समूहोऽपि साधु शब्दे समाहितोऽस्ति। तान् समस्तसाधून् प्रणमाम्यहमिति अभिप्रायोऽस्य श्लोकस्य।

**हिन्दी टीका—**''सुनाभेय'' इत्यादि पदखण्डना रूप से व्याख्यान किया जाता है। पृथ्वी तल पर सुशोभित हो रहे महाराज नाभिराज के पुत्र ''सुनाभेय'' हैं, वे नाभेय ही नाथ हैं सबके इसलिए सुनाभेयनाथ को आदि करके महावीर भगवान् तक चौबीसों तीर्थंकरों को मैं नमस्कार करता हूँ। किस विधि से नमस्कार करता हूँ ? मस्तक झुकाकर नमन करता हूँ। पुनः और किनको नमस्कार करता हूँ ऐसा पूछने पर श्लोक के उत्तरार्ध में कवियित्री श्री ज्ञानमती माताजी कहती हैं कि विदेहक्षेत्रों के आर्यखण्डों में जो बीस तीर्थंकर सदा विद्यमान रहते हैं उन समस्त जिनेन्द्रों की मैं वन्दना करता हूँ। उसके पश्चात् श्लोक के चतुर्थ चरण के माध्यम से अन्य भी जिनेन्द्रों को यहाँ नमस्कार किया है। जो महापुरुष अपने तपोबल के द्वारा क्षपक श्रेणी पर चढ़कर घातिया कर्मों का नाश कर देते हैं, अर्हंत अवस्था को प्राप्त कर लेते हैं तथा संसारी प्राणियों को अपनी दिव्यध्वनि के द्वारा उपदेश देते हैं वे ही ''जिनेन्द्र'' इस संज्ञा से संबोधित होते हैं। उन सभी जिनेन्द्रों को मैं नमस्कार करता हूँ। पुनः तीर्थंकर की दिव्य वाणी को द्वादशांग रूप से गूंथने में समर्थ गणधर देव समर्थ होते हैं उन गणधरों को भी मैं नमन करता हूँ। इसके पश्चात् सर्वसाधुओं की वन्दना करता हूँ। अट्ठाईस मूलगुणधारी दिगम्बर मुनि ''साधु'' शब्द से जाने जाते हैं।

इस साधु श्रेणी में ऋषि, मुनि, यति और अनगारों का समूह चतुर्विधसंघ कहा जाता है अथवा आचार्य, उपाध्याय और सर्वसाधुओं का समूह भी ''साधु'' शब्द में समाहित है। उन समस्त साधुओं की भी मैं वंदना करता हूँ यह इस श्लोक का अभिप्राय है।

# 26

## भुजंगप्रयात छन्द –

**महाधीरधीरं महावीरवीरं,**
**महालोकलोकं महाबोधबोधं।**
**महापूज्यपूज्यं महावीर्यवीर्यं,**
**महादेवदेवं महांतं महामि।।**

**महाधीर जन में तुम उत्तम, धीर महावीरों में वीर।**
**सभी लोक को किया विलोकन, महाज्ञान में ज्ञानी वीर।।**
**महापूज्य गणधर से पूजित, महावीर्य युत में भी वीर।**
**महादेव के देव तुम्हीं हो, महाश्रेष्ठ मैं नमूं सुधीर।।**

**अन्वयार्थ :— (महाधीरधीरं महावीरवीरं, महालोकलोकं महाबोधबोधं)**महाधैर्यशील उत्तमधीर, महावीरों में उत्तम वीर भगवान, समस्त लोकालोक को देखने वाले महावीर स्वामी और महाज्ञानियों में ज्ञानी प्रभु को **(महापूज्यपूज्यं महावीर्यवीर्यं, महादेवदेवं महान्तं महामि)** महान पूज्यों में भी पूज्य भगवान को महान शक्तिशालियों में भी शक्तिशाली को तथा महान् देवों में भी देव स्वरूप महावीर भगवान को मैं नमस्कार करता हूँ।

**संस्कृत टीका—**महांश्चासौ धीरः महाधीरः तेषु महाधीरेष्वपि धीरो महाधीरस्तं महाधीरं महामि यजामि प्रणमामि च। पुनः कथम्भूतं सन्मतिं महाम्यहं इतिप्रश्ने सति गणिनी आर्यिका कथयति महावीरवीरं उपर्युक्तप्रकारेणैव कर्मधारयसमासेन कथनमस्ति यत् महावीरपुरुषेष्वपि वीरभगवानस्ति वीरस्तं महावीरं नमामि। महालोकलोकं त्रिलोकं महांश्चासौ लोकश्च महालोकः त्रैलोक्यं तं लोकते विलोकते इति महालोकलोकं सन्मतिजिनेन्द्रं प्रणमामि। चतुर्थप्रकारेण महावीरं प्रति सम्बोधनमस्ति—महाबोधबोधं, बुध्यते अवबुध्यते इति बोधः महांश्चासौ बोधः महाबोधः तेषु महाबोधेषु महापण्डितेषु वापि बोधो ज्ञानी पूर्णज्ञानी तं महाबोधबोधं नमस्करोमि। पुनश्च महापूज्यपूज्यं महत्रूपेण पूज्येषु अपि पूज्यः वीरस्तं

महापूज्यपूज्यं नमाम्यहं। महावीर्यवीर्यं महान्वीर्यः यस्यासौ महावीर्यः तेषु महावीर्येष्वपि महावीर्यस्तं महावीर्यं नौमि। तथा च महादेवदेवं महान्तं महामि—महांश्चासौ देवः महादेवः महादेवेष्वपि देवस्तं महादेवदेवं महान्तं महाश्रेष्ठपदधारिणम् सन्मतिं स्तौम्यहमिति अभिप्रायः।

श्लोकस्य तात्पर्योऽयम् यत् चतुर्विंशतितमः तीर्थंकरो महावीरस्त्रिलोकेषु विलक्षणमहापुरुषोऽस्ति अतएव उपर्युक्तसमस्तविशेषणानि तस्मै शोभन्ते, तस्माद्धेतोः सर्वैः पूज्यः स महावीरः।

**हिन्दी टीका—**संसार में जो महान् धैर्यशाली हैं उन महान् धैर्यशालियों में भी जो महान् धीर हैं ऐसे महाधीर भगवान को मैं नमस्कार करता हूँ। पुनः किस प्रकार के सन्मति भगवान को मैं नमस्कार करता हूँ ऐसा प्रश्न होने पर गणिनी आर्यिकाश्री कहती हैं कि वीरों में वीर महावीर भगवान को मैं नमन करता हूँ। तीनों लोकों को जो देखने वाले हैं ऐसा महालोकलोक सन्मति जिनेन्द्र को प्रणाम करता हूँ। भगवान महावीर का चतुर्थ सम्बोधन है— महाबोधबोध अर्थात् महाज्ञानियों में भी जो ज्ञानी—पूर्ण ज्ञानी हैं उनको नमस्कार करता हूँ। पुनः महान पूज्य पुरुषों में भी जो पूज्य हैं उन महावीर स्वामी को नमस्कार करता हूँ। महान् शक्तिशालियों में भी जो शक्तिशाली हैं ऐसे महावीर्य स्वरूप को नमस्कार करता हूँ तथा महान् देवों में भी देव महादेव ऐसे श्रेष्ठ पदवी के धारी सन्मति भगवान की मैं स्तुति करता हूँ। यह अभिप्राय हुआ।

यहाँ श्लोक का तात्पर्य यह है कि चौबीसवें तीर्थंकर भगवान् महावीर तीनों लोकों में एक विलक्षण महापुरुष हैं अतएव उपर्युक्त समस्त विशेषण उनके लिए सुशोभित होते हैं। इस हेतु से वे महावीर स्वामी सभी के द्वारा पूज्य हैं।

# 27

**भुजंगप्रयात छन्द –**

**सुकैवल्यबोधैर्जगद्व्याप्य विष्णुः,**
**महामोहजिष्णुर्भविष्णुः सहिष्णुः।**
**विनालंकृतेः श्रीतनुर्ब्रह्मचारी,**
**नमस्तेऽतिवीराय धर्मस्य भर्त्रे।।**

**केवलज्ञान किरण से जग को, व्यापा अतः विष्णु तुम ही।**
**महामोह भट जिष्णु जग में, ख्यात भविष्णु सहिष्णु भी।।**
**अलंकार से रहित सुशोभित, सुतनु बालब्रह्मचारी हो।**
**हे अतिवीर ! धर्म के भर्ता, नमोऽस्तु तुमको मम नित हो।।**

**अन्वयार्थ :— (सुकैवल्यबोधैर्जगद्व्याप्य विष्णुः)** केवलज्ञान की किरणों से संसार को व्याप्त करके भगवान् महावीर स्वामी विष्णु हैं **(महामोहजिष्णुः भविष्णुः सहिष्णुः)** महामोह को जीतकर वे जिष्णु हैं, भविष्णु एवं सहिष्णु भी हैं। **(विनालंकृतेः श्रीतनुर्ब्रह्मचारी)** बिना आभूषणों के उनका शरीर सुशोभित है और वे बालब्रह्मचारी हैं। **(धर्मस्य भर्त्रे अतिवीराय नमस्ते)** ऐसे उन धर्म के भर्ता अतिवीर भगवान को मेरा नमस्कार होवे।

**संस्कृत टीका—**नमस्ते इति क्रियापदेन व्याख्यानं प्रारभ्यते। अर्थोऽस्य क्रियापदस्य ते तस्मै नमः। कस्मै नमः ? अतिवीराय नमः—महावीरतीर्थंकरस्येदं एकं नाम अस्ति तस्मै अतिवीराय नमः। कैर्विशेषणैर्संयुक्ताय वीराय नमस्क्रियते सांसारिकैः ? सुकैवल्यबोधैर्जगद्व्याप्य विष्णुः—सु—श्रेष्ठकेवलज्ञानकिरणैः जगत् त्रैलोक्यं व्याप्नोति जानाति चराचरजगत्प्राणिनाम् स्थितिं जानाति अवलोकते अतः विष्णुरिति संज्ञयाऽभिहितः स वीरप्रभुः।

पुनश्च द्वितीय विशेषणम् तस्य—महामोहजिष्णुः मोहकर्म सर्वकर्मणाम् राजाऽस्ति इति प्रसिद्धिः संसारे, तस्य महामोहनीयकर्मणः जेता विजेता अतिवीरः। भविष्णुः—रत्नत्रयरूपेण भवितुं शीलः यस्य स भविष्णुः श्रीमहावीरः, तच्छीलार्थेषु इष्णुच् प्रत्ययो भवति कृदन्ते।

शब्दालंकारेण समन्वितया अनया स्तुत्या श्रीज्ञानमती माता कथयति यत् स वर्धमानप्रभुः सहिष्णुरप्यस्ति। सह् धातोरिष्णुच् प्रत्ययेन सहिष्णुः इति सिद्ध्यति उपसर्गकष्टादिसहने स सदैव समर्थोऽभवत् अतएव सहिष्णुः संज्ञयाऽभिहितः। तृतीयपादे कथयति रचयित्री—विनालंकृतेः श्रीतनुः—स्वर्णाद्याभूषणैर्विनाऽपि सुशोभित ''पृथग्नानाविनाभिस्तृतीया वा'' इति कातन्त्रव्याकरणस्य सूत्रेण पंचम्यः विभक्तेःप्रयोगः स्यादत्र। ब्रह्मचारी—ब्रह्मणि आत्मनि चर्यत इति ब्रह्मचारी, महावीरस्वामी बालब्रह्मचारी विख्यातः दिगम्बर जैन पुराणग्रन्थेषु, त्रिंशत्वर्षायुषि दीक्षितोऽभवदसौ अतएव चतुर्विंशतितीर्थंकरेषु पंचबालयतीनाम् श्रृंखलायाम् अन्तिमबालयतिरूपेण अर्चितःलोके। धर्मस्य भर्त्रे अतिवीराय नमस्ते धर्मं धारयितुं क्षमः निजात्मनि परेषु चासौ धर्मस्य भर्त्ता अस्ति तस्मै धर्मस्य भर्त्रे अतिवीराय महावीराय नमस्ते तुभ्यं नमोस्तु इति कथनस्याभिप्रायः।

**हिन्दी टीका—**''नमस्ते'' इस क्रियापद के द्वारा व्याख्यान प्रारम्भ होता है। इस क्रियापद का अर्थ है तुम्हें नमस्कार होवे। किसे नमस्कार होवे ? तीर्थंकर महावीर जिनका एक नाम अतिवीर भी है, उन्हें नमस्कार होवे। किन विशेषणों से युक्त महावीर भगवान् को संसारी प्राणियों ने नमस्कार किया है? जो श्रेष्ठ केवलज्ञान की किरणों से तीनों लोकों के चराचर प्राणियों की सम्पूर्ण स्थिति जानते-देखते हैं ऐसे वीरप्रभु ''विष्णु'' इस विशेषण से सुशोभित हैं।

पुनः उनका द्वितीय विशेषण है—महामोहजिष्णु। ''मोह कर्म समस्त कर्मों का राजा हैं'' ऐसी संसार में प्रसिद्धि है। भगवान् महावीर उस महामोहनीयकर्म के विजेता हैं। पुनः वे ''भविष्णु'' हैं अर्थात् रत्नत्रयरूप परिणत होने का शीलस्वभाव है जिनका वे वीर भगवान् भविष्णु कहलाते हैं। यहाँ तच्छील अर्थ में कृदन्तानुसार ''इष्णुच्'' प्रत्यय होकर भू धातु से भविष्णु बना है। शब्दालंकार से समन्वित इस स्तुति के द्वारा श्री ज्ञानमती माताजी कहती हैं कि वे वर्धमान भगवान ''सहिष्णु'' भी हैं। सह् धातु से इष्णुच् प्रत्यय होकर सहिष्णु बनता है। उपसर्ग, कष्ट आदि सहन करने में वे तीर्थंकर भगवान् सदा समर्थ हुए अतः सहिष्णु संज्ञा से विभूषित हुए।

श्लोक के तृतीय चरण में रचयित्री कहती हैं स्वर्णादि आभूषणों के



बिना भी जिनका शरीर सुशोभित है। ''पृथग्नानाविनाभिस्तृतीया वा'' इस कातन्त्र व्याकरण के सूत्र से यहाँ श्लोक में पंचमी विभक्ति का प्रयोग हुआ है। पुनः वे महावीर स्वामी ''ब्रह्मचारी'' विशेषण से युक्त हैं क्योंकि दिगम्बर जैन पुराण ग्रन्थों में उन्हें बालब्रह्मचारी स्वीकार किया गया है। तीस वर्ष की आयु में उन्होंने जैनेश्वरी दीक्षा धारण की थी अतएव चौबीस तीर्थंकरों में पाँच बालयतियों की श्रृंखला में अन्तिम बालयति रूप से वे लोक में अर्चित हुए हैं। वे महावीर स्वामी धर्म के भर्त्ता हैं अर्थात् जो निज और पर की आत्मा में धर्म को पूरने में सक्षम हैं अतः धर्म के भर्त्ता कहलाते हैं, उन धर्मभर्त्ता अतिवीर भगवान् के लिए नमस्कार होवे यह कहने का अभिप्राय है।

**छोटेलाल इति श्रुतस्सुजनको यस्यास्ति धर्मोद्यतः।**
**गार्हस्थ्ये कुशला सतीगुणयुता माता मता मोहिनी।।**
**आर्या रत्नमती प्रसिद्धनाम्ना यज्जन्मदात्री सती।**
**वन्देऽहं स्वात्मैकसाधनरतां श्रीज्ञानमत्यार्यिकाम् ।।**

**–आर्यिका चन्दनामती**

# 28

**भुजंगप्रयात छन्द –**

**जगद्दोषहर्त्रे जगत्सौख्यकर्त्रे,**
**सुमार्गस्य धात्रे सुमुक्तिप्रदात्रे।**
**जगत्तत्ववेत्रेऽष्टकर्मारिहंत्रे,**
**शिवश्री-सुभर्त्रे त्वजस्रं नमोऽस्तु।।**

**अखिल दोष के हर्ता प्रभु तुम, अखिल सौख्य के कर्ता हो।**
**मोक्षमार्ग के तुम्ही विधाता, मुक्ति श्री के दाता हो।।**
**अखिल तत्व के तुम हो ज्ञाता, अष्ट कर्म संहारक हो।**
**शिवलक्ष्मी के भर्ता तुमको, सदा नमोऽस्तु हमारा हो।।**

**अन्वयार्थ :—(जगद्दोषहर्त्रे जगत्सौख्यकर्त्रे)** जो संसार के दोषों को हरण करने वाले हैं, जगत के सुखों को प्राप्त कराने वाले हैं **( सुमार्गस्य धात्रे सुमुक्तिप्रदात्रे)** मोक्षमार्ग के विधाता एवं मुक्ति लक्ष्मी के प्रदाता हैं **(जगत्तत्ववेत्रे अष्टकर्मारिहंत्रे)** समस्त तत्वों को जानने वाले तथा अष्टकर्म शत्रुओं को नष्ट करने वाले हैं। **(शिवश्री सुभर्त्रे तु अजस्रं नमोऽस्तु)** मुक्तिश्री के भर्ता ऐसे महावीर जिनेन्द्र के लिए मेरा सतत नमस्कार होवे।

**संस्कृत टीका**—''नमोऽस्तु'' इति क्रियापदेन व्याख्यानं क्रियते मया। कस्मै नमोऽस्तु? इति प्रश्ने सति जगद्दोषहर्त्रे—जगतां संसारिप्राणिनां दोषान् हरति योऽसौ जगद्दोषहर्ता तस्मै जगद्दोषहर्त्रे नमोऽस्तु। पुनश्च जगत्सौख्यकर्त्रे—जगतः प्राणिनाम् सौख्यं करोति विभर्ति जगत्सौख्यकर्ता तस्मै जगत्सौख्यकर्त्रे मम नमोऽस्तु। अभिप्रायोऽस्य प्रथम पादस्य यत् स्वस्य संसारिणः भाक्तिकस्य च जन्ममरणादिसमस्तदोषाणाम् हरणे क्षमो योऽसौ महावीरजिनेन्द्रस्तस्मै नमोऽस्तु।

पुनश्च कस्माद्धेतोः नमस्क्रियते सर्वैस्तस्मै वीराय ? सुमार्गस्य धात्रे—सुष्ठुमार्गः मोक्षमार्गस्तस्य सुमार्गस्य धाता विधाता तस्मै सुमार्गस्य धात्रे महावीराय नमोऽस्तु



सुमुक्तिप्रदात्रे—सु—शोभना मुक्तिः सुमुक्तिस्तस्याः सुमुक्त्याः प्रदाता सुमुक्तिप्रदाता तस्मै सुमुक्तिप्रदात्रे नमः।

जगत्तत्ववेत्रे—जगतः संसारस्य अखिलतत्त्वानि वेत्ति जानाति योऽसौ जगत्तत्ववेत्ता सन्मतिजिनेन्द्रस्तस्मै जगत्तत्ववेत्रे नमो मम। अष्टकर्मारिहंत्रे ज्ञानावरणाद्यष्टकर्मशत्रून् हन्ति यः स अष्टकर्मारिहंता तस्मै अष्टकर्मारिहंत्रे नमः। पुनश्च श्लोकस्यान्तिमचरणेन कथयति कवयित्री—शिवश्री सुभर्त्रे शिव एव श्रीःलक्ष्मी शिवश्रीः तस्याः शिवश्रियः सु—सुस्ठुतया उत्तमरीत्या विभर्ति प्राप्नोति योऽसौ शिवश्रीसुभर्त्ता तस्मै शिवश्रीसुभर्त्रे नमोऽस्तु अजस्रं सततं नमाम्यहमिति अभिप्रायः।

श्लोकस्याभिप्रायोऽयम् श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्रः समस्तकर्मशत्रून् नाशयित्वा अनन्तसुखमवाप्नोत् तदनन्तरमेव जगतः प्राणिभ्यः सुखादिकं दातुं समर्थोऽभवत्। यद्यपि वीतरागी भगवान् किमपि न करोति परेषां तथापि स्तुतौ तु व्यवहारनयस्याश्रयेण इदमपि कथनम् न दोषाय अपितु अनुभयभाषया गुणयुक्तमिदम्।

भगवतः भक्तिप्रसादेन प्राणिनां शुभकर्माणि स्वयमेव शुभरूपेण परिणमन्ति ततश्च परमार्थसिद्धिर्भवति अतएव भगवन्तं महावीरं हर्ता कर्ता धाता प्रदाता वेत्ता हन्ता भर्ता च वदन्ती ज्ञानमती माता तस्य पदयुगलम् प्रणमति अत्र।

**हिन्दी टीका**—''नमोस्तु'' इस क्रिया पद के द्वारा व्याख्यान किया जाता है। किसे नमोऽस्तु करता हूँ ? ऐसा प्रश्न होने पर कहते हैं कि जो संसारी प्राणियों के दोषों का हरण करने वाले हैं उन ''जगद्दोषहर्ता'' को नमोऽस्तु करता हूँ। पुनश्च जगत् के प्राणियों को जो सुखी करते हैं। उन ''जगत्सौख्यकर्ता'' को मेरा नमस्कार होवे। श्लोक के इस प्रथम चरण का अभिप्राय यह है कि अपने एवं संसारी भाक्तिकों के जन्म—मरणादि दोषों को हरने में जो समर्थ हैं उन महावीर जिनेन्द्र को मेरा नमस्कार होवे।

पुनः किस कारण उन वीर भगवान को सबके द्वारा नमस्कार किया जाता है ? जो सच्चे मार्ग—मोक्षमार्ग के विधाता हैं उन ''सुमार्गधाता'' विशेषण वाले महावीर भगवान को नमस्कार होवे, सुन्दर मुक्ति को देने वाले ''सुमुक्ति प्रदाता'' को नमस्कार होवे।

जो संसार के समस्त तत्वों को जानते हैं उन ''जगत्तत्ववेत्ता'' सन्मति

जिनेन्द्र को मेरा नमस्कार होवे। जिन्होंने ज्ञानावरणादि आठों कर्मों को नष्ट कर दिया है। उन "अष्टकर्मारिहन्ता" को मेरा नमस्कार होवे। पुनः श्लोक के अन्तिम चरण में कवियित्री कहती हैं कि जिन्होंने मोक्षलक्ष्मी को उत्तम रीति से प्राप्त कर लिया है उन "शिवश्री सुभर्ता" को मैं सतत नमन करता हूँ ऐसा अभिप्राय हुआ।

श्लोक का अभिप्राय यह है कि श्री वर्द्धमान जिनेन्द्र ने समस्त कर्मशत्रुओं को नाशकर अनन्तसुख को प्राप्त किया उसके पश्चात् ही जगत् के प्राणियों को सुखादि देने में समर्थ हुए। यद्यपि वीतरागी भगवान् दूसरों का कुछ भी करते नहीं हैं फिर भी स्तुति में व्यवहारनय से यह कथन भी दोषास्पद नहीं है अपितु अनुभय भाषा के द्वारा यह कहना सत्य ही है।

भगवान् की भक्ति के प्रसाद से प्राणियों के अशुभकर्म स्वयमेव शुभरूप से परिणत हो जाते हैं और तब परमार्थ की सिद्धि होती है अतएव श्री ज्ञानमती माताजी भगवान महावीर स्वामी को हर्ता, कर्ता, धाता, प्रदाता, वेत्ता, हन्ता और भर्त्ता कहती हुई उनके चरणयुगल में नमस्कार करती हैं।

**सम्प्रत्यस्ति न शान्तिसागरमुनिः चारित्रचक्री गुरुः।**
**तद्वाचः शुभमासतेऽत्र गणिनीमातुः प्रयासेन च।।**
**या रत्नत्रयधारिणी श्रुतवरा तस्याः समालम्बने।**
**वन्देऽहं स्वात्मैकसाधनरतां श्रीज्ञानमत्यार्यिकाम् ।।**
**-आर्यिका चन्दनामती**

# 29

**पृथ्वी छन्द -**

**अनंतभवसंकटे ज्वलित दुःखदावानले,**
**विचित्रजनसंकुले महति भीकरे संसृतौ।**
**भ्रमंति जिन ! देहिनो विविधकर्मपाकोदयात्,**
**त एव खलु यान्ति भक्तिवशतः सुसौख्यास्पदं।**

**दुख दावानल की ज्वाला से, ज्वलित अनन्ते भव वन में।**
**अनन्त प्राणीगण से व्यापित, महा भयंकर इस जग में।।**
**विविध विविध खल कर्म उदय से, भटक रहे जन झुलस रहे।**
**यदि वे जन तव भक्ति करें, निश्चित अनुपम पद प्राप्त करें।।**

**अन्वयार्थ :—(जिन ! देहिनः विविधकर्मपाकोदयात् अनन्तभवसंकटे ज्वलितदुःखदावानले विचित्रजनसंकुले भीकरे महति संसृतौ भ्रमन्ति)** हे भगवन् जिनेन्द्र देव ! संसारी प्राणी नाना प्रकार के कर्मोदय वश अनन्तसंसार रूपी संकट में, दुःखों की जलती हुई दावानल अग्नि में और विचित्र प्राणियों के समूहरूप भयंकर महासंसार में भ्रमण कर रहे हैं।

**(त एव खलु भक्तिवशतः सुसौख्यास्पदं यान्ति।)** वे प्राणी ही यदि कभी भक्तिवश होते हैं तब सुन्दर सुख के स्थान—मोक्षपद को प्राप्त कर लेते हैं।

**संस्कृत टीका**—जिन! हे जिनेन्द्र ! देहिनः संसारिप्राणिनो विविधकर्मपाकोदयात् विविधकर्मणां पाकः विपाकः तेषामभ्युदयो विविधकर्मपाकोदयस्तस्मात् विविधकर्मपाकोदयात् ज्ञानावरणादिनानाप्रकारकर्मोदयवशात्, अनन्तभवसंकटे न अन्तः यस्य भवस्य संसारस्यासौ अनन्तभवस्तस्मिन्नेव संकटे अनन्तभवसंकटे संसारिणोऽनादिकालात् भ्रमन्ति।

पुनश्च कथम्भूते संसारे भ्रमन्ति जनाः ? ज्वलितदुःखदावानले ज्वलितानि प्रज्वलितानि दुःखान्येव दावानल इह यस्मिन् जगति तस्मिन् ज्वलितदुःखदावानले,

विचित्रजनसंकुले च नानाजन्तुभिश्चतुर्गतिप्राणिभिः संकुलितो भरितो यत्रासौ विचित्रजनसंकुलस्तस्मिन् विचित्रजनसंकुले, भीकरे—भयंकरे, महति संसृतौ विशालसंसारे भ्रमन्ति परिभ्रमणं कुर्वन्ति।

त एव खलु—निश्चयेन ते प्राणिन एव, भक्तिवशतः—जिनवर भक्तिवशात्, सुसौख्यास्पदं—सुष्ठुः श्रेष्ठसौख्यस्यास्पदं परमपदं यान्ति—प्राप्नुवन्ति।

श्लोकस्याभिप्रायोऽयम् मत्सदृशाः असंख्यसंसारिप्राणिनो दुष्टकर्मोदयवशात् महादुःखस्वरूपे संसारे चतुर्गतिषु भ्रमन्ति। ते संसारिण एव यदि कदाचित् जिनेन्द्रस्य भक्तिं कुर्वन्ति भगवतः शरणं प्रयान्ति च तदा क्रमेण कर्माणि शिथिलीकृत्य परमपदमपि प्राप्नुवन्ति।

उक्तम् च पूज्यपादस्वामिना -

**एकापि समर्थेयं जिनभक्तिर्दुर्गतिं निवारयितुम्।**
**पुण्यानि च पूरयितुं दातुं मुक्तिश्रियं कृतिनः।।**

इदम् तात्पर्यं यत् एकापि जिनभक्तिः समस्तदुर्गतीनां निवारिका अस्ति पुण्यानि च पूरयितुं सा एव पूर्णक्षमा अस्ति, पुनश्च क्रमेण मुक्तिलक्ष्मीं दातुं समर्था भक्तिः। अमुमेवाभिप्रायं श्रीज्ञानमतीमाता अस्मिन् पृथ्वीछन्दसि प्रदर्शयति स्वयमपि च सा जिनभक्तिक्षेत्रे इन्द्रध्वज-कल्पद्रुमादिविविधमंडलविधानानां बृहत्कायग्रन्थान् विरच्य अपूर्वकार्यमकरोत्। वयमपि यदि निजजीवने भक्तिं करिष्यामः तर्हि परमपदं प्राप्तुं क्षमा भविष्यामः।

**हिन्दी टीका—**हे जिनेन्द्र भगवान् ! संसारी प्राणी अनेक प्रकार के कर्मोदय के कारण अनादिकाल से इस अनन्त संसार में भ्रमण कर रहे हैं।

पुनः किस प्रकार के संसार में प्राणी भ्रमण करते हैं ? दुःखों की दावानल अग्नि जहाँ प्रज्वलित हो रही है तथा चतुर्गति के प्राणियों से जो भरा हुआ है ऐसे भयंकर विशाल संसार में प्राणी घूम रहे हैं—भ्रमण कर रहे हैं।

वे प्राणी ही पुनः जिनवर भक्ति के वश से अनन्तसुख के स्थान रूप मोक्षधाम को प्राप्त कर लेते हैं।

श्लोक का अभिप्राय यह है कि मुझ जैसे असंख्यप्राणी दुष्ट कर्मों के उदयवश महादुःख स्वरूप चतुर्गति संसार में भ्रमण कर रहे हैं। वे ही



प्राणी यदि कदाचित् जिनेन्द्रभक्ति का आश्रय ले लेते हैं और भगवान की शरण में आ जाते हैं तब क्रम-क्रम से कर्मों को शिथिल करके परमपद प्राप्त कर लेते हैं।

आचार्य श्री पूज्यपाद स्वामी ने कहा भी है—

**श्लोकार्थ—**जिनेन्द्र भगवान् की भक्ति एक अकेली ही समस्त प्राणियों की दुर्गतियों का निवारण करने में समर्थ है और वह पुण्य को पूर्ण करके मुक्तिलक्ष्मी देने में भी समर्थ है।

यहाँ तात्पर्य यह है कि एक जिनभक्ति ही दुर्गतियों का निवारण करने में सक्षम है तथा पुण्य को पूरित करने में समर्थ है, पुनः क्रम से मुक्तिलक्ष्मी को प्रदान करने में भी वह भक्ति समर्थ है। आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी ने उसी अभिप्राय को इस पृथ्वी छन्द में दर्शाया है और स्वयं भी उन्होंने जिनेन्द्र भक्ति के क्षेत्र में इन्द्रध्वज, कल्पद्रुम आदि अनेक पूजन मंडल विधानों के बृहत्काय काव्य ग्रन्थों को रचकर अपूर्व कार्य किया है।

हम लोग भी यदि अपने जीवन में जिनभक्ति करेंगे तो निश्चित ही परमपद प्राप्त करने में सक्षम हो सकेंगे।

**जिनके उर में कल-कल बहती, गंगा की निर्मल धारा।**
**त्याग और शुभ ज्ञान मणि से, जिनने निज को श्रृंगारा।।**
**वचनों के मोती बिखरातीं, युग की पहली बालसती।**
**मेरा शत वन्दन स्वीकारो, गणिनी माता ज्ञानमती।।**

**-आर्यिका चन्दनामती**

## 30

**पृथ्वी छन्द :-**

**त्रिलोकविहरद्गिलत्सकलदेहिनं भीतिदं,**
**मृगेन्द्रमिव संमुखं खलु विलोक्य भीमं यमम्।**
**विभेति न हि भाक्तिकस्तव भवेद्धि मृत्युञ्जयः,**
**नमोऽस्तु मृतिहानये मदनजिच्च मृत्युञ्जय।।**

**तीन लोक में घूम-घूम कर, निगल रहा सब प्राणीगण।**
**क्रूर सिंह सम महा भयंकर, काल शत्रु सम्मुख लखकर।।**
**उसको भी तव भक्त जीतकर, मृत्युञ्जय बन जाते हैं।**
**स्मरजित् ! मृत्युञ्जय ! नमोऽस्तु मम मृत्यु नाश के हेतु हैं।।**

**अन्वयार्थ :— (मृत्युञ्जय ! तव भाक्तिकः त्रिलोकविहरद्गिलत्सकलदेहिनं भीतिदं मृगेन्द्रं इव भीमं यमं खलु सन्मुखं विलोक्य न हि विभेति)** हे मृत्युञ्जयी भगवन् ! आपका भक्त तीनों लोकों में विहरण करते हुए प्राणियों को भयंकर सिंह के समान निगलते हुए कालशत्रु को अपने सामने देख कर भी डरता नहीं है। **(मृत्युञ्जयः हि भवेत्)** बल्कि वह भी मृत्युञ्जयी बन जाता है। **(मदनजित् ! मृतिहानये नमोऽस्तु)** हे कामदेवविजयी भगवन् ! मृत्यु नाश करने हेतु मैं आपको नमस्कार करता हूँ।

**संस्कृत टीका—**न हि विभेति भयं न प्राप्नोति। कः कं विलोक्य न विभेति इति प्रश्ने सति प्रत्युत्तरमिव प्रतीयते इदं—भीमं यमं खलु सम्मुखं विलोक्य भयंकरकालशत्रुं निज सम्मुखमवलोक्यापि तव भाक्तिकः सम्यग्दृष्टिः श्रावको भयावस्थां न प्राप्नोति। कमिव यं दृष्ट्वा भक्तोऽसौ न विभेति ? त्रिलोकविहरद्गिलत्सकलदेहिनं भीतिदं मृगेन्द्रं इव त्रयाणां लोकानां समाहारस्त्रिलोकरतेषु त्रिलोकेषु विहरन्तः प्राणिन निगलन्निव भयंकरसिंहमिव प्रतीयते कालशत्रुः तं दृष्ट्वापि तव भक्तो न बिभेति।

पुनश्च कामावस्थां प्राप्नोत्यसौ भाक्तिकः ? मृत्युञ्जयो हि भवेत् मृत्युं जयति योऽसौ मृत्युञ्जयो भवति स भाक्तिकः।



मदनजित् ! हे कामदेवविजेता भगवन् ! मृतिहानये नमोऽस्तु मृत्युरोगनिवारणाय तुभ्यं नमोऽस्तु।

अस्य पृथ्वीछन्दसोऽभिप्रायोऽयम् यत् जिनेन्द्रभगवतः श्रद्धानी श्रावकः कालशत्रोः न बिभेति यतः सःकर्मसिद्धान्तं जानन् सन् सम्यग्दृष्टिर्भूत्वा समाधिमरणं प्रति प्रीतिं करोति।

**हिन्दी टीका—**भय को प्राप्त नहीं होता है। कौन किसको देखकर भय को प्राप्त नहीं होता है ? ऐसा प्रश्न होने पर प्रत्युत्तर दिया जाता है कि भयंकर कालशत्रु को अपने सम्मुख देखकर भी आपका भक्त—सम्यग्दृष्टि श्रावक भयभीत नहीं होता है।

किस प्रकार के यम को देखकर भक्त भयभीत नहीं होता है ? तीनों लोकों में घूमते हुए प्राणियों को निगलता हुआ जो कालशत्रु भयंकर सिंह के समान प्रतीत होता है उसे देखकर भी आपका भक्त डरता नहीं है।

पुनः वह भाक्तिक किस अवस्था को प्राप्त करता है ? वह मृत्युञ्जयी हो जाता है। हे कामदेव विजेता भगवन् ! मृत्युयोग निवारण के लिए मैं आपको नमोऽस्तु करता हूँ।

इस पृथ्वी छन्द का अभिप्राय यह है कि जिनेन्द्र भगवान का श्रद्धानी भक्त श्रावक कालशत्रु से नहीं डरता है क्योंकि वह कर्मसिद्धान्त को जानता हुआ सम्यग्दृष्टि होकर समाधिमरण के प्रति प्रीति—स्नेह करता है।

**तीर्थंकर श्री ऋषभदेव महावीर, प्रभू को करूँ नमन।**
**उनके पथ पर चलने वाले, श्रीगुरुओं को भी वन्दन।।**
**ब्राह्मी से चन्दनबाला तक, गणिनी माताओं को नमन।**
**उनकी प्रतिकृति ज्ञानमती जी, स्वीकारो मेरा वन्दन।।**
**–आर्यिका चन्दनामती**

## 31

**पृथ्वी छन्द :-**

**शरीरसुत-मित्र-सद्म-ललनादयो मे ध्रुवं,**
**विचिन्त्य बहिरात्मकः सततमेव भोगे रतः।**
**अलब्ध-परमात्मना जगति दुःखमाप्तं मया,**
**जिनेन्द्र ! भवतः सुपाहि शरणागतं सांप्रतं।।**

**तनु धन पुत्र मित्र भार्या गृह, आदि सभी मेरे निश्चित।**
**मैं हूँ उनका इस विध विषयों, में ही फंसा हुआ संतत।।**
**नहिं पाकर परमात्मा को मैं, बहिरात्मा जग में दुःखी।**
**हे जिनेन्द्र ! अब शरण तुम्हारी, गही करो रक्षा झटिती।।**

**अन्वयार्थ :— (शरीरसुतमित्रसद्मललनादयो मे ध्रुवं बहिरात्मकः विचिन्त्य सततमेव भोगे रतः)** शरीर, पुत्र, मित्र, मकान, स्त्री आदि निश्चित रूप से मेरे हैं ऐसा जानकर बहिरात्मा मनुष्य सदैव भोगों में आसक्त रहता है। **(अलब्ध परमात्मना मया जगति दुःखमाप्तं)** परमात्मा को न प्राप्त कर मैंने संसार में दुःख प्राप्त किया है **(जिनेन्द्र ! भवतःशरणागतं सांप्रतं सुपाहि)** अतः हे जिनेन्द्र भगवान् ! मैंने अब आपकी शरण ले ली है आप मेरी रक्षा करिए।

**संस्कत टीका—**हे जिनेन्द्र ! सुपाहि—सुष्ठुतया मम रक्षां कुरु। कं रक्ष ? भवतः शरणागतं साम्प्रतं तव शरणमागतो योऽसौ तं प्राणिनं—मां पाहि त्वम् अधुना। कथं रक्षेत् मां स जिनेन्द्रः? जगति अलब्धपरमात्मना मया दुःखमाप्तमस्मिन् चतुर्गतिरूपसंसारे शुद्धपरमात्मस्वरूपनिजात्मानं विस्मृत्य नानादुःखं प्राप्नोम्यहं अतः माम् रक्ष हे जिनेन्द्र ! त्वं।

किं कृत्वा दुःखं प्राप्नोमि अहं ? शरीरसुतमित्रसद्मललनादयो मे ध्रुवं विचिन्त्य बहिरात्मकः सततमेव भोगे रतः—प्रत्येकसंसारी जीवोऽहं च निजदेहं प्रति पुत्रमित्रसद्मललनादयोऽपि च ममकारभावेन संयुक्ताः तथा च एतान्येव क्षणिकसुखानि



निश्चितरूपेण स्वकीयानि मन्यन्ते प्राणिनः। तमेवं प्राणिनम् ज्ञानिनः ''बहिरात्मा'' शब्देन कथयन्ति यत् स बहिरात्मको मिथ्यादृष्टिरज्ञानी अनेनैव विविधप्रकारेण विचिन्त्य निरन्तरमेव पंचेन्द्रियविषयभोगे अनुरक्तो भूत्वा निवसति संसारे बहिरात्मा।

इतो विस्तरः—मत्सदृशाः नानासंसारिप्राणिनः संसारे मोहकर्मवशंगता शरीरकुटुम्बादीन् आत्मरूपं अवबुध्यन्ते, तत एव विविधदुःखानि प्राप्नुवन्ति। विषयभोगेषु अनुरंजिताः सन्तःपरमात्मानमपि विस्मरन्ति ते मानवाः, अधुना तु येन केन प्रकारेण भगवतो जिनेन्द्रस्य शरणं आयान्ति अतएव प्रार्थयन्ति यत् हे महावीरस्वामिन् ! सांप्रतं माम् शरणागतं भक्तं त्वम् पाहि। श्लोकस्याभिप्रायोऽयम् यत् शिवपथेच्छुकानामेका जिनभक्तिरेव नौका अस्ति।

**हिन्दी टीका—**हे जिनेन्द्र ! आप रक्षा करें। किसकी रक्षा करें ? आपकी शरण में आए हुए जो भी प्राणी तथा मैं हूँ उनकी आप रक्षा करें। वे जिनेन्द्र किस प्रकार से मेरी रक्षा करें ? इस चतुर्गतिरूप संसार मेंशुद्धपरमात्मा स्वरूप निजात्मा को भूलकर मैं नानादुःखों को प्राप्त कर रहा हूँ अतः हे जिनेन्द्र ! आप मेरी रक्षा करें।

किन दुःखों को मैं प्राप्त कर रहा हूँ ? संसार में प्रत्येक प्राणी एवं मैं अपने शरीर के प्रति, पुत्र-मित्र-स्त्री आदि के प्रति प्रेम भाव से संयुक्त हैं और इन्हीं क्षणिक सुखों को वे निश्चित रूप से अपने मानने लगते हैं। इसी प्रकार के जीवों को ज्ञानियों ने ''बहिरात्मा'' शब्द से सम्बोधित किया है कि वह बहिरात्मा मिथ्यादृष्टि अज्ञानी जीव इसी प्रकार अनेक तरह से सोचकर निरन्तर ही यह जीव पंचेन्द्रिय विषय भोग में अनुरक्त होकर संसार में निवास करते हैं।

इसी का विस्तार करते हैं—मेरे समान नाना संसारी प्राणी संसार में मोह कर्म के वशीभूत होकर शरीर एवं कुटुम्ब आदि को निजरूप समझने लगते हैं इसीलिए विविध दुःखों को प्राप्त करते हैं। विषय भोगों में अनुरंजित होकर परमात्मा को भी वे मानव भूल जाते हैं। अब वे किसी प्रकार से भगवान जिनेन्द्र की शरण में आए हैं अतएव प्रार्थना कर रहे हैं कि हे महावीर स्वामी ! अब मुझ शरणागत भक्त की आप रक्षा करें। श्लोक का अभिप्राय है कि मुक्तिपथ के इच्छुक मनुष्यों के लिए एक जिनेन्द्र भक्ति ही नौका के समान है।

# 32

**पृथ्वी छन्द :—**

**कदाचिदपि लब्धितः स्वयमिहांतरात्माभवम्,**
**तदा च इह बाह्यजान् सकलपर्ययान् वेद्मि च।**
**विशुद्धपरमात्मवत् स्वमपिबुध्यमानः स्वयं,**
**भवामि नियतं मुनीन्द्र ! परमात्मरूपः स्वतः।।**

**क्वचित् कदाचित् काललब्धि से, अन्तर आत्मा यदि हुआ।**
**तब मैंने नरसुर गति आदिक, बाह्य कर्मकृत समझ लिया।।**
**निज आत्मा को निश्चय नय से, विशुद्ध परमात्मा समजान।**
**पूर्ण चरितधर स्वयं स्वात्मरत, परमात्मा हो जाऊँ महान।।**

**अन्वयार्थ :— (कदाचिदपि लब्धितः अहम् इह स्वयं अंतरात्मा अभवम्)** कदाचित् काललब्धिवश मैं स्वयं अन्तरात्मा हो गया **(तदा च इह सकलपर्ययान् बाह्यजान् वेद्मि)** और तब सम्पूर्ण पर्यायों को बाह्य कर्मों से उत्पन्न समझ लिया। **(मुनीन्द्र ! स्वमपि विशुद्ध परमात्मवत् स्वयं बुध्यमानः नियतं स्वतः परमात्मरूपः भवामि)** हे मुनीन्द्र ! अपनी आत्मा को भी शुद्ध परमात्मा के समान समझकर मैं स्वयं निश्चय से परमात्मारूप हो जाऊँ।

**संस्कृत टीका—**भो मुनीन्द्र ! कदाचिदपि—क्वचिदपि केनापि प्रकारेण लब्धितः—काललब्धिवशात् अहमिह—जन्मनि स्वयं—चैतन्यात्मा अन्तरात्मा—सम्यग्दृष्टिः देशव्रती महाव्रती वा भूत्वा अन्तरात्मा अभवम्—अन्तरात्मनः पदमवाप्तम्। तदा चेह सकलपर्यायान्—तदा एतत्समस्तनरसुरगतिरूपपर्यायान् बाह्यजान्—कर्मशक्तिभिरेव बाह्य पुद्गलपरमाणुभिरुत्पन्नान् वेद्मि—जानामि निश्चयेन। अनेनैव कारणेन आत्मगुणान् अवबुध्य बाह्यपर्यायान् निजस्वरूपवतोऽवबुध्य परमात्मनः पदं प्राप्तुमिच्छामि।

अधुना तु महत्पुण्यवशात् अहम् निजात्मानं अन्तरात्मास्वरूपेणावाप्नोमि तदैव भगवतः समीपे आगत्य निजशुद्धभावनां प्रकटयामि। कां भावनां प्रकटीकरोमीति प्रश्ने सति पृथ्वीछन्दसः तृतीयचरणे कथयति श्रीज्ञानमती माता, हे जिनेन्द्र ! स्वमपि—निजात्मानमपि अहं विशुद्धपरमात्मवत् घात्यघातिकर्मविरहितं शुद्धसिद्धपरमात्मसदृशं बुध्यमानः—अवबुध्यमानः नियतं—निश्चितं स्वतः—स्वभावतः स्वयं—स्वकीयं परमात्मारूपः—भगवदात्मस्वरूपो भवामीत्यर्थः। परंपरया सर्वकर्मविमुक्तो भविष्याम्येवेत्यभिप्रायः।



**हिन्दी टीका—**हे मुनीन्द्र महावीर स्वामी ! मैंने इस भव में कदाचित् किसी प्रकार से सम्यग्दृष्टि, देशव्रती अथवा महाव्रती बनकर अन्तरात्मा पद को प्राप्त किया है। तब इन समस्त नर-सुर आदि गति रूप पर्यायों को कर्मरूप पुद्गल परमाणुओं से उत्पन्न आत्मा से भिन्न बाह्य मानने लगा हूँ। इसीलिए आत्मगुणों को जानकर तथा बाह्य पर्यायों को निजस्वरूप न मानकर परमात्म पद को प्राप्त करना चाहता हूँ।

अब महान् पुण्योदय से मैंने निज आत्मा को अन्तरात्मा स्वरूप से प्राप्त कर लिया है तभी भगवान के समीप आकर निज शुद्धात्मभावना को प्रकट करता हूँ। किस भावना को प्रकट करता हूँ ? ऐसा प्रश्न होने पर पृथ्वी छन्द के तृतीय चरण में श्री ज्ञानमती माताजी कहती हैं—हे जिनेन्द्र ! अपनी आत्मा को मैंने घाति-अघाति कर्मों से रहित सिद्ध, शुद्ध परमात्मा के सदृश समझ कर निश्चित रूप से परमात्मा स्वरूप हो जाऊँ ऐसा अर्थ हुआ। परम्परा से समस्त कर्मों को नष्ट कर उनसे रहित हो जाऊँगा ऐसा यहाँ अभिप्राय है।

**ज्ञानमती को नित नमूँ, ज्ञानकली खिल जाय।**
**ज्ञानज्योति की चमक में, जीवन मम मिल जाय।।**
**–आर्यिका चन्दनामती**

## 33

**पृथ्वी छन्द :-**

**त्वयैव सकलं जगद्युगपदंजसा ज्ञायते,**
**समस्तगुणपर्ययैरखिलतत्वमालोक्यते।**
**सुतत्वनयसप्तभंगवचनांबुराशौ च ते,**
**निमज्जनविधिं करोमि बहिरात्मनः शुद्धये।।**

**सकल जगत् युगपत् त्रिकालयुत, तुम्हीं जानते हो भगवन् !**
**समस्त गुणपर्यायों सह, सब द्रव्य देखते हो तत्क्षण।**
**तव वचनाम्बुधि सुनय सप्त—भंगीमय सप्ततत्वपूरित,**
**अपने दुरितपंक क्षालन को, उसमें स्नान करूँ निश्चित।।**

**अन्वयार्थ :—(त्वया एव सकलं जगत् युगपत् अंजसा ज्ञायते)** हे भगवन् ! आप सम्पूर्ण जगत को युगपत् अंजसा जानते हैं **(समस्त गुणपर्ययैः अखिलतत्वम् आलोक्यते)** और आप ही समस्त गुणपर्यायों के साथ सभी तत्वों को देखने वाले हैं **(ते च सुतत्वनयसप्तभंगवचनांबुराशौ बहिरात्मनः शुद्धये निमज्जनविधिं करोमि)** तथा आपके द्वारा प्रतिपादित तत्व, नय, सप्तभंग वचनरूपी समुद्र में मैं अपनी बहिरात्मा को शुद्ध करने के लिए स्नान करता हूँ।

**संस्कृत टीका**—''करोमि'' इति क्रियापदेन व्याख्यानं प्रारभ्यते। किं करोमि ? निमज्जनविधिं उन्मज्जनं स्नानं करोमि अहं। कुत्र ? कस्मिन् समुद्रे स्नानं करोमीति प्रश्ने सति कवयित्री कथयति यत् महावीरतीर्थंकरस्य वचनांबुराशौ निमज्जनविधिं करोम्यहं। तस्मिन् वचनाम्बुराशौ सुतत्वनयसप्तभंगमयविविधरत्नानि सन्ति।

कथं निमज्जनविधिं करोमि तस्मिन् वचनाम्बुराशौ ? बहिरात्मनः शुद्धये—अनादिकालीनकर्मकलंकयुक्तो ममात्मा बहिरात्मा अस्ति तस्य शुद्ध्यर्थं भगवतः पुण्यवचनसमुद्रे निमज्जनं करोम्यहं इति अभिप्रायः।



यस्य भगवतो वचनसरोवरेऽहं निमज्जनं कर्तुमिच्छामि तस्यैव गुणानुवादं कुर्वन्ती श्री ज्ञानमत्यार्यिका प्रदर्शयति निजभावं, त्वयैव सकलजगद्युगपदंजसा ज्ञायते—

हे भगवन् ! महावीर ! त्वम् केवलज्ञानी तीर्थंकरोऽसि अतः त्वया एव त्रिलोकस्थाः सम्पूर्णचराचरपदार्थाः ज्ञायन्ते। पुनश्च केवलदर्शनगुणेन किं दृश्यते तेन ? समस्त गुणपर्ययैरखिलतत्वमालोक्यते—लोके इह सप्ततत्वानि वर्णितानि सिद्धान्तग्रन्थेषु तानि समस्ततत्वानि तेषां गुणपर्यायसहितान्येव अवलोक्यते तीर्थंकर महावीरस्वामिना निजकेवलदर्शनशक्त्या।

इदमत्र तात्पर्यं—चतुर्विंशतितमस्तीर्थंकरमहावीरस्तीर्थंकरावस्थाया-मनन्तचतुष्टयमवाप्नोत् अतएव जगतां समस्तवस्तूनि जानाति स्म। तस्य दिव्यध्वनिरूपवाग्गंगायां सम्यग्दृष्टिजनाः स्नानं कृत्वा निजात्मानं शुद्धिं कुर्वन्ति।

**हिन्दी टीका—**'करोमि' इस क्रियापद से व्याख्यान प्रारंभ किया जाता है। क्या करता हूँ ? मैं स्नान करता हूँ। कहाँ अथवा किस समुद्र में स्नान करता हूँ ? ऐसा प्रश्न होने पर मानो कवयित्री कहती हैं कि तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी के वचनरूपी समुद्र में मैं स्नान करता हूँ। उस वचनसमुद्र में तत्व, नय और सप्तभंगमय विविध रत्न हैं। क्यों स्नान करता हूँ मैं उस वचन समुद्र में ? अनादिकाल से जो मेरी आत्मा कर्मकलंक से युक्त होकर बहिरात्मा बनी हुई है उसी की शुद्धि हेतु भगवान् के पुण्यवचनरूपी समुद्र में मैं स्नान करता हूँ ऐसा अभिप्राय है।

जिन भगवान के वचन सरोवर में स्नान करने की इच्छा करता हूँ उन्हीं का गुणानुवाद करती हुई आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी अपने भावों को प्रदर्शित करती हैं कि हे भगवान् महावीर ! आप केवलज्ञानी तीर्थंकर हैं अतः आप ही तीनों लोकों के सम्पूर्ण चराचर पदार्थों को जानते हैं। पुनः वे केवलदर्शन गुण से क्या देखते हैं ? सिद्धान्त ग्रन्थों में जो सप्ततत्व वर्णित हैं उन सभी को उनकी गुणपर्यायों के साथ वे अपने केवलदर्शन शक्ति के द्वारा देखते हैं।

तात्पर्य यह हुआ कि चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने तीर्थंकर अवस्था में अनन्तचतुष्टय प्राप्त कर लिया था इसलिए संसार की समस्त वस्तुओं को जान लिया था। उनकी दिव्यध्वनिरूपी वचन गंगा में सम्यग्दृष्टि जन स्नान करके निजात्मा की शुद्धि करते हैं।

## 34

**पृथ्वी छन्द :—**

**अचिन्त्यमहिमा त्वमेव गुणरत्नकल्पद्रुमः,**
**प्रभो ! सुगुणपत्रपुष्पदशधर्मशाखाञ्चितः।**
**अनन्तगगने गतं तव सुकीर्तिसौगंध्यकं,**
**फलं दिशति देहिनं सुखमनन्तमव्याहतं।।**

**अचिन्त्य महिमाधारी गुण-रत्नों के कल्पवृक्ष तुम ही।**
**अतुल्य गुणगण पत्र पुष्प, दश धर्मों की शाखाएं भी।।**
**अनन्त गगनांगण में फैला, यशःकुसुम सौरभ तेरा।**
**अनन्त अनुपम सौख्य मनोहर, भव्यजनों को फल देता।।**

**अन्वयार्थ :— (प्रभो ! त्वमेव गुणरत्नकल्पद्रुमः अचिन्त्यमहिमा)** हे भगवान महावीर ! आप ही गुण रत्नों के कल्पवृक्ष हैं। आपकी अचिन्त्य महिमा है। **(सुगुणपत्रपुष्पदशधर्मशाखाञ्चितः)** आपका वह कल्पवृक्ष गुणरूपी पत्र-पुष्पों से सहित है तथा दश धर्म की शाखाओं से सहित है।

**(तव सुकीर्तिसौगन्ध्यकं अनन्तगगने गतं)** आपकी कीर्तिसौरभ अनन्त आकाश में व्याप्त है। **(देहिनं अनन्त अव्याहतं सुखं फलं दिशति)** आपका वह कल्पवृक्ष संसारी प्राणियों को अनन्त अव्याबाध सुखरूपी फल प्रदान करने वाला है।

**संस्कृत टीका—**भगवतो महावीरस्य स्तुतिं कुर्वन्ती कवयित्री ज्ञानमती माता अत्र श्लोके निजभावं प्रदर्शयंतीव कथयति यत् प्रभो ! त्वमेव गुणरत्नकल्पद्रुमः हे प्रभो ! महावीर जिनेन्द्र ! त्वमेव अस्मिन् संसारे गुणरत्नसमन्वितः कल्पवृक्षोऽसि। अचिन्त्य महिमा—तस्य अचिन्त्यमहिमा भवतो महिमानं वर्णयितं विचारोऽपि न विद्यते।।

वृक्षे तु पत्रपुष्पशाखादयो भवन्ति किन्तु अस्मिन् कल्पवृक्षे कतिप्रकाराः



पत्रपुष्पशाखादयः सन्ति इति प्रश्ने सति श्लोकस्य द्वितीयचरणं प्रस्तूयते, सुगुणपत्रपुष्पदशधर्मशाखाञ्चितः—सुगुणा एव पत्राणि पुष्पाणि यस्य वृक्षस्य तथा च दशधर्मशाखाभिः रंचितः समन्वितः यस्य भगवतो गुणरत्नकल्पद्रुमः।

पुनश्च तृतीयचरणे किं कथयति रचयित्री ? तव सुकीर्तिसौगन्ध्यकं अनन्तगगने गतं—हे प्रभो ! तव गुणरत्नकल्पवृक्षस्य यशःसुरभिः अनन्तलोकालोकाकाशे व्याप्तास्ति। तथा च देहिनां सुखमनन्तमव्याहतं फलं दिशति—भगवतो गुणरत्नकल्पद्रुमाः संसारिप्राणिभ्यः अनन्तमव्याबाधसुखंफलं प्रददाति।

**हिन्दी टीका—**भगवान महावीर स्वामी की स्तुति करती हुई श्री ज्ञानमती माताजी इस श्लोक में अपने भावों को प्रदर्शित करती हुई मानो कहती हैं कि हे प्रभो ! महावीर जिनेन्द्र ! आप ही इस संसार में गुणरत्नों से समन्वित कल्पवृक्ष हैं, आपके इस कल्पवृक्ष की अचिन्त्य महिमा है।

वृक्ष में तो पत्र, पुष्प, शाखाएं आदि होती हैं किन्तु इस कल्पवृक्ष में किस प्रकार के पत्र, पुष्प, शाखादि हैं ? ऐसा प्रश्न होने पर श्लोक का द्वितीय चरण प्रस्तुत है कि वीर जिनेन्द्र का वह कल्पवृक्ष गुणरूपी पत्र और पुष्पों से सहित है तथा दशधर्मरूपी शाखाओं से समन्वित है।

पुनः काव्यरचयित्री श्लोक के तृतीय चरण में क्या कहती हैं ? हे प्रभो ! आपके गुणरत्नरूपी कल्पवृक्ष की यशः सुरभि अनन्त आकाश अर्थात् लोक और अलोक में व्याप्त है तथा वह कल्पवृक्ष संसारी प्राणियों को अनन्त अव्याबाध सुखरूपी फल को प्रदान करता है।

**त्याग तपस्या की मूरत, तुम ज्ञान ध्यान की प्रतिमा हो।**
**कलियुग की सुकुमार तपस्वी, नारी की गुण गरिमा हो।।**
**ब्राह्मी माँ के पदचिन्हों पर, चलकर लुटा रहीं चन्दन।**
**गणिनी माता ज्ञानमती जी, स्वीकारो मेरा वन्दन।।**
**–आर्यिका चन्दनामती**

## 35

**नमोऽस्तु परमात्मने सकललोक-चूड़ामणे !,**
**नमोऽस्तु जिनवीर ! धीर ! भगवन् ! महावीर ! ते।**
**नमोऽस्तु जिनपुंगवाय जिनवर्धमानाय मे,**
**नमोऽस्तु जिनसन्मते ! वितनु सन्मतिं मे सदा।।**

**नमोऽस्तु तुमको सकल लोक के, चूड़ामणि हे परमात्मन्।**
**नमोऽस्तु तुमको वीर ! धीर ! महावीर प्रभो ! त्रिशलानन्दन।।**
**नमोऽस्तु तुमको जिनपुंगव ! जिनवर्धमान ! हे प्रभु अतिवीर।**
**नमोऽस्तु मेरा हे सन्मति प्रभु ! मुझको सन्मति दो जिनवीर।।**

**अन्वयार्थ :— (सकललोकचूड़ामणे परमात्मने नमोऽस्तु)** सम्पूर्ण लोक के चूड़ामणि परमात्मा को मेरा नमस्कार होवे। **(जिनवीर ! धीर ! भगवन् ! महावीर ! ते नमोऽस्तु)** हे जिनेन्द्र वीर प्रभो ! धैर्यशाली महावीर भगवन् ! आपको मेरा नमोऽस्तु होवे। **(जिनपुंगवाय जिनवर्धमानाय मे नमोऽस्तु)** जिनवरों में श्रेष्ठ वर्धमान भगवान को मेरा नमस्कार होवे। **(जिनसन्मते ! नमोऽस्तु, मे सदा सन्मतिं वितनु)** हे सन्मति जिनेन्द्र ! आपको मैं नमस्कार करता हूँ, आप मुझे सदा सद्बुद्धि प्रदान करें।

**संस्कृत टीका—**''नमोऽस्तु'' इति क्रियापदमुख्यतया अस्मिन् श्लोके कथनमास्ते। परमात्मने सकललोकचूड़ामणे ! नमोऽस्तु—अस्मिन् पदे काव्यरचयित्री आर्यिका श्री ज्ञानमती माता कथयति यत् परमं उत्कृष्टपदं तं प्राप्तः योऽसौ परमात्मा तस्मै परमात्मने, सकललोकचूड़ामणे—त्रिलोकस्य शिखामणिः सिद्धपरमात्मा महावीरजिनेन्द्रः तस्य संबोधनं हे सकललोकचूड़ामणे ! मम नमोऽस्तु।

द्वितीयचरणे सम्बोधनं कुर्वन्ति कवयित्री नमस्करोति, जिनवीर ! धीर ! भगवन् ! महावीर ! ते-तुभ्यं नमोऽस्तु। पुनश्च तृतीयचरणेऽपि भगवन्तं प्रति नुतिभावं प्रदर्शयंतीव कथयति—जिनपुंगवाय जिनवर्धमानाय मे नमोऽस्तु जिनानां पुंगवः श्रेष्ठः योऽसौ जिनपुंगवस्तस्मै जिनपुंगवाय जिनवर्धमानाय मे—मम नमोऽस्तु।



पुनः चतुर्थचरणे सन्मतिं जिनेन्द्रं नमोऽस्तु कृत्वा निजमनसि सद्बुद्धेः प्राप्तुमिच्छया भावयति—जिनसन्मते ! नमोऽस्तु।

अत्र मुहुर्मुहुः कथं नमस्क्रियते ? मे सदा सन्मतिं वितनु—हे सन्मति जिनेन्द्र ! मम मतिं बुद्धिमपि सत्—सन्मतिजिनेन्द्रस्य स्तवेन स्तोतुः मतिरपि सम्यक् भवति अतएव सदा सर्वदा अन्तिमतीर्थंकरस्य वीरतीर्थंकरस्य स्तुतिः कर्तव्या।

**हिन्दी टीका—**''नमोऽस्तु'' इस क्रियापद की मुख्यता से इस श्लोक में कथन किया गया है। प्रथम पद में काव्यरचयित्री आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी कहती हैं कि जिन्होंने परम—उत्कृष्ट पद प्राप्त कर लिया है उस परमात्मा को नमस्कार हो तथा तीन लोक के शिखामणि सिद्धपरमात्मा हे महावीर जिनेन्द्र ! आपको मेरा नमस्कार होवे।

द्वितीय चरण में भी भगवान को सम्बोधित करती हुई कवयित्री नमस्कार करती हैं—हे जिनवीर ! धीर ! भगवान् ! महावीर ! आपको मेरा नमस्कार है। पुनः तृतीय चरण में भी भगवान के प्रति विनत भाव को प्रदर्शित करती हुई कहती हैं कि जिनों में श्रेष्ठ जिनपुंगव को, वर्धमान भगवान को मेरा नमस्कार होवे। आगे चतुर्थ चरण में सन्मति जिनेन्द्र को नमोऽस्तु करके निज मन में सद्बुद्धि प्राप्ति की इच्छा से भावना भाती है कि हे सन्मतिजिनेन्द्र ! आपको मेरा नमस्कार है।

यहाँ प्रश्न उठता है कि भगवान को बार-बार नमस्कार क्यों किया जाता है ? इसका उत्तर यह है कि सन्मति प्रभु को नमन करने से मेरी बुद्धि भी सम्यक् रूप हो जावेगी।

यहाँ तात्पर्य यह है कि सन्मति भगवान के स्तवन से स्तुति करने वाले भक्त की बुद्धि भी सम्यक् होती है अतएव सदा उनकी भक्ति-स्तुति करनी चाहिए।

**सदी बीसवीं की प्रथम, क्वांरी कन्या आप।**
**ब्राह्मी माता के सदृश, ज्ञानमती जी मात।।**
**-आर्यिका चन्दनामती**

## 36

**आर्या छन्दः—**

**यो जिनवीरस्तोत्रं, पठति समाहितमनास्त्रिसन्ध्यं भक्त्या।**
**सकलज्ञानमतिं सोऽर्हद्गुणलक्ष्मीं ध्रुवं लभते।।**
**इस विधि श्रीजिनवीरस्तुति को जो एकाग्रमना होकर,**
**नित्य त्रिसन्ध्या में पढ़ते हैं, भक्ती से हर्षित होकर।**
**वे भाक्तिकजन स्वयं शीघ्र ही, घाती कर्म नशाते हैं,**
**केवल "ज्ञानमती" अर्हंत, प्रभु की लक्ष्मी पाते हैं।।**

**अन्वयार्थ :— (यः समाहितमनास्त्रिसन्ध्यं भक्त्या जिनवीरस्तोत्रं पठति)** जो मनुष्य एकाग्रमन से सहित होकर तीनों संध्याओं में महावीर भगवान के इस स्तोत्र को पढ़ता है। **(सः सकलज्ञानमतिं अर्हद्गुणलक्ष्मीं ध्रुवं लभते)** वह केवलज्ञानरूप अर्हंत की गुणलक्ष्मी को निश्चित रूप से प्राप्त कर लेता है।

**संस्कृत टीका—**यो—भव्यप्राणी पठति—स्मरति। किं पठति ? जिनवीरस्तोत्रं महावीरजिनेन्द्रस्य गुणस्तवनं पठति। कदा किं कृत्वा च पठति जिनवीरस्तोत्रं ? समाहितमनास्त्रिसन्ध्यं भक्त्या—मनसा सहित एकाग्र्यमनाश्च भूत्वा तिसृसु सन्ध्यासु भक्त्या पठति यो जिनवीरस्तोत्रं।

कां लभते असौ भक्तः ? सकलज्ञानमतिं अर्हद्गुणलक्ष्मीं ध्रुवं लभते—सकलं सम्पूर्णं ज्ञानम् केवलज्ञानं अर्हतो भगवतो गुणलक्ष्मीं ध्रुवं निश्चितमेव प्राप्नोति स भक्तः।

श्रीवीरजिनस्तोत्रस्य अस्मिन् पद्ये उपसंहारं कुर्वन्ती सती आर्यिका श्रीज्ञानमती माता स्तोत्रफलं प्रदर्शयति यत् भगवतो भक्तिप्रसादेन वयमपि निजपरमात्मतत्वं प्रकटीकर्तुं समर्थयामः

अस्यां विशंतितमशताब्द्यां प्रथमाचार्यश्चारित्रचक्रवर्तिश्रीशान्तिसागरः प्रथमपट्टाचार्य श्रीवीरसागरस्य शिष्या चारित्रचन्द्रिकागणिनीआर्यिका श्रीज्ञानमती माता तया विरचितेयं श्रीवीरजिनस्तुतिः।

तस्याः शिष्याहं आर्यिकाचन्दनामतिः निजरूक्षशब्दैरियं लघुसंस्कृतटीकां अरचयम्। षट्त्रिंशत्श्लोकात्मकमिदं इदं स्तोत्रं अतिशयभक्तिभरितं विद्यते। अस्मिन् सन्मति गुणानुवादमयकाव्यग्रन्थे वीरजिनेन्द्रस्य पञ्चकल्याणकादिविभववर्णनम् वर्तते तथा च तीर्थंकरनामकर्मप्रकृतेर्महत्वम्, आर्हन्त्यपदस्य विभूतेर्महिमा, सिद्धावस्थाप्ररूपणं, सिद्ध



गुणस्तवनेन सर्वकार्यसिद्धिः स्याद्वादमयामृतवचनं चेत्यादि व्याख्यानं दृश्यते।

अस्य स्तोत्रस्य माहात्म्यं ज्ञात्वा वीरजिनेन्द्रं प्रति निजश्रद्धां दढ़ीकत्य निर्दोषμ सम्यग्दर्शनम् पालनीयम् भव्यजनैः। ममापि सम्यग्दर्शनम् सततं स्थिरं भूयात् रत्नत्रयं च पूर्णतां लभेत इति कामयेऽहं।

**हिन्दी टीका—**जो भव्यप्राणी महावीरजिनेन्द्र के इस गुणस्तवन को पढ़ते हैं। कब और किस रूप में पढ़ते हैं ? तीनों सन्ध्याओं में एकाग्रमना होकर भक्तिपूर्वक जो इस स्तोत्र को पढ़ते हैं।

इसे पढ़कर भक्त किस चीज की प्राप्ति करते हैं ? सम्पूर्णज्ञान केवलज्ञानरूप अर्हंत गुण लक्ष्मी को निश्चितरूप से भक्त प्राप्त कर लेते हैं।

श्री वीरजिनस्तोत्र का इस श्लोक में उपसंहार करती हुई गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी स्तोत्र के फल को प्रदर्शित करती हैं कि भगवान् की भक्ति के प्रसाद से हम भी निजपरमात्मतत्व को प्रकट करने में समर्थ हो सकते हैं।

इस बीसवीं शताब्दी में प्रथम आचार्य चारित्रचक्रवर्ति श्रीशान्तिसागर हुए हैं। उनके प्रथम पट्टाधीश आचार्य श्री वीरसागर महाराज की शिष्या चारित्रचन्द्रिका गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी के द्वारा रचित यह महावीर स्तोत्र है। उनकी शिष्या मैं आर्यिका चन्दनामती हूँ मैंने अपने रूक्ष शब्दों के द्वारा यहमहावीर ज्योति नामक लघु संस्कृत टीका रची है। छत्तीस (३६) श्लोकों में निबद्ध यह स्तोत्र अतिशय भक्ति से भरित है।

इस सन्मति गुणानुवादमयकाव्य ग्रन्थ में भगवान महावीर के पंचकल्याणक आदि वैभव का वर्णन है, तीर्थंकर नामकर्म प्रकृति का महत्व है, आर्हन्त्यपद की विभूति की महिमा का वर्णन है, सिद्ध अवस्था का प्ररूपण है, सिद्ध गुणों के स्तवन से सर्वकार्यसिद्धि दर्शाई गयी है तथा स्याद्वादमय अमृत वचन इत्यादि का व्याख्यान किया गया है।

इस स्तोत्र का माहात्म्य जानकर वीरजिनेन्द्र के प्रति भव्यप्राणियों को अपनी श्रद्धा दृढ़ करके निर्दोष सम्यग्दर्शन का पालन करना चाहिए। मेरा सम्यग्दर्शन भी सदैव स्थिर होवे एवं रत्नत्रय की मुझमें पूर्णता होवे वीर प्रभू से मेरी यही प्रार्थना है।

**"इति श्री महावीरस्तोत्रस्य महावीरज्योतिः टीका समाप्ता"**